राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान ...

राष्ट्रपति बनने के 9 दिन भीतर चीन पहुंचे 11

वर्ष : 12 | अंक : 36 | पटना, शुक्रवार, 17 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

संक्षिप्त खबरें

मोदी ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री पर हमले की कड़ी निंदा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को स्लोवाकिया के अपने समकक्ष रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी की निंदा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।मोदी ने कहा कि इस घड़ी में भारत स्लोवाकिया के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। स्लोवाकिया के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को हैंडलोवा शहर में एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर लोगों का अभिवादन कर रहे प्रधानमंत्री फिको पर कई गोलियां चलाई गईं। फिको (59) इस समय अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

दीघा के पास भयावह सड़क हादसा, चार पर्यटकों की मौत

कोलकाता। पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा के निकट गुरुवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मारिशदा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 116बी पर एक छोटा चार पहिया वाहन एक बस से टकरा गया। चार पहिया वाहन (कार) का अगला हिस्सा मुड़कर बस के नीचे घुस गया। बोनट से लेकर आगे की दो सीटों तक के हिस्से बस के अंदर घुस गए। कार से चार पर्यटक दीघा जा रहे थे। इन सभी की मौत हो गई है। सभी नदिया के रहने वाले बताए गए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने सीतामढ़ी में चुनावी सभा को किया संबोधित

पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे : शाह

बोलें-140 करोड़ का महान भारत है, वह किसी से नहीं डरता

प्रात : किरण

सीतामढी/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे। सीतामढ़ी से राजग उम्मीदवार देवेश चंद्र ठाकुर के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यहां कहा, ये कांगेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, उनके पास (पाकिस्तान के पास) एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आपको डरना है तो डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, ये 140 करोड़ का महान भारत है, वह किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया,ये कांग्रेस पार्टी और लालू एंड कंपनी ने 70 साल तक अनुच्छेद 370 को एक बच्चे की तरह गोदी में खिलाती रही। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, उन्होंने पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। ये लालू बाबा और राहुल जी कहते थे, 370 मत हटाओ, वहां खून की नदियां बह जाएंगी। पांच साल हो गए, खून की नदियां छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी और राजद कई साल तक राम मंदिर के प्रश्न को लटकाते, अटकात, भटकाते रहे। मोदी जी को, बिहार वालो, आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, पांच साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर जय श्रीराम कर दिया। वहां मोदी जी ने जय सियाराम का नारा दिया। पहले संघर्ष का नारा जय श्री राम था, मोदी जी ने आगे मां सीता को जोड़कर भक्ति और समर्पण का नारा दिया- जय सियाराम। जब इसकी प्राण प्रतिष्ठा हुई, तब लालू जी, उनके बेटे, खरगे जी, राहुल बाबा, सबको निमंत्रण दिया गया। कोई नहीं गया। क्यों नहीं गए, मालूम है, वे अपनी वोट बैंक से डरते हैं, हम भाजपा वाले उस वोट बैंक से नहीं डरते हैं। उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बनाया। एक काम पूरा हुआ। अब मां सीता की जन्म भूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है। रामलला के मंदिर से अपने आपको दूर रखने वाले वह नहीं बना सकते। सीता माता का भाव, उनके त्याग, समर्पण, तपस्या और आदर्श के अनुरूप स्मारक/मंदिर अगर कोई बना सकता है तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही बना सकती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाकर जाता हूं, न केवल भारत, न केवल बिहार, न केवल पूर्वांचल, मिथिलांचल, पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र हमारा सीतामढ़ी बने, ऐसा भव्य मंदिर बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा, मोदी जी ने सहकारी विभाग शुरू किया है, रीगा का चीनी मिल शुरू करने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की है। अब इसमें इथेनॉल, चीनी, गुड़ बनेगा और इसका मुनाफा सीधे रीगा के किसानों के खाते में जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया, कोरोना महामारी के वक्त तेजस्वी और राहुल बाबा कह रहे थे कि ये मोदी टीका है, मत लीजिए। ये तो अच्छा है कि बिहार वाले राहुल बाबा की सुनते नहीं हैं, सबने टीका लगा लिया।

सीएम नीतीश ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील मोदी को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व सुशील कुमार मोदी के राजेन्द्र नगर स्थित आवास पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही स्व सुशील कुमार मोदी की धर्मपत्नी श्रीमती जेसिस जार्ज जी से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। सीएम नीतीश के साथ बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी और राज्यसभा सांसद संजय झा भी मौजूद थे। थोड़ी देर मुलाकात के बाद सीएम नीतीश सुशील मोदी के आवास से निकल गए। दरअसल, 13 मई को सुशील मोदी का निधन हो गया। सुशील मोदी 72 साल के उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिए। सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कैंसर होने की जानकारी दी थी। वहीं इसके 40 दिन बाद ही सुशील मोदी का निधन हो गया। सुशील मोदी ने दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। 14 मई को सुशील मोदी का पार्थिव शरीर पटना आया। जिसके बाद राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

पीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना

कोई भी सीएए को खत्म नहीं कर सकता : मोदी

सपा, बसपा व कांग्रेस ने सीएए के नाम पर देश को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया

प्रात : किरण

आजमगढ़/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को आजमगढ़ में भाजपा सांसद व प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोई माई का लाल सीएए को खत्म नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सपा बसपा कांग्रेस ने सीएए के नाम पर झूठ फैलाया। पूरे देश को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया। इंडी गठबंधन वाले कहते हैं जिस दिन मोदी जायेगा यह सीएए भी जायेगा। देश का हर नागरिक जान गया है कि वोट बैंक की राजनीति कर हिन्दू मुसलमान को लड़ाकर सेक्युलरिज्म का चोला पहनरखा था। आपकी सच्चाई बाहर नहीं आ रही थी लेकिन मोदी ने आपकी सच्चाई उजागर कर दी है। आपने देश को 7 दशक तक साम्प्रदायिकता की आग में जूझने के लिए मजबूर कर दिया था।

इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह फंस चुकी :

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह फंस चुकी है। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे हैं। कांग्रेस के शहजादे ने तो राम मंदिर को गालियां देने का मिशन ही चला रखा है। वोटबैंक के लिए यह लोग हमारी आस्था पर चोट कर रहे हैं। मोदी ने कहा भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर कितना भरोसा है। इसका उदाहरण सीएए कानून है। इसके तहत शरणार्थियों को कल नागरिकता दी गई। यह वे लोग हैं जो भारत के बंटवारें में बाहर चले गये थे। इंडी गठबंधन वाले लोग महात्मा गांधी की बातों को याद नहीं रखते। महात्मा गांधी ने कहा था कि वे कभी भी भारत आ सकते हैं।

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

माता जानकी के प्राकट्य दिवस **'जानकी नवमी'** के पावन अवसर पर मैं बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

माँ जानकी भारतीय नारी का आदर्श तथा त्याग, तपस्या, संयम, साधना, धैर्य और प्रेम की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने जीवन की चुनौतियों, संघर्षों एवं क्लेशों का साहसपूर्वक सामना करते हुए अपने सभी कर्त्तव्यों का पालन पूर्ण समर्पण के साथ किया। उनकी सत्यनिष्ठा, चरित्रनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता और पवित्रता हमारे लिए प्रेरक हैं।

मेरी कामना है कि जगत जननी माँ सीता हमें उच्चादर्शों पर चलने तथा देश एवं राज्य के विकास में सहभागी बनने की यथेष्ट प्रेरणा व शक्ति प्रदान करें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 00715 (Governor Secretariat) D. 2024-25

भाजपा से परेशान है देश की जनता चुनाव में सिखाएगी सबक : तेजस्वी

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर भाजपा व केन्द्र सरकार पर हमला बोला है। गुरूवार को मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिन्होंने पेपर लीक कराया, देश के युवा इस बार उनका पेपर लीक कर देंगे। तेजस्वी ने कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी से परेशान है। इसलिए देश की जनता 2024 में बदलाव चाहती है। तेजस्वी ने कहा कि इस देश के युवा नाराज हैं, उन लोगों से जिन्होंने पेपर लीक कराया। देश का युवा कह रहा है कि पेपर लीक करानेवाले बीजेपी का चुनाव हम लीक करा देंगे। राजद नेता ने कहा कि बीजेपी का काम सिर्फ नकारात्मक और झूठ बोलकर देश की जनता को बेवकूफ बनाना है। इसलिए देश की जनता इस बार उनके झांसे में नहीं आएगी। वह सब समझ चुकी है। सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर बनाने की अमित शाह की घोषणा को लेकर भी तेजस्वी ने कहा वहां मंदिर तो हम बनवा रहे हैं। जब हम पर्यटन मंत्री तो मैंने ही वहां मंदिर बनाने के काम की शुरूआत की थी।

97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने डाले वोट

चार चरणों में 67 प्रतिशत हुआ मतदान : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली/एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। उसका यह भी कहना है कि करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। आयोग ने बयान में मतदाताओं का आह्वान किया कि वे आने वाले चरणों में मतदान के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलें। उसके अनुसार, 13 मई को हुए चौथे चरण में अद्यतन मतदान 69.16 प्रतिशत था, जो 2019 के संसदीय चुनावों में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अंक अधिक है।

लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान के लिए अद्यतन मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा। 2019 के आम चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। गत, 26 अप्रैल को हुए चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग ने कहा कि संसदीय चुनाव के शेष तीन चरणों में मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और सुविधा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को कदम उठाने के लिए कहा गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, आयोग का दृढ़ विश्वास है कि साझेदारी और सहयोग मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आवश्यक स्तंभ हैं।

इस गर्मी हम मिल के देंगे

चमकी को धमकी

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

मस्तिष्क ज्वर/ दिमागी बुखार/ ए.ई.एस.

के रोकथाम में ये 3 धमकियाँ याद रखें

1 खिलाओ

बच्चे को रात में सोने से पहले भरपेट खाना जरूर खिलाएँ

2 जगाओ

रात के बीच में एवं सुबह उठते ही देखें कि कहीं बच्चा बेहोश या उसे चमकी तो नहीं

3 अस्पताल ले जाओ

बेहोशी या चमकी दिखते ही आशा को सूचित कर तुरंत 102 एम्बुलेंस या उपलब्ध वाहन से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जायें

गर्मी का मौसम मतलब चमकी बुखार का डर। पर इस साल नहीं! क्योंकि हम तैयार हैं। चमकी को एक नहीं, तीन चोट मारेंगे।

हेल्पलाइन नंबर: 104 (टॉल फ्री)

नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा हेतु डॉयल करें- 102 (टॉल फ्री)

PR No.- 000497 (Health)D. 2024-25

संक्षिप्त खबरें

शराब के साथ एक गिरफ्तार

फतुहा। गुरुवार को आरपीएफ द्वारा प्लेटफार्म संख्या 6 से 18.360 लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस बल द्वारा प्लेटफार्म संख्या 6 पर निगरानी और जांच के दौरान पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति को एक नेवी ब्लू कलर का ट्रॉली बैग लेकर संदेहास्पद स्थिति में देख शक के आधार पर ट्रॉली बैग को चेक किया गया तो उसके अंदर से 88 अदद 8पीएम टेट्रा पैक व्हिस्की धारिता 180 एमएल कुल मूल्य 12240 रुपए पाया गया। उक्त का व्यक्ति नाम नीरज राज (25वर्ष) सा.चमहूरा थाना - एकंगरसराय जिला - नालंदा है । इस संबंध में उचित कागजात तैयार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी फतुहा को सुपुर्द किया गया है।

रविशंकर ने फतुहा में एनडीए कार्यालय का किया उद्घाटन

फतुहा। शहर के एनएच30ए रोड में डाक-बंगला के पास पटना साहिब लोकसभा के अन्तर्गत फतुहा विधानसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सांसद वर्तमान एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने पूजा और फीता काटकर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी और संचालन जिला मंत्री शोभा देवी ने किया। मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, जद यू नेता पूर्व एमएलसी वाल्मिकी सिंह, भाजपा नेत्री पिंकी कुशवाहा, लोकसभा संयोजक रामजी सिंह, लोकसभा विस्तारक भैया लाल माथुरी, विधानसभा प्रभारी कुंवर विजय पासवान, विधानसभा विस्तारक सुरेश सिंह पटेल, लोजपा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, लोजपा अध्यक्ष अनिल चंद्रवंशी, जद -यू अध्यक्ष रंधीर यादव, अनुरोध कुमार, सतपाल सिंह आजाद, भाजपा के रामजी प्रसाद,अभिषेक झा, अनामिका अग्रवाल, अरुण झा, पूनम केसरी, रंजना पटव समेत एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पाटलिपुत्र लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

दानापुर ख़गौलः नगर के अंतर्गत पाटलिपुत्र लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक के शारदा देवी ने अपने दलबल के साथ निरीक्षण किया ख़गौल के रेलवे बालक मध्य विद्यालय नेउरा कॉलोनी के बूथ संख्या 301 और 302 का निरीक्षण किया।मतदाता जगरुता को लेकर वैसे बूथ का निरीक्षण किया जहां पिछले साल कम लोग पहुचे थे।इस मौके पर दानापुर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, दानापुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दीक्षा,प्रखंड पदाधिकारी,अचला जिलाधिकारी के सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

शराब व ऑटो जब्त, बालू लदा ट्रैक्टर बरामद

पटना सिटी (प्राकि)। दीदारगंज थाना की पुलिस ने महावीर घाट रोड में वाहन जांच के दौरान ऑटो पर लदा शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि ऑटो पर से 450 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। दूसरी ओर मालसलामी थाना की पुलिस ने पीरदमरिया घाट पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सफेद बालू लदा ट्रैक्टर और डाला को जब्त किया गया है। इस मामले में ट्रैक्टर चालक संजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

शतचंडी महायज्ञ में कन्या पूजन व किया गया धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी, श्री भगवती सीता स्थान प्रबंधक समिति की ओर से जानकी नवमी पर शतचंडी महायज्ञ का आयोजन जारी है। यह अनुष्ठान बक्शी मुहल्ला स्थित सीता स्थान मंदिर पर किया गया। काशी से आए पंडित नित्यानंद त्रिपाठी के आचार्यात्व में पाठ का समापन हुआ। इसके बाद ध्वजारोहन, हवन के बाद कन्या पूजन का विधान किया गया। इसके बाद भंडारा व अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया गया। प्रवचन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्री राघवेंद्र की माधुर्य अधिष्ठात्री महालक्ष्मी ही माता सीता हैं। आयोजन में शाम को भजन कीर्तन किया गया। आयोजन में सचिव प्रभात बहादुर माथुर, शत्रुघ्न यादव, नितेश सिन्हा, नितेश तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी, रंजीत वर्मा, डॉ विनय कृष्ण, यश माथुर आदि सक्रिय थे। आयोजकों के अनुसार शुक्रवार को विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। सीता नवमी को लेकर अन्य मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान किया गया।

100 विशिष्ट माताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

● मां प्रथम गुरु व ईश्वर का दूत है : एएन सफीना

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। आर्यावर्त सहोदय, सीबीएसई, पटना प्रक्षेत्र द्वारा बिहार के 54 विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों की 100 विशिष्ट माताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में गत दिवस शतमही मातृका सम्मान कार्यक्रम-2024 में सम्मानित किया गया। शतमही मातृका सम्मान - 2024 का आयोजन पटना के सीका (साउथ इंडियन कल्चरल एसोसियेशन) ऑडिटोरीयम हॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के राजस्व विभाग की प्रधान सचिव ए एन सफीना (कअर) व विशेष अतिथियों के रूप में सीबीएसई पटना प्रक्षेत्र के उत्कृष्टता केंद्र के प्रधान अधिकारी रवि प्रकाश, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना की प्राध्यापिका डॉ प्रिय दर्शिनी एवं इग्नू की क्षेत्रीय निदेशिका डॉ शालिनी दीक्षित के साथ प्रसिद्ध लेखक एवं कवि डॉ कुमार अरुणोदय ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में आगत अतिथियों की संख्या 500 से अधिक रही। अपने स्वागत उद्बोधन में आर्यावर्त सहोदय की प्रधान डॉ राधिका ने अपने वक्तव्य में बताया कि माताओं को सम्मानित हमारा संगठन स्वयं को कृतज्ञ मानता है तथा यह भी कहा कि शतमही मातृका सम्मान प्रतिवर्ष मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि ए एन सफीना, आईएएस ने माताओं का सम्मान करते हुए उन्हें प्रथम गुरु व ईश्वर का दूत बताया जिनके बल पर संसार टिका हुआ है। सीबीएसई के अधिकारी रवि प्रकाश ने मातृसत्तात्मक समाज की खूबियों को अपने शब्दों में उकेरते हुए मां में निहित शक्तियों की महिमा का गान किया और इस पुनीत कार्यक्रम के लिए आर्यावर्त सहोदय की भूरि भूरि प्रशंसा की। डॉ प्रिय दर्शिनी ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से जन जन का मन मोह लिया। सत्य है एक मां ही एक मां को ठीक से समझ सकती है। आपने आर्यावर्त सहोदय को ऐसे अनूठे कार्यक्रम को बेहतरीन ढंग से आयोजित करने के लिए बधाई दी। डॉ कुमार अरुणोदय का मां के उपर दिया गया बखान सभा में भावनाओं का ज्वार ला दिया। मां के ऊपर उनके द्वारा रचित कविता का पाठ अत्यंत मार्मिक व मनमोहक रहा। डॉ शालिनी दीक्षित ने भी मां के मर्म की बात की और समाज में मां की शक्ति की स्थापना पर बल दिया। उन्होंने इग्नू के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उपस्थित माताओं को प्रेरित किया। आर्यवर्त के संस्थापक अध्यक्ष डॉ सी बी सिंह ने शतमही सम्मान में निहित अर्थ की व्याख्या करते हुए बताया कि हमारी प्रत्येक मां एक धरती के समान है और हम 100 माताओं का सम्मान कर रहे है, अतः शत (सौ) मही (धरती) के नामकरण का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की संरचना एवं संचालन में आर्यावर्त के सचिव एडवर्ड अल्फोंस, उपाध्यक्ष रवि रंजन, ट्रेनिंग सह समन्वयक सिंपल सिन्हा, मिताली मुखर्जी, रमा चक्रवर्ती, माधवी कुमारी सहित अनेक प्राचार्यों का योगदान सराहनीय रहा। निम्नलिखित विद्यालयों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दीः बीडी पब्लिक स्कूल, फाउंडेशन अकादमी, न्यू एरा पब्लिक स्कूल और नॉलेजग्राम, पटना। आर्यावर्त सहोदय के कोषाध्यक्ष डॉ हिमांशु पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

सब घट मेरे साइयां: स्वामी प्रकाशनंद

कबीर साईं मंदिर मीठापुर में साप्ताहिक सत्संग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना कबीरपंथी आश्रम कबीर साईं मंदिर मीठापुर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन मंहत ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कबीर आश्रम हरिद्वार से पधारे स्वामी प्रकाशनंद जी ने सदगुरु कबीर साहेब की प्रगट वाणी व्यक्त करते हुए कहा कि सब घट मेरे साइयां, सूनी सेज ना कोए। बलिहारी जाऊं वा घट को जिस घट परगट होए ।। उस परमशक्ति, परमपिता, परमात्मा के बिना इस दुनिया में किसी भी जीव का अस्तित्व संभव नहीं है। हर जीव में वही परमशक्ति निवास करती हैं। सद्गुरु कबीर साहेब इस दोहा के माध्यम से यही कह रहे हैं कि मैं बलिहारी जाऊं उस रूह, उस जीव पर, जिस जीव में वह प्रकट हुआ है। असल में गुरु मे ही वह निर्मल रूह होती है, जिस में वह प्रकट होता है। दुनिया को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जता है। इस अवसर पर आश्रम के संत करसन मुनि, संत महेश मुनि, व्यासजी सहित कई लोग मौजूद थे। इस दौरान आश्रम की महिला मंडली द्वारा गाया गया भजनों को सुन वातावरण भक्तिमय हो गया।

अरदास से तख्त साहिब में एनआरआई रिहाइश का निर्माण हुआ शुरू

● गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत बनवा रहा तख्त साहिब में 300 आधुनिक कमरे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत की ओर से तख्तश्री पटना साहिब में लंगर हॉल के पास सौ कमरों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।गुरुवार को तख्तश्री पटना साहिब में अरदास के बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया। पंज प्यारों में जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, ज्ञानी गुरदयाल सिंह, परशुराम सिंह व अमरजीत सिंह ने अरदास किया। आयोजन में कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह, सतनाम सिंह, चरणजीत सिंह व ज्ञानी गगनदीप सिंह, बाललीला के बाबा सुखविंदर सिंह सुख्खा व बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा मंजिदर सिंह, बाबा बलंबत सिंह, बाबा बलवीर सिंह, बाबा चमकौर सिंह, बाबा गुरजीत सिंह, राजन सिंह, कारसेवा दिल्लीवाले के बाबा गुरनाम सिंह, मेजर सिंह, पटियालावाले बाबा गुरदीप सिंह, प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, हरपाल सिंह जौहल, सदस्य राजा सिंह ने अरदास के बाद संगत के साथ कारसेवा की। गुरुद्वारा बाललीला के स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह ने बताया कि माता सुंदरी निवास के नाम से यात्री निवास बनाने की जिम्मेदारी प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब ने बाललीला गुरुद्वारा के प्रमुख जत्थेदार संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले को सौंपी है। यहां सौ कमरों का निर्माण किया जाना है। कमेटी के पदधारकों ने बताया कि तख्तश्री पटना साहिब कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के नेतृत्व में मौजूदा टीम का प्रयास है कि तख्त साहिब पर नतमस्तक होने के लिए आने वाली संगत को विशेष तौर पर रिहाइश से संबंधित किसी समस्या का सामना न करना पड़े। संगत को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करायी जाए। इसी कड़ी में नई रिहाईश बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। माता सुंदरी यात्री निवास का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत आज बेसमेंट के लिंटर की सेवा आरंभ हुई। यात्री निवास के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है तथा 300 कमरों वाला यह यात्री निवास जल्द ही संगत को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

दूरसंचार विभाग, बिहार लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने 5 सेवाओं की सेवा और गुणवत्ता किया परीक्षण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। दूरसंचार विभाग, बिहार लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने अनीसाबाद, पटना में गुरुवार को मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड द्वारा दी जाने वाली 5 सेवाओं की सेवा और गुणवत्ता परीक्षण किया गया। यह मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की बिहार की पहली साइट है, जहां डॉट मुख्यालय के निर्धारित मानदंडों के अनुसार 5 सेवा का परीक्षण किया गया। वर्तमान में बिहार में 5 सेवाएं भारती एयरटेल लिमिटेड और रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड द्वारा प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर परीक्षण के दौरान अशोक कुमार, अपर महानिदेशक दूरसंचार, डीओटी बिहार एलएसए के साथ जी सी राय, डीडीजी (अनुपालन) और वि.एम. पटेल, निदेशक (अनुपालन) एवं आशुतोष पांडे, सहायक निदेशक उपस्थित थे। कौशल किशोर, सीटीओ,वीआईएल बिहार और हेमंत कुमार, नोडल वीआईएल और संजीव साधुकन, गुणवत्ता प्रमुख, वीआईएल बिहार के साथ-साथ कई अन्य नेटवर्क विशेषज्ञों ने सेवा और गुणवत्ता परीक्षण में भाग लिया। डॉट बिहार एलएसए टीम ने मेसर्स वीआईएल के अनीसाबाद, पटना स्थित 5 साइट पर स्थापित बुनियादी ढांचे और उपकरणों का निरीक्षण किया। इसके अलावा साइट के आसपास के क्षेत्र में कवरेज को भी समर्पित उपकरणों का उपयोग करके मापा गया। 5जी सेवाएं 451 एमबीपीएस तक की स्पीड के साथ संतोषजनक पाई गईं। डॉट बिहार एलएसए को वीआईएल से निकट भविष्य में पूरे बिहार राज्य में 5 सेवाओं का विस्तार करने की उम्मीद है।

रंगिया मंडल के बरपेटा रोड एवं पाठशाला स्टेशनों पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के रंगिया मंडल के बरपेटा रोड-पाठशाला रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर एनआई कार्य किया जाना है । इस कारण इस रेलखंड से गुजरने वाली निम्नलिखित ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा न्यू बंगाईगांव जं.-गोवालपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें -

1. नई दिल्ली से 18, 20, 21, 22, 24, 25, 27, 28, 29 एवं 31 मई, 2024 को खुलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 2. अमृतसर से 17, 24 एवं 31 मई, 2024 को खुलने वाली 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, 3.आनंद विहार से 18 मई से 01 जून, 2024 तक खुलने वाली 12506 आनंद विहार-कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, 4. दिल्ली से 31 मई, 2024 को खुलने वाली 15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस, 5. चंडीगढ़ से 19, 22, 26 एवं 29 मई, 2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस, 6. देवघर से 23 एवं 30 मई, 2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 15925 देवघर-डिब्रूगढ़

एक्सप्रेस, 7. देवघर से 20 एवं 27 मई, 2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 15625 देवघर-अगलतला एक्सप्रेस, 8. लोकमान्य तिलक से 31 मई, 2024 को खुलने वाली 15647 लोकमान्य तिलक-गुवाहाटी एक्सप्रेस कामाख्या- गोवालपारा टाउन-न्यू बंगाईगांव जं. के रास्ते चलायी जाने वाली ट्रेनें-

1. डिब्रूगढ से 01 जून, 2024 को खुलने वाली 12423 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 2.डिब्रूगढ से 01 जून, 2024 को खुलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 3. गुवाहाटी से 30 मई, 2024 को खुलने वाली 15632 गुवाहाटी-बाडमेर एक्सप्रेस, 4. गुवाहाटी से 25 मई एवं 01 जून, 2024 को खुलने वाली 15634 गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस, 5. गुवाहाटी से 22 एवं 27 मई, 2024 को खुलने वाली 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस, 6. कामाख्या से 19 मई से 02 जून, 2024 तक खुलने वाली 12505 कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, 7. डिब्रूगढ़ से 01 जून, 2024 को खुलने वाली गाड़ी सं. 15626 अगरतला-देवघर एक्सप्रेस, 8. कामाख्या से 02 जून, 2024 को खुलने वाली 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल, 9. गुवाहाटी से 20 एवं 27 मई, 2024 को खुलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी लोहित एक्सप्रेस, 10. गुवाहाटी से 22 एवं 29 मई, 2024 को खुलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस

पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -1. कामाख्या से 19 मई से 01 जून, 2024 तक खुलने वाली 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 60 मिनट पुनर्निधारित समय से चलायी जायेगी ।, 2. नाहरलगून से 25 मई एवं 01 जून, 2024 को खुलने वाली 09526 नाहरलगून-हापा स्पेशल 120 मिनट पुनर्निधारित समय से चलायी जायेगी ।, नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेन - 1. नई दिल्ली से 19, 23, 26 एवं 30 जून, 2024 को खुलने वाली 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी ।

अतिक्रमण हटाने का चलाया अभियान, वसूला जुमार्ना

पटना सिटी, पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के द्वारा गुरुवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएमसीएच रोड के अलावा अगमकुआं होते हुए छोटी व बड़ी पहाड़ी, पटना-मसौढ़ी रोड और आसपास में चलाया गया। विरोध व तनातनी के बीच चलाए गए अभियान से संबंधित स्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में छह हजार 700 रुपए की राशि जुमार्ना के तौर पर वसूल की गई। बताया गया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलता रहेगा। इसका नेतृत्व टास्क फोर्स दल के प्रभारी मिथिलेश कुमार कर रहे थे। ट्रास्क फोर्स प्रभारी ने बताया कि सड़क को घेर दुकानदारी करने वालों के खिलाफ अभियान चला कर जुमार्ना वसूला गया।

ऑपरेशन समय पालन के तहत चेन पुलिंग करने वाले 407 लोग लिए गए हिरासत में

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन समय पालन के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो । ऑपरेशन समय पालन के तहत 01 मई से 15 मई तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 407 लोगों को हिरासत में लिया गया । इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । इन 15 दिनों में ऑपरेशन समय पालन के तहत 236 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि सोनपुर मंडल में 63, समस्तीपुर मंडल में 55, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 32 तथा धनबाद मंडल में 21 लोगों को हिरासत में लिया गया ।

तख्तश्री पटना साहिब के कर्मियों को मिला सालाना वेतन वृद्धि

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के द्वारा सेवादारों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए उन सबों का सालाना वेतन वृद्धि कर दिया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि सेवादार कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, महासचिव अजायब सिंह, दीपक सिंह आदि के द्वारा पत्र सौंप कर और आग्रह कर वेतन वृद्धि की मांग की जा रही थी। अंततः कमेटी के पदाधिकारियों ने इसे मान लिया। कमेटी के ऑफिस स्टाफ से लेकर सेवादारों तक यानी हर तबके के लोग कन्फर्म स्टाफ को एक हजार रुपया वेतन में वृद्धि की गई। इसे अप्रैल के वेतन में मिलाकर दिया जाएगा। इसे लेकर सेवादार कल्याण समिति के अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी, अजाय सिंह, दीपक सिंह, पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह आदि ने कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों के प्रति कृतज्ञता जताया है।

नगर परिषद व मेट्रो के अधिकारियो ने जल निकासी को लेकर चल रहे कार्यो का जायजा लिया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत नगर परिषद व मेट्रो के अधिकारियो ने जल निकासी को लेकर चल रहे कार्य का जायजा लिया। कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहायक अभियंता विजय कुमार व मेट्रो के महाप्रबंधक विकास रंजन, प्रोजेक्ट प्रबंधक रवि पुनिया नेहरूपथ में चल रहे मेट्रो निर्माण का जायजा लिया। कार्य के लेकर भरे गये नाला आदि का संयुक्त रूप से जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। नेहरूपथ के मुख्य मार्ग के किनारे के बने नाला का कई जगह भर दिये गये है। जिससे जल निकासी की समस्या होने की संभावना बन गयी है। जिसका निरीक्षण करते हुए कि मेट्रो के महाप्रबंधक ने आवश्यकतानुसार हयूम पाइप, पंप व जरूरत पडने पर रास्ता काट कर जल निकासी करने की बात कही है। उन्होने वैसे स्थलो पर पाइप डालने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही पंप लगा कर पानी निकासी करने की बात कही है। श्री कुमार ने कहा कि मानसून के दौरान आने वाली जन जमाव की संकट का दूर करने को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है।

एनसीवीबीडीसी की संयुक्त निदेशक ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः गुरूवार को एनसीवीबीडीसी की संयुक्त निदेशक डॉ. छवि पंत जोशी ने राज्य फाइलेरिया कार्यालय का दौरा कर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने फाइलेरिया के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद एवं डब्ल्यूएचओ के एनटीडी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय सहित फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत, फाइलेरिया कार्यालय से प्रभात कुमार सहित पिरामल, पीसीआई एवं सीफार के राज्य स्तरीय अधिकारीयों से भेंट कर एमडीए को लेकर राज्य द्वारा की जा रही तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की. डॉ. जोशी के साथ डब्ल्यूएफजेसीएफ से डॉ. माणिक रेलन भी साथ रहे. तैयारियों का लिया जायजाः डॉ. जोशी ने 10 अगस्त से शुरू होने वाले एमडीए राउंड की तैयारियों पर बात करते हुए दवा आपूर्ति, एमडीए राउंड की डेली मॉनिटरिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सुकृत्य एप, ट्रैकर, सीएचओ को शामिल करना सहित एमएमडीपी किट वितरण के पर्यवेक्षण को लेकर जानकारी ली. जिसपर डॉ. परमेश्वर प्रसाद एवं डॉ. राजेश ने सभी मुद्दों पर की जाने वाली तैयारियों पर डॉ. पंत को जानकारी दी. शत-प्रतिशत एमडीए कवरेज करने का लक्ष्यः फाइलेरिया के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने कहा राज्य में 10 अगस्त से 13 जिलों में एमडीए अभियान चलाया जाएगा. जिसमें दरभंगा, लखीसराई, रोहतास, समस्तीपुर एवं पूर्णिया यानी 5 जिलों में तीन तरह की दवाएं खिलाई जाएगी. वहीं, 8 जिलों यानी बक्सर, भोजपुर,किशनगंज,मधेपुरा,मधुबनी,नालंदा, नवादा एवं पटना में दो तरह की दवाएं खिलाई जाएंगी. इस दौरान लगभग 3.5 करोड़ से अधिक की आबादी को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. उन्होंने कहा कि इस बार के राउंड में शत-प्रतिशत लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है. इसको लेकर तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गयी है. जिसमें फाइलेरिया मरीजों की लाइन लिस्टिंग, जिला स्तर पर नाईट ब्लड सर्वे(एनबीएस)को लेकर बैठक एवं राज्य स्तर पर एनबीएस टीम की बैठक आदि जैसी तैयारी की जा रही है. राज्य एवं जिला स्तर पर की जा रही तैयारियांः डॉ. प्रसाद ने बताया कि एमडीए को सफल बनाने के लिए जिला से लेकर राज्य स्तर पर कई तरह की कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं. जिसमें राज्य स्तर पर एनबीएस एवं एमडीए को लेकर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण।

सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद में छोटे चीरे से हृदय की बड़ी सर्जरी संभव

प्रात :किरण संवाददाता

मेडिकल क्षेत्र में आधुनिकता से हृदय सर्जरियों में काफी बदलाव आया है। आज मिनिमली इनवेसिव तकनीक द्वारा छोटे चीरे से ही बाईपास सर्जरी, ओपन हार्ट सर्जरी, दिल के छेद भरने की सर्जरी और अन्य बड़ी बीमारियों के लिए सर्जरी करना सम्भव है। इस विषय पर बता रहें है सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद के सीनियर कार्डिओ-थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जन डॉ. वेद प्रकाश । क्या होती है मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी? मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी एक आधुनिक सर्जिकल तकनीक है जिसमे पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी की तुलना में छोटे चीरों के साथ हृदय की सर्जरी की जाती है। जहाँ ओपन हार्ट सर्जरी में छाती पर लम्बा चीरा लगाया जाता था, मिनिमली इनवेसिव तकनीक से छोटे चीरे से बड़ी से बड़ी सर्जरी करना संभव है। इस तकनीक में सर्जन्स शरीर पर छोटा चीरा करते है और फिर आधुनिक उपकरण व इमेजिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके पसलियों, चेस्ट वॉल व ब्लड वेसल्स के बीच से हृदय के खराब हिस्सों तक पहुँचकर उनको रिपेयर करते हैं। मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी किन सर्जरियों में है मददगार? मिनिमली इनवेसिव सर्जरियों से हृदय की बड़ी बीमारियों का इलाज किया जा सकता है, इनमे शामिल है. * कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी (बंद हुई या सिकुड़ी हुई कोरोनरी धमनियों तक पहुँचने और उन्हें उनके बायपास करने के लिए सर्जरी) ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (खराब एओर्टिक वाल्व को बदलने के लिए सर्जरी) माइट्रल वाल्व रिपेयर/रिप्लेसमेंट (हार्ट वाल्व के कार्य में सुधार लाने के लिए उनको रिपेयर करने के लिए या खराब वाल्व को आर्टिफिशियल वाल्व से बदलने के लिए सर्जरी) एट्रिअल सेप्टल डिफेक्ट क्लोजर (वेन के माध्यम से कैथेटर द्वारा उपकरण लगाकर दिल के छेद भरने के लिए सर्जरी) ए.वी.आर. (रोगग्रस्त या खराब एओर्टिक वाल्व को बदलने के लिए सर्जरी) * डी.वी.आर (एओर्टिक और माइट्रल वाल्व दोनों को बदलने के लिए सर्जरी) मरीजों को लाभ शरीर पर छोटे चीरे से सर्जरी। * कम निशान, कम ब्लड लॉस और इन्फेक्शन का न्यूनतम जोखिम। मांसपेशियों और टिश्यू को कम से कम नुकसान। कम घाव और कम दर्द होने के साथ जल्द रिकवरी होती है। मरीजों को अक्सर अस्पताल में कम समय के लिए रुकना पड़ता है और वह अपनी सामान्य गतिविधियाँ जल्द शुरू कर सकते हैं। सम्पूर्ण कार्डियक सेंटर में पाएं बेहतर इलाज आधुनिक तकनीकों और न्यूनतम चीरे की सर्जरी के साथ, हृदय की समस्याओं को कम जोखिम और कम जटिलताओं के साथ ठीक किया जा सकता है। हमारी वरिष्ठ विशेषज्ञों की टीम 4 महीने के बच्चे से लेकर 90 साल के व्यक्ति के हृदय की देखभाल के लिए उन्नत तकनीक और सुविधाएं प्रदान करती है जो उनके हृदय की सम्पूर्ण देखभाल के लिए अनिवार्य है। सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद में हम सुनिश्चित करते हैं कि हृदय सर्जरी के लिए आपको सबसे आधुनिक तकनीक और अनुभवी टीम का साथ मिले। सर्वोदय में हृदय या किसी अन्य बीमारी के इलाज से जुड़ी जानकारी के लिए 1800 3131414 पर कॉल करे।

प्रधानमंत्री ने 25 करोड़ लोगों को आर्थिक रूप से बनाया सक्षम : सम्राट

सत्यम दूबे, असित नाथ, अमरेंद्र सहित सैकड़ों लोग भाजपा में हुए शामिल

- भाजपा अध्यक्ष ने कहा, आपके आने से हमारी ताकत बढ़ी
- बचे चुनावों में इस मिलन समारोह का दिखेगा असर : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस के दिग्गज नेता विजय शंकर दूबे के पुत्र सत्यम दूबे, कांग्रेस के प्रवक्ता रहे असित नाथ तिवारी और बेगूसराय के प्रत्याशी रहे अमरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी लोगों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया। इस मिलन समारोह में भाजपा में आये लोगों का स्वागत करते हुए श्री चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपके आने से हमारी ताकत बढ़ी है। अब हम बिहार की 40 में से 40 सीट जीतेंगे। उन्होंने कहा कि कल तक जिन सीटों पर हम 1 से 2 लाख के अंतर से जीत रहे थे, वहां अब यह अंतर 3 से चार लाख तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा देश को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए प्रधानमन्त्री कदम बढ़ा चुके हैं। प्रधानमंत्री कल भी फकीर थे, आज भी फकीर हैं और कल भी फकीर रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जनाधार वाले नेता लगातार भाजपा में हो रहे शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से पहले देश की आर्थिक स्थिति पर चर्चा नहीं होती थी। लेकिन आज हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से आगे बढ़ने वाले देशों में शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 25 करोड़ लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया। आज गरीब कल्याण के लिए काम किये जा रहे हैं तो युवाओं के आगे बढ़ाने की चर्चा हो रही है। किसानों की आय को दोगुना करने के प्रयास किये जा रहे है। मोदी की गारंटी साफ है कि भ्रष्टाचार करने वालों को जेल जाना पड़ेगा। श्री चौधरी ने आगे कहा कि पड़ोसी राज्य में मंत्री के पीए के घर से 35 करोड़ रुपये बरामद किए गए। कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम मिश्रा, पूर्व प्रदेश सचिव राकेश कुमार सिन्हा, भानु प्रताप सिंह, अमित द्वेदी, गंगाधर पांडेय, पंकज परमार, डॉ अजित कुमार, सुनील कुमार साह, कमलदेव तिवारी, राजन यादव, चंद्रशेखर ओम, तारकेश्वर, सुंदर सहानी प्रमुख हैं। इधर, बिहार के मंत्री मंगल पांडेय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि अभी तीन चरणों का चुनाव शेष है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में इस मिलन समारोह का प्रभाव साफ दिखेगा। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन कार्यालय मंत्री प्रवीण चंद्र पटेल राय ने किया।

संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को खत्म करने की साजिश : लालू

- कहा- संविधान व आरक्षण विरोधी बीजेपी को कड़ा सबक सिखाएं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव लगातार केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। इस कड़ी में राजद सुप्रीमो ने एक बार फिर गुरूवार को केन्द्र व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर लिया है। श्री यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सतर्क और सावधान हो जाइए! भाजपा आपका आरक्षण, देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तुल गया है। देश का संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा। आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे। आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों। आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे। संविधान है तो आरक्षण है और आरक्षण है तो गैर बराबरी, उत्पीड़न एवं अत्याचार से सुरक्षा है। समानता का भाव है, उपचार है। भाजपाई चाल चरित्र से समता विरोधी हैं। ये लोग संविधान व आरक्षण खत्म कर समाज में गैर बराबरी बढ़ा लोगों को पुनः मानसिक गुलाम बनाना चाहते हैं। बार-बार भाजपा के नेता स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि वे लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं, नया संविधान बनाना चाहते हैं, आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं लेकिन आरक्षण और संविधान विरोधी बयानबाजी पर प्रधानमंत्री मोदी और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसी भी नेता और प्रत्याशी पर कभी भी कोई भी कार्रवाई नहीं की है। स्पष्ट दिखता है उन्हें जानबूझकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से हरी झंडी मिली हुई है। अपने ऐसे बयानों से भाजपाई लोग आरक्षण और संविधान के प्रति आपकी गंभीरता, सजगता और प्रतिबद्धता को जाँचते हैं। अगर आज आप संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में अपना योगदान नहीं करेंगे तो आप और आपकी आने वाली पीढ़ियाँ उसी प्रताड़ना और उपेक्षा के दुष्चक्र को जियेंगीं जिसे कभी आपके पूर्वजों ने जिया था। आपके उलाहना, उत्पीड़न और अभाव के पुराने दिन वापस आएंगे और हाथ मलने के अलावा आपके पास कोई उपाय नहीं रह जाएगा। इसलिए लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और संविधान व आरक्षण विरोधी बीजेपी को कड़ा सबक सिखाएं।

विपक्ष के पास ना कोई नीति ना कोई विचाधारा : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार किया है। गुरूवार को अपने आवास पटना में पत्रकारों से बात करते हुए श्री चिराग ने कहा कि विपक्ष में कौन, किसको समर्थन दे रहा है। पहले तो आप उन्हीं के खिलाफ चुनाव लड़िएगा और उसके बाद उन्हीं को समर्थन देने की बात कीजिएगा। यह विरोधाभास नहीं है तो और क्या है? बार-बार हम बोल रहे हैं इंडी गठबंधन के नीति ही साफ नहीं है, इन लोगों का नियत ही साफ नहीं है। एक आम आदमी पार्टी है जो दिल्ली में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और पंजाब में उन्हीं के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। ममता बनर्जी जी जिनके खिलाफ चुनाव लड़कर जीत कर आएंगे, जीतने के बाद उन्हें को समर्थन देने की बात कर रहे है,यह भानुमति का कुनबा नहीं है तो और क्या है? किसी को कोई नीति नहीं है, किसी को कोई नियत नहीं है, किसी की कोई विचारधारा नहीं है। सबको महत्वाकांक्षा है एक दूसरे का गला काटकर कैसे हम सत्ता के समीप पहुंच जाए। हकीकत है देश की जनता ये तमाम बातें देख रही है। देश की जनता ने बटा हुआ विपक्ष भी देखा है और प्रधानमंत्री जी का नामांकन भी देखा है। और हर मंच पर एनडीए की एकजुटता भी देखा है। ऐसे में एक परसेंट का कहीं भ्रम नहीं है। हम लोग 400 का लक्ष्य बहुत सरलता से हम लोग पार कर रहे हैं। चार चरण के चुनाव हो चुके हैं। पांचवें चरण के लिए परसों के बाद नामांकन बंद हो जाएगा। एक बात तय है ,इन चार चरण के चुनाव में ही हम लोग बहुमत पार कर चुके हैं। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

रोजगार की व्यवस्था पहली प्राथमिकता : अंशुल

पटना। पटना साहिब से भाजपा के सांसद रविशंकर प्रसाद और मोदी सरकार ने युवाओं के रोजगार के लिए कोई व्यवस्था नहीं की। देश में पिछले 45 सालों में बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है, बिहार के युवा सालों मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं लेकिन फिर पर्चा लीक हो जाता है और उनके सालों की मेहनत बर्बाद हो जाती है। मैं पटना को आईटी हब बनाऊंगा, इंडस्ट्रियल एरिया में कुछ बड़े उद्योग लगाने के लिए प्रयास करूंगा जिससे युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था हो सके। कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती करेगी, 15 अगस्त तक देश के 1 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। यह बात पटना साहिब से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. अंशुल अविजित कुशवाहा ने मीडिया से कही। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी ने पटना साहिब विधानसभा के दीदारगंज में जनसंपर्क किया और वहीं एक मंदिर में प्रसाद ग्रहण किया। वे सुबह सुबह एनआईटी घाट पर मॉर्निंग वॉक के लिए पहुंचे और वहां टहल रहे लोगों से मुलाकात की। कुम्हरार विधानसभा के वार्ड नंबर 36 पहुंचकर, अंशुल अविजित ने लोगों से मुलाकात की और सड़क पर बैठकर कैरम खेल रहे बच्चों के साथ कैरम भी खेला। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पटना हाईकोर्ट के परिसर पहुंचे और वकीलों से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए समर्थन मांगा।

नमो-नीतीश के राज में मिला करोड़ों को रोजगार : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विपक्ष पर हमलावर होते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन ने आज कहा है कि रोजगार के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे राजद के राजकुमार को इसका ककहरा भी नहीं पता। हकीकत में नमो-नीतीश की सरकार ने रोजगार के मोर्चे पर जितना किया है उतना राजद-कांग्रेस की राज्य व केंद्र सरकार सपने सोच भी नहीं सकी थी। आंकड़े देते हुए उन्होंने कहा कि युवराज को आर्थिक-सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाली संस्था स्कॉच द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट को पढ़ना चाहिए। उन्हें पता चल जाएगा कि विगत 10 वर्षों में तकरीबन 51.40 करोड़ रोजगार का सृजन हुआ है। इसमें से 19.79 करोड़ रोजगार जहां विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत हुआ है वहीं मुद्रा जैसी योजनाओं के तहत बैंकों से मिले आसान ऋण की वजह से लगभग 31.61 करोड़ रोजगारों का सृजन हुआ। इसके अतिरिक्त रोजगार मेला के कैम्प लगा कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी भी दी गयी है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इसी तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में 2005 से 20 तक बिहार सरकार द्वारा 8 लाख सरकारी नौकरियां दी गयी हैं। वहीं 2020 के बाद 4 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान की गयी हैं, 1 लाख सरकारी नौकरियां प्रक्रियाधीन है वहीं अगले चुनाव तक 10 लाख सरकारी नौकरियों व 10 लाख रोजगार का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्यमी योजना द्वारा 94 लाख परिवारों को 2-2 लाख रु की राशि दी जा रही है। वहीं महिलाओं को उद्योग लगाने पर 10 लाख की राशि देने का प्रावधान किया जा चुका है। इसमें से 5 लाख रु उन्हें अनुदान के तौर पर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि युवराज को सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसमें उन्हें जमीन हड़पने का मौका नहीं मिला। इसीलिए वह जॉब शो का शिगूफा छोड़ कर अपना उल्लू सीधा करना चाह रहे हैं।

4 जून को वनवास पर जाने को मजबूर होंगे विपक्ष के नेता : विजय

- हार के भय से मतिभ्रम की स्थिति में विपक्ष

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी के लहर में इंडी गठबंधन के नेताओं की स्थिति सांप और छुछुन्दर वाली हो गई है। ये अपनी स्थिति को न उगल पा रहे हैं और न निगल पा रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा जब राममंदिर आंदोलन चल रहा था तब ये लोग कहते थे हम कभी मंदिर बनने नहीं देंगे। जब कोर्ट में मामला गया तब हमसे पूछते मंदिर कब बनाएंगे? जब मोदी जी की सरकार ने भव्य राम मंदिर बना दिया तो बेशर्मी से कहते हैं कि मोदी ने क्या किया मंदिर तो हमारे प्रयासों से बना। उसी तरह जब जनधन खाते खोले जा रहे थे तो ये आरोप लगाते थे कि बैंकों की हालत खराब है और मोदी सबके खाते खुलवा रहे हैं। जब जनधन खातों के जरिये 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों तक 34 लाख करोड़ रुपए का लाभ बिना लीकेज और भ्रष्टाचार के पहुंचा तो अब कहते है ये तो हमारी सोच थी मोदी ने तो सिर्फ श्रेय लिया। श्री सिन्हा ने कहा कि हार के आसन्न खतरे से ये लोग इतने बेहाल हो गए हैं कि मतिभ्रम की स्थिति में चले गए हैं। कांग्रेस की शहजादी एक दिन पहले कहती हैं मुफ्त राशन देकर मोदी जी देश के गरीबों को आश्रित बना रहे हैं फिर इनके नेता ने कहा मोदी ने कुछ नहीं किया खाद्य सुरक्षा कानून तो हमने बनाया। अगले दिन कांग्रेस के अध्यक्ष 10 किलो मुफ्त राशन का वादा कर देते हैं। इनको पता चल चुका है कि मोदी जी ने राम, राशन और शासन को जिस तरह जन-जन तक पहुंचाया है, उसके प्रभाव के सामने इनकी एक नहीं चलने वाली। श्री सिन्हा ने कहा जब से चुनाव शुरू हुआ तब से इधर बिहार में 1990 का घिसा कैसेट बजा-बजा कर खुद को किंगमेकर कहने वाले एक सजायाफ्ता नेता अपने और अपने परिवार के ढहते साम्राज्य को बचाने में जुटे हैं । उनके लिए कभी लोकतंत्र खतरे में हो जाता है तो कभी संविधान खतरे में। वे भूल जाते हैं कि लोगों ने उनका चाल और चरित्र देखा है। लोगों को भलीभांति पता है कि लालू जी के लिए लोकतंत्र लालू प्लस टेन तक ही सीमित है। वहीं न इनके मन में संवैधानिक पद के प्रति गरिमा और सम्मान है, न संवैधानिक संस्थाओं की कद्र है। सत्ता में रहते हुए सार्वजनिक जीवन में जो व्यवहार किया है, सदन के बाहर और भीतर जैसी भाषा ये बोलते रहे हैं उससे हमेशा बाबासाहेब अंबेडकर का बनाया संविधान और उसके मूल्यों का अपमान होता रहा है। श्री सिनहा ने कहा कि हार कर हाशिये पर जाने का खतरा आज इंडी गठबंधन के सिर चढ़कर बोलने लगा है। 4 जून को ये सभी राजनीतिक वनवास पर जाने को मजबूर होंगे।

मोदी-नीतीश की जोड़ी ने बिहार और देश के विकास को नया आयाम दिया : उमेश

सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बन चुका है बिहार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा गुरुवार को सिवान लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी विजयालक्ष्मी कुशवाहा एवं हाजीपुर लोकसभा से श्री चिराग पासवान के समर्थन में कई जनसभाएं की और स्थानीय मतदाताओं से एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में गोलबंद होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन को नई पीढ़ियों के भविष्य की चिंता है जबकि विपक्षी पार्टियों की प्राथमिकताएं उनके परिवारहित तक सीमित है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता है वें कभी आम जनता के हिमायती नहीं हो सकते हैं इसलिए परिवारवादी दलों के झांसे में आने से बचना है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले देश-दुनिया के लोग बिहार को बीमारू राज्य की संज्ञा देते थे लेकीन आज वही बिहार देश में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बन चुका है। लालू-राबड़ी की सरकार में पंद्रह सालों तक बिहार अपरहण और डकैती उद्योग का केंद्र हुआ करता था लेकिन आज हमारा बिहार देश-दुनिया के निवेशकों के लिए पहली पसंद बन रहा है। यह सकारात्मक परिवर्तन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है। उन्होंने अपने दृढ़ निश्चय और ईमानदार प्रयास से बिहार की खोई हुई पहचान को पुनः बहाल किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव को जनता से वोट मांगने से पहले अपने माता-पिता के पंद्रह सालों का हिसाब देना चाहिए। झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने से उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होगा। बिहार की जनता होशियार है और हर झूठ को पहचान चुकी है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी-नीतीश की जोड़ी ने बिहार और देश के विकास को नया आयाम दिया है। अपनें कार्यकुशलता से इस जोड़ी ने दुनियाभर को अपने क्षमता और दूरदर्शिता का लोहा भी मनवाया है। इसलिए आने वाली नई पीढ़ियों की बेहतर भविष्य हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूती प्रदान करना प्रत्येक जनता की जिम्मेदारी है।

संविधान के विपरीत आचरण कर रही है मोदी सरकार : शिवानंद

कहा-इस सरकार को उखाड़ फेंकना हमारा संवैधानिक दायित्व

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी केन्द्र की भाजपा सरकार पर लगातार हमलावर हैं। इस कड़ी में गुरूवार को एक बार फिर केन्द्र सरकार पर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। श्री तिवारी ने बयान जारी कर आरोप लगाया है कि असंवैधानिक है मोदी सरकार। संविधान का शपथ लेकर उसके विपरीत आचरण कर रही है यह सरकार। जिन लोगों ने भारत वर्ष में जन्म लिया है वे सब भारत के बराबर के नागरिक हैं। देश में नागरिकों के बीच धर्म, भाषा, लिंग या क्षेत्र के आधार पर भेद भाव संविधान के प्रतिकूल है। लेकिन मोदी जी और उनकी पार्टी अल्पसंख्यकों के विरूद्ध नफरत फैला रही है। देश में तनाव का माहौल बना हुआ है। ऐसा माहौल कभी भी विस्फोटक रूप ले सकता है। यह सरकार अपने संवैधानिक दायित्वों का भी निर्वहन नहीं कर रही है। मणिपुर में आग लगी हुई है। अब तक वहाँ ढाई सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। पचास-साठ हजार लोग विस्थापित हो चुके हैं। सैकड़ों करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। वहाँ भी भाजपा की सरकार है। लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मणिपुर की कोई चिंता नहीं है। श्री तिवारी ने कहा कि देश भर में घूम घूम के राजनीतिक विरोधियों की छीछालेदर कर रहे हैं। देश के किसी भी कोने में हिंसक घटनाएँ हो रही है, वहाँ शांति स्थापित करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व है। लेकिन प्रधानमंत्री या गृहमंत्री के मुँह से मणिपुर का नाम तक नहीं निकलता है। कभी कभी संदेह होता है कि मोदी सरकार जान बूझकर मणिपुर में हो रही हिंसा को रोकने का कोई प्रयास नहीं कर रही है। क्यों कि वहाँ हो रही हिंसा का रूप भी सांप्रदायिक है। पहाड़ियों पर रहने वाले नगा ईसाई हैं तो घाटी में रहने वाले मैतेई हिंदू हैं। इसलिए सांप्रदायिकता के अपने राजनीतिक दर्शन के अनुसार मोदी जी और शाह जी ने वहाँ की गंभीर समस्या की ओर से पीठ मोड़ लिया। देश में लोग बेरोजगारी और महंगाई से त्राहीमाम कर रहे हैं। लेकिन इन गंभीर समस्याओं से देश के लोगों को निजात दिलाने को सरकार क्या कर रही है यह नहीं बताया जा रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी जी और शाह जी को लगता है कि देश की जनता को हिंदुस्तान- पाकिस्तान, मंदिर-मसजिद, हिंदू-मुसलमान में भेद पैदा कर हम चुनाव जीत जाएँगे। लेकिन काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती है। इसलिए जनता ने इस चुनाव में जन विरोधी और देश विरोधी मोदी सरकार को अपदस्थ करने का संकल्प ले लिया है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी जी को इसका एहसास हो चुका है। इसीलिए वे देश की जनता को सकारात्मक संदेश देने के बदले प्रलाप कर रहे हैं। यह सरकार असंवैधानिक आचरण कर रही है। इस सरकार को उखाड़ फेंकना हमारा संवैधानिक दायित्व है।

दिवंगत सुशील मोदी के आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज

- मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित सभी दलों के नेता लेंगे भाग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी की याद में कल यानी 17 मई को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के संयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि भाजपा के समर्पित और कर्मठ वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पण करने एवं दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना के लिए 17 मई को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सभा 17 मई को संध्या पांच बजे पटना के रविंद्र भवन में आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि इस सभा में कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। इस सभा में सभी राजनीतिक दलो के नेता, सभी समाज और धर्म के लोग, सभी धर्मों के धर्मगुरु, सामाजिक संस्थाओं, संगठनों और कई संस्थानों के लोग इस श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित होंगे।

जनमानस आत्मनिर्भर भारत और विकसित बिहार के पक्ष में : सर्राफ

पटना। जदयू के वरिष्ठ नेता, विधान परिषद के सदस्यए पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष और व्यावसायिक/उद्योग एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक ललन सर्राफ ने लगातार दूसरे दिन सीतामढ़ी लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार देवेशचन्द्र ठाकुर के समर्थन में बैठकें कीं और जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान परिहार प्रखंड के नरगाँ स्थित रमना चैक पर आयोजित वैश्य समाज की बड़ी बैठक को संबोधित करते हुए श्री सर्राफ ने कहा कि बिहार का जनमानस आत्मनिर्भर भारत और विकसित बिहार के पक्ष में है। देखा जाय तो यहाँ कोई मुकाबला ही नहीं है। लोगों का भरोसा पूर्ण रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निश्चय के साथ है। 4 जून को आने वाले परिणाम में इसकी झलक दिख जाएगी। श्री सर्राफ ने आगे कहा कि इस चुनाव में एनडीए की जीत लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की जीत होगी। बिहार के मतदाता अपने वर्तमान और अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपना मत डालेंगे। एनडीए के मतदाता शोर-शराबे में समय नष्ट न करके चुपचाप अपना काम करते हैं। इस बार एनडीए की जीत हर बार से बड़ी होगी। नरगाँ के बाद श्री ललन सर्राफ ने सीतामढ़ी बाजार में आयोजित स्थानीय व्यवसायियों. उद्यमियोंए बुद्धिजीवियोंद्व शिक्षाविदों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक को संबोधित किया और एनडीए उम्मीदवार देवेशचन्द्र ठाकुर को विजयी बनाने की अपील की।

नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय : शाहनवाज

पटना। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि, जिस तरह सूरज का उगना तय है वैसे ही नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। दरअसल, पश्चिम बंगाल कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो मैं बाहर से समर्थन करुँगी को लेकर शाहनवाज हुसैन कहा है कि जिस तरह से सूरज का उगना तय है उसी तरह नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना भी तय है। इसमें कहीं कोई दूसरा और मतलब निकाला ही नहीं जा सकता। चौथे चरण में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले प्रधानमंत्री बन गए हैं। तेजस्वी यादव सहित तमाम महागठबंधन के नेताओं का दावा है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। तेजस्वी यादव के द्वारा प्रधानमंत्री पर दिए गए बयान पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री काफी उम्र दराज हैं, लालू जी भी उम्रदराज हैं, लगता है कि वह प्रधानमंत्री का अपमान करते-करते लालू जी का भी अपमान कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे के बयान पर जिसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे और बीजेपी विखंडित हो जाएगी। इसको लेकर शाहनवाज ने कहा कि पहले अपनी पार्टी को देख ले तब उनको समझ में आएगा महाराष्ट्र में उन्हें जीरो सीट आ रही है।

जानकी धाम पर भव्य मंदिर निर्माण भाजपा का छलावा : राठौड़

पटना। बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने सीतामढ़ी स्थित जानकी धाम में भव्य मां सीता मंदिर बनाने के गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर पलटवार किया है। श्री राठौड़ ने प्रेस के माध्यम से पूछा है कि आखिर पिछले दस वर्षों से सत्ता में बैठी बीजेपी को अपनी डगमगाती सत्ता के बीच चुनावों के समय क्यों जानकी धाम की याद आई? उन्होंने कहा कि जानकी धाम में कोई भूमि विवाद नहीं है और न ही किसी ने दस वर्षों से भाजपा को इसे बनाने से रोका है तो फिर चुनाव से पूर्व आकर वें सीतामढ़ी की जनता के भावनाओं से खिलवाड़ क्यों कर रहे हैं? श्री राठौड़ ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को यह स्पष्ट करना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राम मंदिर निर्माण का क्रेडिट देकर वें वोट बैंक की राजनीति कर जनता को बरगला क्यों रहे हैं? उन्हें बताना चाहिए कि राम मंदिर का निर्माण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार बना है जबकि वहां अनेकों भूमि और स्वामित्व विवाद थे लेकिन जानकी धाम में कोई समस्या नहीं थी तो फिर दस वर्षों से भाजपा की सरकार ने इसके विकास की सुध क्यों नहीं ली? साथ ही उन्होंने भाजपा पर बहुसंख्यकों के भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई से लेकर नरेंद्र मोदी तक सभी ने राम मंदिर के मुद्दे को सत्ता हथियाने के लिए भुनाया। चूंकि भगवान राम से देश की आस्था जुड़ी है तो उसे भाजपा ने अपने लाभ के लिए और लोगों को भड़काया। अंत में यह मामला कोर्ट के हस्तक्षेप से सुलझा तो केवल क्रेडिट की राजनीति के लिए प्रधानमंत्री को श्रेय देने की होड़ गृह मंत्री और उनकी पार्टी के लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों भावनाएं मां जानकी से जुड़ी है

खनिज परिवहन के वाहनों की अब लाल रंग से होगी पहचान

जनसाधारण भी अब खनिज वाहनों की पहचान कर अवैध परिवहन की कर सकेंगे शिकायत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु कई निदेश राज्य सरकारों को दिये गये हैं। बिहार सरकार अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए दृढ़ संकल्पित है। बिहार सरकार ने अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने हेतु बालू के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों में जीपीएस लगाने की अनिवार्यता पूर्व से ही की गई है। बालू के अवैध खनन को और प्रभावकारी तरीके से नियंत्रित करने के लिए वाहनों में विशिष्ट पहचान लगाने की आवश्यकता महसुस हो रही है, ताकि मुख्यमार्ग से होकर गुजरने वाले बालू लदे वाहनों को देखकर ही पहचान किया जा सके और पुलिस/जाँच पदाधिकारी दूर से ही वाहनों को देखकर जाँच हेतु सजग हो सकें। खान एवं भूतत्व विभाग इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। अधिसूचना के अनुसार एक जुलाई 2024 से खनिज लदे वाहनों पर विशिष्ट पहचान अनिवार्य कर दिया गया है। विभाग द्वारा बालू के परिवहन हेतु खनन सॉफ्ट में निबंधित जीपीएस लगे वाहनों पर चारो तरफ से लाल रंग की 20 इंच चैड़ी पट्टी वाहन मालिकों को रंगवाना होगा और पट्टी पर चारो तरफ 06 इंच के साईज में खनन वाहन-निबंधन संख्या (खनन सॉफ्ट में निबंधन संख्या) एवं वाहन संख्या अंकित करना अनिवार्य किया गया है। बालू बंदोबस्तधारी भी विशिष्ट पहचान अंकित किये गये एवं जीपीएस अधिष्ठापित वाहनों को ही परिवहन चालान निर्गत करेंगे। खनिज लदे वाहनों के लाल रंग से रंगे होने के कारण प्रशासन द्वारा इसकी आसानी से जाँच की जा सकेगी। आम लोग भी ऐसे वाहनों पर निगाह रख सकेंगे एवं वाहन संख्या डालकर खनन सॉफ्ट पोर्टल पर यह जान सकेंगे कि उक्त वाहन के लिए बालू का चालन कबतक वैध है। आमजन नियम विरूद्ध परिवहन करने वाले वाहनों के बारे में जिला/कंट्रोल रूम में शिकायत कर सकेंगे। विशिष्ट पहचान के बिना यदि बालू का परिवहन करते वाहन पाया जाएगा तो, यह स्पष्टतः अवैध बालू के परिवहन का मामला होगा। इससे अवैध परिवहन पर सही ढंग से निगरानी रखी जा सकेगी।

पहल : आम जनों को आकर्षित कर रहा इंडियन वोटर लीग

सेल्फी पॉइंट के साथ एक जून को मतदान करने की शपथ ले रहे लोग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मतदान में आमजनों की जागरूकता बढ़ाने के लिए पटना नगर निगम की पहल इंडियन वोटर लीग लोगों को लुभाने लगा है। गंगा किनारे शाम में प्रतिदिन आमजन मनोरंजन के साथ जागरूकता के लिए अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ एकत्रित हो रहे है।

सेल्फी प्वाइंट पर ले रहे सेल्फी के साथ मतदान करने का संकल्प : आमजन एक जून को मतदान करने के लिए जागरुक करने वाले सेल्फी प्वाइंट पर न सिर्फ सेल्फी ले रहे है बल्कि मतदान करने के लिए अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित कर रहे है।

अब तक 32 मैच किये जा चुके है आयोजित : पटना नगर निगम द्वारा आयोजित इंडियन वाटर लीग में 10 में से मैच शुरू किया गया है। अब तक 32 मैच खेला जा चुका है। आने वाले दिनों में दिव्यांगजन, सीनियर सिटीजन, महिला मीडिया एवं अन्य विभागों के साथ भी यह जागरूकता मैच खेला जाएगा। 25 मई को इसका समापन किया जाएगा। इसके साथ ही पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवा मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

51 जोड़े का सामूहिक विवाह 14 जुलाई को

पटना। मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा 14 जुलाई को 51 जोड़े का सामुहिक विवाह कराया जाएगा। यह जानकारी समिति की बैठक में सचिव कन्हैया अग्रवाल ने दी। अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा विगत 15 वर्षों में अब तक 539 विवाह सफलता पूर्वक कराए गए हैं। मौके पर मुकेश हिसारिया ने कहा कि विवाह करने वाले वैसे जोड़े जो पैसे की कमी के कारण विवाह नही कर पाते हैं उनके शादी का पूरा खर्च समिति उठाती है। शादी के बाद समिति सभी विवाहित जोड़ों को अपनी गृहस्थी शुरू करने के लिए करीब करीब सभी आवश्यक वस्तु भी देती है। हिसारिया ने बताया कि ऐसा जोड़ा जो आर्थिक मजबूरी के कारण शादी नही कर पा रहे हैं वे समिति के मो.न. 9931158774 / 9430061498 / 9334101859 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

फिर गर्मी चढ़ी परवान, तापमान हुआ 38 डिग्री पार

मुजफ्फरपुर। एक सप्ताह तक राहत देने के बाद गर्मी फिर परवान चढ़ने लगी है। तीक्ष्ण धूप का आलम यह है कि दस बजे के बाद लोग बाहर निकलने से परहेज करने लगे हैं जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, आज का अधिकतम तापमान 38..5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक बताया गया है। वहीं आज न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस कारण देर रात तक लोग गर्मी से परेशान रहते हैं। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 64प्रतिशत और दोपहर बाद घटकर 39प्रतिशत हो गई। आज उत्तर-पश्चिमी हवा की गति 5.6किमी प्रति घंटा रही।

वाहन दुर्घटना में चालक सहित तीन घायल

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के बेरुआ ढलान के समीप एनएच 57 पर गुरुवार को स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। इस घटना में गाड़ी में सवार चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है वहीं मौके पर पहुंची एनएचएआई की टीम ने घायलों को ईलाज हेतु एसकेएमसीएच ले गए। घायलों की पहचान दरभंगा जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के दुकली गांव के रामबहादुर यादव का 30 वर्षीय पुत्र अमित कुमार यादव, बहेड़ा थाना क्षेत्र के बलमी गांव के बैद्यनाथ झा व नालंदा जिले के निवासी प्रेमप्रकाश आर्या बताया गया है। गायघाट थाना के दरोगा श्रीकांत चौरसिया ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार सभी एनएचएआई बैंक के कर्मी थे। जो दरभंगा से पटना जा रहे थे। इसी बीच एनएच पर स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर नीचे गड्ढे में पलट गई। बताया की घायलों के परिजनों को इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

कोसी नदी में डुबने से एक बच्ची की मौत

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)।अंचल क्षेत्र के अजुआ गांव में बुधवार को कोसी नदी में डुबने से एक बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची उक्त गांव के श्रीकांत सदा की साढ़े चार वर्षीय पुत्री अनुष्का कुमारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुष्का कई अन्य हमउम्र बच्चों के साथ कोसी नदी के अपने ही गांव के उजुआ घाट पर दोपहर बाद लगभग 3.30 बजे स्नान करने गयी थी। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से पानी में डुब गई। वहां मौजूद अन्य बच्चों ने उसे डुबते हुए देखकर हल्ला किया। लेकिन जब तक लोग जुटे और उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगाई। लेकिन बच्ची नहीं मिली। लोगों ने घटना की सूचना सीओ गोपाल पासवान को दिया। सूचना मिलते ही सीओ श्री पासवान मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव का तलाश कराया। लेकिन शव नहीं मिले। सीओ ने बताया कि कोशी नदी की तेज धार के कारण नही मिला है शव को तलाश करने के लिए एनडीआरएफ की टीम बुलाई जा रही है।घटना के बाद उजुआ घाट पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक बच्ची की मां सावित्री देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

बहेड़ा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जिला में लहराया परचम

बेनीपुर (दरभंगा)। बहेड़ा पब्लिक स्कूल अनुमंडल क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में परचम लहराया। लगातार छात्रों को मिल रही सफलता से उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था क्षेत्र में चर्चा का विषय है। बीपीएस के निर्देशक सह पूर्व मुख्य पार्षद डा एस एम अली इमाम ने बताया कि इस बार के सीबीएसई के बोर्ड परीक्षा में उज्वल कुमार झा 97, रिधिमा 95, अनिकेत कुमार झा 94,सैलीजा ठाकुर 92 सरघा कुमारी 92 प्रतिशत अंक लाकर जिला स्तर पर परचम लहराया है। निर्देशक ने कहा कि छात्र उज्वल बीपीएस विघालय का टापर है तथा जिला मे चौथा स्थान लाकर विघालय और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। अच्छे अंक लाने वाले सभी छात्र छात्राओं को विघालय की ओर से उनके अभिभावक और छात्रा को सम्मानित किया जायेगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने महिला बंदियों की आधारभूत सुविधाओं को लेकर की बैठक

दरभंगा। उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार जेलों में बंद महिला बंदियों के रहने, खाने पीने, स्वास्थ्य आदि जैसे आधारभूत संरचनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को उपलब्ध कराये जाने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। दूसरी ओर क्रिमिनल इंज्यूरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक भी जिला सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुआ। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रंजन देव द्वारा प्रस्तुत मामलों में से कुल तीन पीड़ितों को 09 लाख रुपये प्रतिकर राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक सह प्राधिकार सदस्य जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास, चिकित्सा पदाधिकारी, मंडल काराधीक्षक स्नेहलता, उप कारा बेनीपुर के अधीक्षक धीरज कुमार उपस्थित थे।

चुनाव कार्य से अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध दर्ज होगी प्राथमिकी:डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं भयरहित चुनाव संपन्न कराने हेतु सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की।जिलाधिकारी ने चुनाव कार्य की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए चुनाव कार्य से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का सख्त आदेश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मियों की राशि का भुगतान दो-तीन दिनों के भीतर उनके खाते में कर दिए जाएंगे।बैठक में जिलाधिकारी ने लो वोटर टर्नआउट वाले जगहों पर मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया है इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को पंचायत स्तरीय सभी कर्मियों को इस कार्यक्रम से जोड़ने तथा कार्यक्रम संपादित करने का निर्देश दिया है। इसके लिए आंगनबाड़ी सेविका सहायिका जीविका दीदी विकास मित्र आशा आदि को जोड़कर सभी कार्यक्रम का संपादन करने का निर्देश दिया है। विशेष कर हर घर दस्तक कार्यक्रम के तहत हर घर के दरवाजे पर भ्रमण कर परिवार के लोगों को मतदान की तिथि तथा मतदान के समयावधि से अवगत कराने का निर्देश दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मुजफ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे 20 मई को अपने-अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। पांचवा चरण का चुनाव अब निकट आ जाने के कारण स्वीप गतिविधियों को रणनीतिक रूप से तेज करने का निर्देश दिया गया है ताकि वोटिंग के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।बैठक में जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को मतदान के दिन सदर अस्पताल,सभी पीएचसी,सभी सीएचसी को खोले रखने तथा डॉक्टर, नर्स, एंबुलेंस को तैनात रखने का निर्देश दिया है। साथ ही डिस्पैच सेंटर पर भी पर्याप्त संख्या में डॉक्टर नर्स दवा आदि की उपलब्धता रखने का निर्देश दिया गया है डिस्पैच सेंटर पर संपादित होने वाली संपूर्ण प्रक्रिया का पूर्व अवलोकन जिलाधिकारी की उपस्थिति में 17 मई को सेंटर पर तैनात कर्मियों द्वारा किया जायेगा।बैठक में उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ,नगर आयुक्त नवीन कुमार, मुजफ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन मनोज कुमार ,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा,उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार स्टेट बार काउंसिल ने की एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष एवं वरीय अधिवक्ता रमाकांत शर्मा सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर पहुँचे, जहाँ पर अधिवक्ताओं के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। श्री शर्मा दोनों एसोसिएशन में पहुँचे, जहां दोनों एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री हैं। नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश प्रगति की राह पर अग्रसर है। नरेन्द्र मोदी ने दस वर्षों में जो कार्य किया है, वह कार्य कोई महान व्यक्तित्व का व्यक्ति ही कर सकता है। उन्होंने अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग एकमत होकर एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मत करें और नरेंद्र भाई मोदी के हाथ में फिर से भारत की बागडोर दें। उन्होंने मुजफ्फरपुर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजभूषण निषाद एवं सीतामढ़ी से एनडीए प्रत्याशी देवेश चंद्र ठाकुर को भारी-से-भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील किया। विदित हो कि रमाकांत शर्मा एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में लगातार चुनावी दौरा कर रहे हैं। आज वे सिविल कोर्ट सीतामढ़ी का चुनावी दौरा करने के बाद सीधे सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर पहुँचे थे। उनके साथ जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकृष्ण ठाकुर, महासचिव सच्चिदानंद सिंह, एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशरण सिंह, महासचिव वी. के. लाल, वरीय अधिवक्ता विजय कुमार शाही, नवल प्रसाद सिंह, राजीव रंजन, राजू रंजन, मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा, मुकेश ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, संगीता कुमारी, भोलेनाथ वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

दसवीं की परीक्षा में भारती इंटरनेशनल के बच्चों ने लहराया परचम, साक्षी बनी टॉपर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी दसवीं की परीक्षा फल में सफलता का परचम लहराने वाले अपने टॉप टेन छात्र-छात्राओं को भारती इंटरनेशनल स्कूल ने गुरुवार को आयोजित सादे समारोह में सम्मानित किया । मौके पर मैट्रिक की परीक्षा में ग्रेड ए लाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रंजना भारती ,निदेशक अरुण कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रीता ठाकुर , अनुशासन पदाअधिकारी मनोज कुमार वरीय शिक्षक एनके झा, विक्रम कुमार ,सत्यम कुमार आदि ने मुंह मीठा कराया और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बच्चों में स्कूल टॉपर साक्षी कुमारी, कुणाल कुमार, कशिश कुमारी, ज्योत्सना, आदित्य राज ,प्रियांशु राज , लता कुमारी , संदीप राय ,शिवम कुमार , लक्ष्मी कुमारी, शिवम कुमार और सत्यम कुमार सिंह शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रधानाचार्य श्रीमती ठाकुर ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के बेहतर संयोजन और विद्यालय के मेधावी छात्राओं के अथक परिश्रम का परिणाम है यह परीक्षा फल । उन्होंने बेहतर नंबर से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी तथा बेहतर परीक्षा परिणाम लाने में सहायक शिक्षकों को भी बधाई दी। अध्यक्ष रंजना भारती ने अपने संबोधन में छात्रों के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए उनकी मेहनत और शिक्षकों के प्रयास को कारक बताया और कहा कि विद्यालय प्रबंधन छात्र छात्राओं के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत

शांति, एकजुटता व सद्भाव से स्थायी दुनिया कायम करना है : प्रो ब्रजमोहन मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। पब्लिक स्कूल लालबाग के तत्वावधान में शांति से एक साथ रहने का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। उद्घाटन डब्लूआईटी के पूर्व निदेशक प्रो ब्रजमोहन मिश्रा तथा विद्यालय के सचिव सह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० बी के मिश्रा के संयुक्त कर कमलों से हुआ।अपने उद्घाटन सम्बोधन में प्रो मिश्रा ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका को देखते हुए मानव जाति ने मानवीय मूल्यों के रक्षार्थ इस दिवस की आवश्यकता को समझा और लगभग एक दशक के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की घोषणा की। उन्होंने आगे कहा की इस दिवस का उद्देश्य शांति, एकजुटता और सद्भाव की एक स्थायी दुनिया कायम करना है। मुख्य अतिथि डॉ० बी के मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा की आज विश्व, युद्ध के भयंकर त्रासदी को झेल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध इसके उदहारण है। ऐसे में इस दिवस की सार्थकता और बढ़ जाती है। विश्व में शांति बानी रहे इसके लिए सभी देशों को सभी प्रकार के मतभेदों को स्वीकार करने, सुनने, पहचानने, सम्मान करने और सराहना करने की क्षमता को विकसित करना होगा। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रकृति से शांति की अपील करते हुए तुम आशा, विश्वास हमारे गीत पर भावनृत्य प्रस्तुत किया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने आवारा भँवरे नृत्य प्रस्तुत कर मानो यह जताया कि संगीत शांति का पैगाम है। गीत-संगीत, नृत्य देश की सीमाओं से परे होते है और लोगों को एकजुट होकर शांति से रहने में मददगार साबित हो सकते है। कार्यक्रम का संयोजन, प्रियंका मिश्रा तथा प्रतिभा ने तथा संचालन सलोनी ने किया। कोरियोग्राफी प्रीती ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ० यू के सिंह ने आगत अतिथितियों का स्वागत किया व धन्यवाद ज्ञापन अनीता भट्ट ने किया।

राजद को ए टू जेड की पार्टी बताने वाला तेजस्वी का दावा झूठा : आफताब आलम

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एमआईएमआईएम के स्टेट सेक्रेटरी आफताब आलम ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल को ए टू जेड की पार्टी बताने का तेजस्वी यादव का झांसा झूठा है। असली ए टू जेड पार्टी तो एआईएमआईएम है। उन्होंने आज यहां एक पत्रकार वार्ता में ये बातें कहीं। इंजीनियर आफताब आलम ने कहा कि असवुबुद्दीन ओवैसी की पार्टी बिहार में आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है । मुजफ्फरपुर में भी ए आई एम आई एम ने अपना प्रत्याशी खड़ा किया है। अपने इसी चुनाव प्रचार के दौरान एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमाम, प्रदेश सचिव इंजीनियर आफताब आलम, स्थानीय उम्मीदवार सहित अन्य कई नेताओं ने एक होटल में प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत की है।पत्रकारों से बात करते हुए एआइएमआइएम के प्रदेश सचिव इंजीनियर आफताब आलम ने कहा कि आज तेजस्वी यादव कहते हैं कि हमारा एम वाई समाप्त हो गया और अब हम ए टू ज की पार्टी हैं, पर तेजस्वी यादव बताएं कि उन्होंने टिकट बांटने के मामले में कितने मुसलमानों को टिकट देने का काम किया है ? कुल 22 उम्मीदवारों में 2 टिकट मुसलमान को मिला, यह कितना प्रतिशत है । आप जातीय जनगणना का आंकड़ा देख लीजिए और बताइये कि वह मुसलमानों ने, जिसने 1990 से लालू जी को वोट दिया उस 18 प्रतिशत आवादी वालों को केवल 2 टिकट और 14 प्रतिशत आवादी वाले यादवों को 9 टिकट ,यह बेइज्जती हम हर्गिज बर्दास्त नही करेंगे ।

पुलिस एवं एसएसबी जवानों ने ज्वाइंट फ्लैग मार्च कर भयमुक्त वातावरण में मतदान का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी लोकसभा चुनाव को लेकर भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण निर्माण का संदेश देते हुए मंगलवार को बेनीपट्टी के सर्किल इंस्पेक्टर नीरज कुमार वर्मा के नेतृत्व में साहरघाट पुलिस एवं गंगौर एसएसबी कैंप के जवानों ने थाना क्षेत्र में ज्वाइंट फ्लैग मार्च किया। उक्त फ्लैग मार्च साहरघाट थाना से शुरू होकरखटखटी चौक, रामजानकी चौक, नेताजी चौक, हनुमान मंदिर चौक, नायक टोल, बसबरिया चौक तक निकाली गई। फ्लैग मार्च के दौरान इंस्पेक्टर वर्मा ने लोगों से चुनाव के लिए भयमुक्त वातावरण निर्माण में सहयोग करने की अपील की। साथ ही संदेश दिया कि निर्वाचन को लेकर लागू आचार संहिता में अगर कोई असमाजिक तत्व लॉ एंड ऑर्डर को तोड़ने का प्रयास करता है,तो पुलिस वैसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। कहा कि अगर कहीं भी असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का उत्पात मचाने की कोशिश की जाती है या मतदाताओं को किसी प्रकार की धमकी दी जाती है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। इस दौरान बसबरिया चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान भी चलाया गया। मौके पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, गंगौर कैंप के इंस्पेक्टर चंदन सिंह, प्रशिक्षु एसआई हर्ष राज, एसआई आमोद कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह सहित स्थानीय थाना के पुरुष एवं महिला पुलिस बल, ग्रामीण पुलिस एवं एसएसबी के दर्जनों जवान शामिल थे।

प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण का ग्रामीणों ने किया जांच की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा) ।प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भरडीहा के भवन निर्माण में हो रहे घटिया काम का ग्रामीणों ने विरोध कर निर्माण कार्य रोक दिया है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य का शिकायत मोबाइल फोन पर एसडीओ ,डीएम, बीईओ तथा बीडीओ से करते हुए प्राक्कलन के अनुसार भवन निर्माण कराने की मांग किया है। तथा योजना पट्ट लगाने के बात की । मालूम हो कि कई वर्षों से इस विद्यालय में कक्षा का संचालन जैसे तैसे हो रहा था। ग्रामीण विद्यालय के भवन निर्माण कराने हेतु कई बार विभागीय अधिकारियों से मांग किया। लेकिन इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं होने पर आसन्न लोकसभा चुनाव में विद्यालय के भवन नहीं तो वोट नहीं की मांग को लेकर मतदान के वहिष्कार करने का निर्णय लिया और इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दिए। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने गांव पहुंचे और लोगों को विद्यालय भवन निर्माण जल्द शुरू करने का आश्वासन देते हुए मतदान का वहिष्कार नहीं करने का अपील किया। ग्रामीणों ने अधिकारियों के आश्वासन पर मतदान का वहिष्कार करने के अपने निर्णय को त्याग कर वोट किया। इधर विभागीय अधिकारियों ने भी ग्रामीणों से किए वादे पर खड़ा उतरते हुए विद्यालय के लिए 18 बाई 22 के एक कमरा का भवन निर्माण कार्य दो तीन दिन पूर्व प्रारंभ कर दिया। जिसमें चारों ओर के आवश्यकता अनुसार पिलड़ खड़ा कर फोंडेशन का ढ़लाई शुरू करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को सूचना मिली कि भवन निर्माण में उपयोग किया गया लोहा के छड़, सीमेंट, गिट्टी सहित अन्य सामग्री मानक के अनुसार है या नही इसकी सूचना पट्ट लगाने की मांग ग्रामिनी ने किया। साथ ही योजना स्थल पर बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। एकजुट ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे और योजना स्थल पर बोर्ड लगाने, उच्च क्वालिटी तथा मानक के अनुसार सभी सामग्री का भवन निर्माण में उपयोग करने की मांग करते हुए निर्माण कार्य रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ढलाई में कंक्रीट सीमेंट के जगह चैंपियन प्लस लगा रहा है और मानक के अनुसार सीमेंट गिट्टी बालू नही दिया जा रहा है। साथ ही इसकी सूचना डीएम सहित अन्य अधिकारी को मोबाइल से दिया। विभागीय अधिकारी के निर्देश पर बीपीएम आलोक कुमार ने योजना स्थल पर पहुंचे और निर्माण कार्य का जांच कर इसकी सूचना बीईओ को दी। बीईओ रामभरोश चौधरी ने बताया कि बीपीएम से निर्माण कार्य संबंधी जानकारी एवं फोटो मिली है। स्वयं शुक्रवार को निर्माण कार्य का जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया जाएगा। योजना स्थल पर बोर्ड लगाने निर्देश दिया गया है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। प्राक्कलन के अनुसार निर्माण नहीं होने पर विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जयगा ।

विभिन्न संगठनों ने सयुंक्त रूप से पूर्व उपमुख्यमंत्री का किया शोक सभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सुशील कुमार मोदी के दुखद एवं असामयिक निधन पर शोक प्रकट करने के लिए बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, दरभंगा शाखा, दधीचि देहदान समिति, दरभंगा, डिविजनल चैंबर ऑफ कॉमर्स ,दरभंगा एवं शक्तिधाम सेवा समिति, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में आज एक शोक सभा का आयोजन शक्ति धाम मंदिर परिसर के सभागार में किया गया। बैठक में पूर्व महापौर अजय कुमार जालान, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अजय कुमार पोद्दार ,पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका, बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ,दरभंगा शाखा के अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार पोद्दार , दधिचि देहदान समिति के शाखा अध्यक्ष मनमोहन सरावगी, शक्तिधाम सेवा समिति के अध्यक्ष पवन कुमार बगड़िया ,चैंबर के प्रधान सचिव सुशील कुमार जैन , विवेक कुमार बजाज, राजेश कुमार बोहरा , विनोद कुमार सरावगी, विप्र मंडल दरभंगा के सचिव सुरेश शर्मा, रूक्मानंद अग्रवाल आदि ने अपने संस्मरणों की चर्चा करते हुए सुशील कुमार मोदी के प्रति अपनी शोक संवेदना एवं उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित अन्य सभी ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीएम , एसएसपी ने लिया डिस्पैच सेंटर एवं सामग्री कोषांग की तैयारी का जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव के सफल एवं सुचारु संपादन सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों की टीम के साथ मुजफ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर एवं सामग्री कोषांग की तैयारी का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को डिस्पैच सेंटर पर सभी आवश्यक व्यवस्था पूरी जवाबदेही के साथ समय से पूर्व सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। मुजफ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए लंगट सिंह कॉलेज परिसर में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को मुजफ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र के वाहनों को सुव्यवस्थित रूप में विधानसभावार लगाने का निर्देश दिया ताकि मतदान कर्मी अपने-अपने मतदान सामग्री के साथ वाहनों पर आसानी से स्थान ग्रहण कर सके तथा सुगम रूप से ससमय अपने अपने गंतव्य स्थान के लिए मतदान दल जा सके। इसके लिए डीटीओ को पर्याप्त संख्या में कर्मियों को प्रतिनियुक्त करने तथा विधानसभावार ड्यूटी लगाकर समय से पूर्व कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को उक्त कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए समय से पूर्व सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डिस्पैच सेंटर से वाहनों का मतदान केंद्र तक जाने वाले रास्ते में आवागमन बाधित ना हो इसके लिए डीएसपी यातायात को रूट लाइन को क्लियर रखने का निर्देश दिया। डिस्पैच सेंटर पर मतदान दल की ब्रीफिंग की जाएगी ।पोलिंग पार्टी को ईवीएम वीवीपैट एवं मतदान सामग्री के साथ मतदान केंद्र के लिए प्रस्थान किया जाएगा।डिस्पैच सेंटर पर कर्मियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया। केंद्र पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बिजली को दिया। साथ ही भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यकता अनुसार बांछित जगह पर बैरिकेडिंग करने तथा लेवलिंग करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र स्थित सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी को चेक लिस्ट के अनुसार मतदान के सभी सामग्री का मिलान कर समय से पूर्व बैग की तैयारी करने तथा आवश्यकतानुसार कर्मी लगाने को कहा।जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त श्री नवीन कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व सह निवार्ची पदाधिकारी मुजफ्फरपुर श्री संजीव कुमार नगर पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश दीक्षित, पुलिस उपाधीक्षक यातायात श्री नीलाभ कृष्ण, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी श्री अमित कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिम श्री बृजेश कुमार , उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सत्यप्रिय कुमार सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह ने एनडीए प्रत्याशी अशोक कुमार यादव को वोट करने को लेकर जनता से की अपील

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका मध्य विद्यालय मैदान में भारी गर्मी के बीच दोपहर के 3बजे पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित करने,जनसभा संबोधन में अमित शाह ने मधुबनी लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर अशोक कुमार यादव के पक्ष में लोगो से वोट के लिए अपील किए। वही इस जनसभा में हजारों की संख्या में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण को सुने के लिए पहुंचे लोग वही इस जनसभा में भारी संख्या में महिलाओं और पुरुषों और युवाओं की भीड़ देखी गई। अमित शाह ने अपने 19 मिनट के भाषण में लालू यादव तेजस्वी और राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि देश के पहले अति पिछड़ा प्रधानमंत्री कोई बना है वो नरेंद्र मोदी बने है,50 60 के दसक में एक चर्चा चलता था की लोहिया जी की थ्योरी देश का भला करेगी या नही करेंगी इसको लेकर कहा की देश के अति पिछड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। नरेंद्र मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया, वहीं केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कश्मीर को लेकर कहा की कश्मीर हमारा है या नही है खरगे बोलते है राजस्थान और बिहार वालो को कश्मीर से किया लेना देना है। इस पर शाह ने कहां की आप पश्चिम पर कर गए लेकिन आपको पता नहीं मधुबनी का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की सरकार लालू यादव ने 70 सालो से कश्मीर में लगे धारा 370 को 5 अगस्त 2019 को नरेंद्र मोदी जी ने समाप्त कर दिया,अब पूरे भारत में एक ही झंडा एक ही एक ही संविधान और एक ही प्रधानमंत्री का नारा जो श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देकर गए थे उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। इंडि एलाइंस वाले कह रहे थे की मत हटाओ 370 मत हटाओ राहुल बाबा कहते थे खून की नदियां बह जाएगी, राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि खून की नदियां छोड़ो किसी की कंकर चलाने की भी हिम्मत नहीं है। इंडि एलाइंस लालू यादव का बेटा इसका जवाब दे स्त्रङ्ग' की बात मत करिए पाकिस्तान के पास एटम बम है फारूक अब्दुल्ला कहते हैं मणि शंकर अय्यर कहते हैं राहुल गांधी पाक के एटम बम से आप डरो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत इतना मजबूत है की कोई आइटम बम से डरने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जनसभा संबोधन मैं पक ऑक्यूपाइड कश्मीर को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि आज विद्यापति की धरती और मंडन मिश्र और अट्टा अगस्त मुनि के भूमि पर कह कर जाता हूं की पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर हमारा है हमारा रहेगा और इसको हम लेकर रहेंगे। साथ ही अमित शाह ने कहा कि इंडि एलाइंसवालो का कुछ होना नहीं है मगर मानलो की स्वप्न में ही अगर जीत जाते हैं जीतेंगे तो नहीं नरेंद्र मोदी ही 400 पर सीट लेकर आएंगे अगर जीत जाते ही है तो आप बताइए उनका प्रधानमंत्री कौन बनेगा। ममता बनर्जी बन सकती है क्या लालू जी बन सकते हैं क्या शरद पवार जी बन सकते हैं क्या जब इंडि एलाइंस वालो को पूछा कि तब प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है, तो बाड़ी-बाड़ी एक-एक साल बनेंगे बनेंगे। शाह ने लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि लालू जी आप ' बिहार में 15 साल मुख्यमंत्री और केंद्र में 10 साल मंत्री रहे अपने कपूर्री ठाकुर को कभी भारत रत्न का नाम नहीं दिया वो भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण बेनीपट्टी विधानसभा के विधायक विनोद नारायण झा हरलखी के विधायक सुधांशु शेखर मधुबनी लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर अशोक कुमार यादव दरभंगा लोकसभा के एनडीए सांसद प्रत्याशी गोपाल ठाकुर अररिया लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी प्रदीप सिंह विधायक हरिभूषण ठाकुर विधायक अरूण शंकर प्रसाद विधायक रामप्रीत पासवान महिला नेता सजल झा केवटी विधायक डॉक्टर मुरारी मोहन झा विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर मधुबनी के मेयर अरुण राय जेडीयू नेता विनोद सिंह बिहार के उद्योग मंत्री नितीश मिश्रा एनडीए गठबंधन के जिला अध्यक्ष एवं अन्य गण्यमान्य नेता मौजूद थे। वही जनसभा में पहुंचे महिलाओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील किया कि गरीब गुरवा लोग अपना पेट काट के सहारा में पैसा जमा किए थे, जो मुसिबत के समय यह पैसा काम आ सके। लेकिन सहारा में जमा किए हुए पैसे की निकासी ना होने से लोगो परेशान हो रखे है। जिसको लेकर महिलाओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सहारा में फेस पैसे को लेकर अमित शाह जल्द निकासी के लिए किया अपील।

संक्षिप्त खबरें

डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

भगवानपुर स्थित डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय के असैनिक अभियंत्रण विभाग के द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि मास्टर लर्नर, पटना के सिद्दीकी सर थे। इन्होंने बच्चों को सॉइल मैकेनिक्स के मूल बातों के बारे में अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बच्चों से सॉइल मैकेनिक्स के विविध प्रारूपों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले असैनिक अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो शांतनु ने विश्वविद्यालय के तरफ से सिद्दीकी सर का स्वागत किया। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक ओंकार शरद को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो अभिषेक कुमार ने दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० ब्रिजेश सिंह ने असैनिक अभियंत्रण विभाग को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह की गतिविधियां बच्चों को उनके विकाश में सहायक सिद्ध होता है और बच्चों को शिक्षा के विविध प्रारूपों से अवगत भी कराता है। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक प्रो अभिषेक कुमार, प्रो तनवीर आलम, प्रो ओंकार शरद, प्रो शानू, प्रो इमदाद हुसैन उपस्थित थें

चिराग पासवान ने उमेश कुशवाह के साथ किया हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में कई चुनावी सभा

- मुझे विकसित हाजीपुर बनाने के लिए अपना आशीर्वाद दे: चिराग
- रिकॉर्ड मतों से चिराग को जिताइये : उमेश कुशवाहा

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर।हाजीपुर लोकसभा के एनडीए समर्थित लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रत्याशी चिराग पासवान अपने संसदीय चुनाव क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के साथ हाजीपुर लोकसभा ठीकहीं मैदान करताहा लालगंज प्रखंड,राजकीय उच्च विद्यालय दयालपुर के मैदान प्रखंड हाजीपुर, खेल मैदान कर्णपुरा रानिपोखर प्रखंड राजापकड़,गाँधी उच्च विद्यालय स्टेडियम प्रखंड सहदेई,शिव सागर विद्या मंदिर रामदौली प्रखंड बिदुपुर,पूर्वी दिघी प्रखंड हाजीपुर,जीए हाई स्कूल प्रखंड भगवानपुर में विशाल चुनावी जनसभा में शामिल होकर देवतुल्य जनता से आगामी 20 मई को क्रमांक संख्या एक पर हेलीकॉप्टर छाप के आगे बटन दबाकर मुझे विकसित हाजीपुर बनाने के लिए अपना आशीर्वाद देने आग्रह किए। चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा की हमें तो गौरव है की मैं इसी लोकसभा क्षेत्र के मतदाता है जो स्व ० रामविलास पासवान जी समाजिक न्याय के प्रोद्ध जिनके नाम से ये हाजीपुर लोकसभा जाना जाता है उनको सुपुत्र चिराग पासवान जी खड़ा है आपके बीच में आप से आशीर्वाद लेने आए हैं हम तो आप लोग से यही आग्रह करेंगे जो रिकॉड रामविलास पासवान जी को आप लोगों ने कायम किया था उस ऐतिहासिक रिकॉड को उनके सुपुत्र चिराग पासवान जी के हाथ से टूटे यह आपसे विनती निवेदन करने आया हूँ। हाजीपुर में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ राष्ट्र के हित में नरेंद्र मोदी की हाथों को मजबूत करने और तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने की है तो वहीं दूसरी तरफ परिवारवाद और परिवार के लोगों को ही आगे बढ़ाने की लड़ाई है। इसमें जनता को तय करना है कि वह राष्ट्र के हित में इस चुनाव में भागीदारी लेती है या परिवारवाद और वंशवाद के हित में इस चुनाव में भाग लेती है। देश में आधा से ज्यादा चुनाव खत्म होने के साथ विपक्षी एकता एनडीए के आंधी से धराशाई हो चूका है बिहार के जनता हाजीपुर के साथ सभी 40 सीट एनडीए की झोली में डालने का मन बना चुकी है, ह्यमोदी-नीतीशह्न की जादुई जोड़ी के प्रति प्रदेश की जनता का अटूट विश्वास बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए के ऐतिहासिक जीत की गारंटी है।

चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते एनडीए प्रत्याशी

श्री चिराग ने कहा कि

हाजीपुर की ये धरती मेरे पिता जिसने मां का दर्जा दिया था जिस धरती की सेवा पापा ने सारी उम्र की जिसकी वजह से देश व दुनिया में लोग उन्हें पहचानते थे जो उनकी कर्मभूमि रही आज मुझे भी उसी धरती की सेवा करने का आने वाला दिनों में हाजीपुर लोकसभा के जनता का आशीर्वाद से सौभाग्य है मेरे लिए.. मैं एक बेटे से बेहतर कोई नहीं जान सकता अपने पिता के सपनों के बारे में उनके सोच के बारे में आज हाजीपुर के जनता से मैं वादा करता हूँ पापा के द्वारा किए गए जितने भी कार्य जो अधूरे रह गए हैं वह देश नहीं दुनिया में नंबर वन पर देखना चाहते थे सबसे ज्यादा विकसित जिलों की श्रेणी में देशभर में देखना चाहते थे मैं ये वादा आज हाजीपुर की जनता से करता हूँ पापा के जितने अधूरे कार्य छोटे बड़े जितने उन तमाम कार्यों को पूरा करूंगा और आने वाले दिनों में जिस दिन हाजीपुर के बजह से पापा को जाना जाता था मैं भी चाहता हूँ मेरी भी पहचान हाजीपुर से ही हो। यहां के लोगों से वादा करता हूँ आने वाले दिनों में एक सांसद के तौर पर नहीं जैसे पापा हमेशा यहां पर बेटा बनकर रहें वैसे ही बेटा बनकर उनके और हाजीपुर के हर एक व्यक्ति के सपने को पूरा करने का काम करूंगा। युवा साथियों से एक खास अपील करते हुए चिराग ने कहा की 20 तारिक को मतदान है अपने बूथ पर चाचा, चाची, दादा दादी कोई न छूटे ये बादा कीजिए पहले सभी लोग अपने बूथ पर मतदान करने के बाद ही जलपान करेंगे ये बादा कीजिए अपने सम्बोधन में श्री चिराग ने लोकतंत्र की हत्या करने वाले आज संविधान को खतरे में बता रहे हैं। जब तक चिराग पासवान जिन्दा है तब तक संविधान और आरक्षण को कोई खतरा नहीं है। देश में पीएम जन कल्याण योजना के तहत 81 करोड लोगों को राशन दिया जा रहा है। अगर देश में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो गरीबों को मिलने वाला राशन छीन लिया जाएगा। यह सोच कांग्रेस और राजद की है कांग्रेस विरासत टैक्स लगाने की सोच रही है।अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण एवं कश्मीर में धारा 370 को समाप्त किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद रामा सिंह, लालगंज विधायक संजय सिंह पातेपुर के विधायक लखिन्दर पासवान, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा,जदयू जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह, रालोमो जिला अध्यक्ष लालदेव राम,लोजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, मिडिया प्रभारी संतोष शर्मा साजेश पासवान जिला पार्षद मुकेश पासवान, अविनाश शर्मा, सौरभ शर्मा, गुलाम सबीर खान, दिनेश पासवान, मुकेश पटेल, संजय पासवान, प्रिंस शर्मा,अजित किशोर नारायण,रणविजय चौरसिया,संतोष स्वराज, सुरेंद्र ठाकुर,राकेश रौशन,अंजन सिंह,कामेश्वर सिंह सहित एनडीए के सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

रतनपुर रेलवे गुमटी के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत, पुलिस छानबीन में जुटी

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर : चौरा- गिद्धौर रेल मार्ग के रतनपुर रेलवे गुमटी के समीप एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।घटना की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामला गिद्धौर थाना क्षेत्र का बताया जाता है।

स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की सूचना गिद्धौर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गिद्धौर पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेज दिया गया है।प्रथमदृष्टया से यह लग रहा है कि युवक किसी ट्रेन के चपेट में आ गया था। जिससे युवक का सिर फट गया था। परिजनों के द्वारा इस मामले को लेकर लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अश्मिता से खेलवाड़ बर्दास्त नहीं करेंगें : ई. मुरारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ऑल इंडिया स्टूडेंट यूनियन कार्यालय मधेपुरा में जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार राजा के अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑल इंडिया स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. मुरारी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए विश्वविद्यालय में लागातार एक जाति के बोलबाला पर जमकर निशाना साधा। ई. मुरारी ने कहा कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा के जब से नया कुलपति का आगमन हुआ है तब से विश्वविद्यालय एक खाश जाति का विश्वविद्यालय बनते जा रहा है जहाँ अब सिर्फ ओर सिर्फ कुलपति के जाति का ही हर पद पर विराजमान होने की मानों होर लग गई है। विश्वविद्यालय की गरिमा को ताक पर रखकर कब किसका जन्मदिन और पुण्यतिथि मना दे पता ही नहीं चलता है। और तो और कुछ पदाधिकारी तो नियम को ताक पर रखकर लागातार एक खाश संगठन का सदस्यता के साथ - साथ लागातार पद भी ग्रहण कर रहे हैं जो इस इलाके के संस्कृति और सभ्यता से खेलवाड़ है। हमलोगों को यह चिंता सताने लगीं है की कही आने वाले दिनों में गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव के सपनों को चूर - चूर करके यह विश्वविद्यालय दरभंगा या कोई अन्य जगहों पर न चला जाए। इसलिए साथियों के साथ बैठक करके आगामी चरण बद्ध आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई है। और विश्वविद्यालय की साख को बचाने के लिए ऑल इंडिया स्टूडेंट यूनियन अपनी आखिरी सांस तक लड़ेगी और जब तक विश्वविद्यालय से संघी और मनुवादी लोगों को भगा नहीं देते हैं तब तक चुप नहीं बैठेंगे। बैठक में राज कुमार राजा, ओम यदुवंशी, अमृत राज, पुष्पक कुमार, अंकित कुमार, गुलशन कुमार, विवेक कुमार, छोटू कुमार, राजा कुमार, ब्रजेश कुमार, ओम कुमार, प्रशांत कुमार, सुशांत कुमार सहित दर्जनों छात्र नेता मौजद थे।

वीटीआर बढ़ाने को लेकर डीएम का गहन क्षेत्र भ्रमण और समीक्षा बैठक

- फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस भी वोट करने हेतु मोटिवेट करें : एसपी

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा चुनाव की तैयारियों और मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आज गहन क्षेत्र भ्रमण करते हुए वैशाली जिला के आधा से अधिक प्रखंड में विजिट किया गया। सभी सेक्टर पदाधिकारी, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और सभी सुप्रीवाइजरी स्टाफ के साथ अब तक की गई स्वीप एक्टिविटीज की गहन समीक्षा की गई और साथ ही अगले चार पांच दिनों के लिए उन्हें टास्क भी सौंपा गया। बैठक में एडीएम, डीडीसी, डीपीआरओ, एसडीएम तथा जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी की मौजूद थे। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक मतदान केंद्र हेतु पंचायत स्तरीय कर्मियों की चार टीम बनाई जाए। उनके साथ मतदाताओं की टैगिंग की जाए ,ताकि सभी कर्मी व्यक्तिगत रूप से वोटर को मोटिवेट कर सके। सभी प्रखंड एवं नगर परिषद स्तर के पदाधिकारी को चार-पांच सेक्टर का प्रभारी बनाया गया, ताकि बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। सभी पदाधिकारी को अगले चार-पांच दिन में सघन माइकिंग एवं स्वीप एक्टिविटीज करने का निर्देश दिया गया। निर्देश दिया गया की पंचायत स्तरीय कर्मी मतदान के दिन पंचायत में ही बने रहेंगे और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। जीविका दीदियां, आशा कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, चौकीदार आंगनबाड़ी सेविका, किसान सलाहकार, विकास मित्र आदि को समयबद्ध टास्क दिए गए ।साथ ही जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों,मनरेगा के पीओ, जेई आदि को भी वोटर को मोटिवेट करने का टास्क दिया गया। जिला पदाधिकारी ने रास्ते में कुछ लोगों से मिलकर संवाद भी किया।

सुशील कुमार मोदी एक लोकप्रिय राजनेता एवं एक सहृदय इंसान थे : प्रधानाचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी एक लोकप्रिय राजनेता एवं एक सहृदय इंसान थे। उन्होंने बिहार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह बात ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कही। वे गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने बताया कि सुशील कुमार मोदी ने बिहार की राजनीति को एक नई दिशा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि सुशील कुमार मोदी लोकनायक जयप्रकाश नारायण (जे. पी.) के सच्चे सिपाही थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीएनएमयू के सीनेटर सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. रंजन यादव ने कहा कि सुशील कुमार मोदी ने बिहार में विपक्ष के नेता और उप मुख्यमंत्री-सह वित्त मंत्री के रूप में काफी सराहनीय कार्य किया। नगर उपाध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि सुशील कुमार मोदी परिषद् के परिषद् के प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश संगठन मंत्री, उत्तर प्रदेश-बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे थे। नगर उपाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने कहा कि सुशील मोदी अपने कार्यकताओं का काफी सम्मान करते थे। इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आमोद आनंद, नगर मंत्री अंकित आनंद, जिला संयोजक नवनीत सम्राट, विभाग संयोजक सौरभ कुमार यादव, सोनू कुमार, अंशु कुमारी, सोनाली कुमारी, प्रतिभा कुमारी, बेगम, रिमी कुमारी, राखी कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रतिभा कुमारी, मुस्कान कुमारी, सरस्वती कुमारी, जुली कुमारी, पल्लवी कुमारी, नूतन कुमारी, नैना कुमारी, रूपम कुमारी, विक्की विजेता, प्रिया कुमारी, गुड़िया कुमारी मनीषा कुमारी, खुशी कुमारी, मनीष भारती, मिथिलेश कुमार, आशीष कुमार, अभिनव कुमार, सैयद मोहम्मद, विकास कुमार, आशीष कुमार झा, रणविजय कुमार, आनंद एवं शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

वाहन के चपेट में आने से युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ ।महुआ थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के एक मजदूर की मौत सुबह में टहलने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ जानें से हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और सभी रोने पीटने लगे। घटना से आक्रोशित लोगों ने शव के साथ ताजपुर महुआ मार्ग को छतवारा में जाम कर हंगामा शुरू कर दिया।जिस कारण उक्त मार्ग पर करीब 4 घंटे तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह गोपालपुर निवासी सोहन दास के 40 वर्षीय पुत्र संजय कुमार उर्फ निराला सुबह 5 बजे के आसपास प्रतिदिन की भांति टहलने के लिय घर से निकला था।इसी दौरान नीझमा गांव के समीप अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार दिया जिससे इस घटना में घटनास्थल पर ही मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर कुमारी रीना दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई।इस दौरान कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिय भेजा जा ही रहा था की आक्रोशित ग्रामीणों दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी तथा मुआवजे की मांग को लेकर छतवारा बाईपास के समीप सड़क जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। जिससे उक्त स्थल पर घंटो अफरा तफरी मची रही।इस दौरान महुआ ताजपुर मार्ग पर दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।सड़क जाम के कारण उमस भरी गर्मी में राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।बाद में पहुंचे सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार,देवी शंकर द्विवेदी ने सभापति नवीनचंद्र भारती,पैक्स अध्यक्ष रामाशंकर कुमार,वार्ड पार्षद मो वसीम,विजय कुमार रौशन,सौरभ कुमार,समिति सदर पवन राय के पहल पर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शव पोस्टमार्टम के लिय सदर हॉस्पिटल हाजीपुर भेज दिया।तब जाकर करीब 4 घंटे बाद उक्त मार्ग पर पुनः यातायात सामान्य हो सका।

एक्सिस बैंक ने प्रतिभा अधिग्रहण कार्यक्रम अराइज कम ऐजयूआर की लांच

बैंकिंग में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस पेशेवरों के लिए कर रहा नए युग की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने अपने दिलसेओपन विचार के अनुरूप कशिश मुंबई इंटरनेशनल क्वीयर फिल्म फेस्टिवल में एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के लिए प्रतिभा अधिग्रहण कार्यक्रम अराइज कम ऐज यू आर प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन कैंपस कार्यक्रम है, जो कौशल-आधारित नियुक्ति पर केंद्रित है।

और विशिष्ट डिग्री या कॉलेज जैसे पारंपरिक कारकों के मुकाबले व्यक्ति के कौशल और क्षमता को प्राथमिकता देता है। यह भर्ती कार्यक्रम भारत के किसी भी कॉलेज से प्रतिभाशाली एलजीबीटीक्यूआईए प्लस व्यक्तियों का एक्सिस बैंक के साथ बैंकिंग में आवेदन करने और करियर बनाने के लिए स्वागत करने के लिए तैयार किया गया है। एक्सिस बैंक की प्रेसिडेंट और हेड- ह्यूमन रिसौर्सेस, राजकमल वेम्पति ने इस पहल के बारे में कहा कि हमने विविधता, समानता और समावेशन पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, जो विशिष्ट जीवन यात्राओं और लिंग के प्रतिमानों से परे फैली विभिन्न किस्म की पहचानों के महत्व का सम्मान और स्वीकृति प्रदान करता है। 5 साल तक के अनुभव वाले नए स्नातकों और पेशेवरों को एक गतिशील और समावेशी वातावरण में अपना करियर शुरू करने का समान अवसर मिलेगा जो उनके कौशल, क्षमता और नए दृष्टिकोण पर केंद्रित होगा। यह उन्हें बैंकिंग क्षेत्र में अपने कौशल और ज्ञान को विकसित करने में मदद करने के लिए सीखने के पर्याप्त अवसर भी प्रदान करेगा। 2022 में बैंक ने एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के अपने ग्राहकों के लिए ग्रुप मेडिकेयर उत्पादों की पेशकश करने के लिए टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईजी) के साथ साझेदारी की।

डॉ. सुधांशु ने लंबे समय तक विश्वविद्यालय प्रशासन में निभाई कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा लगभग सात वर्षों तक लगातार बीएनएमयू प्रशासन में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु शेखर ने अब अपने पैतृक महाविद्यालय ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में नई पारी की शुरूआत की है। उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (स्थापना) एवं विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के प्रभारी अध्यक्ष दोनों ही पदों से मुक्त करते हुए उन्हें पूर्णकालिक रुप से महाविद्यालय भेज दिया गया है। इस बावत मंगलवार को कुलपति प्रो. विमलेन्दु शेखर झा के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने अधिसूचना जारी कर दी है। मालूम हो कि तत्कालीन कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण ने अगस्त 2022 में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से डॉ. शेखर को जनसंपर्क पदाधिकारी एवं उपकुलसचिव (अकादमिक) के दायित्वों से मुक्त कर उपकुलसचिव (स्थापना) की जिम्मेदारी दी थीं। डॉ. शेखर इस जिम्मेदारी को पूरी सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाया और अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। इनके कार्यकाल में स्थापना शाखा बहुत हद तक व्यवस्थित हुआ और इसकी कार्य प्रणाली में भी गुणात्मक परिवर्तन आया।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना मेंएपांच लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) गढ़िया गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर से तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। बताया गया कि एक पक्ष के जगदेव यादव, दूसरा पक्ष के अनमोल यादव के बीच पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चल आ रहा है।

एक पक्ष के घायल सुमित कुमार ने बताया मेरे हिस्से की जमीन में दूसरा पक्ष के अनमोल यादव, अमला देवी शांति देवी अन्य परिजन जलावन रख रहे थे मना किए तो गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में एक पक्ष के जगदेव यादव, सुशील यादव, सुमित कुमार घायल हो गए। वही दूसरा पक्ष के अनमोल यादव , अमला देवी घायल हो गए। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया मारपीट की घटना हुई है। इलाज के लिए भेजा गया है। आवेदन मिलते ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सीओ के खिलाफ लोगों में बढ़ रहा है आक्रोश, एक पदाधिकारी के ऊपर ऐसा आरोप चिंता का विषय

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) मुरलीगंज के अंचलाधिकारी किसलय कुमार के प्रति शहर के लोगों में अब आक्रोश पनपता जा रहा है। लोग पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग करने लगे हैं। साथ ही ऐसे अधिकारी को पद छोड़ देने की भी बात कही जा रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे छवि वाले अधिकारी के रहने से समाज में गलत संदेश जा रहा है। इसपर वरीय अधिकारियों को संज्ञान लिया जाना चाहिए। हालांकि यह मामला पटना उच्च न्यायालय में चल रहा है। फिलहाल सीओ किसलय कुमार जमानत पर बाहर हैं। वहीं पीड़िता न्याय के लिए दर दर भटक रही है। ज्ञात हो कि मुरलीगंज के वर्तमान सीओ किसलय कुमार पर आरोप है कि पढ़ाई के दौरान हीं पटना में उन्होंने एक बीपीएससी की तैयारी कर रही एक लड़की से शादी का झांसा दे कर अवैध संबंध बनाया। फिर शादी करने से मुकर गए और किसी अन्य लड़की से उनकी शादी सेट हो गई है। यह मामला पटना के एसके पूरी थाना में भी दर्ज है। जिसमें दहेज प्रथा तथा अन्य संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मामले में लोगों की रायः

ये मामला शहर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। पीड़िता सब के सामने अपना पक्ष रख रही है। लेकिन सीओ साहब अपना पक्ष रखने से मुकर रहे हैं। इस बात से साबित होता है कि वो दोषी है। इनके कारनामे से समाज के महिलाओं में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ऐसे अधिकारी को अपना पद छोड़ देना चाहिए।

दिनेश मिश्र, पूर्व वार्ड पार्षद

एक पदाधिकारी के बारे में जब ऐसी बातें सामने आ रही है तो निश्चित ही से यह चिंता का विषय है। सीओ किसलय कुमार को सामने आ कर स्पष्ट करना चाहिए। जिला प्रशासन को भी इस मामले में हस्तक्षेप कर मामले की जानकारी ले कर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि इससे शासन प्रशासन के साथ सरकार की भी बदनामी होती है।

रामकृष्ण मंडल प्रदेश महासचिव जदयू बिहार

पटना में अध्ययन के दौरान जो शादी का प्रलोभन देकर यौन शौषण मुरलीगंज के वर्तमान सीओ ने किया है। यह सरासर गलत है। पीड़िता न्याय के लिए भटक रही है। लेकिन सीओ साहब कोई सुध नहीं ले रहे हैं। ऐसे अधिकारी पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए

उदय चौधरी, पार्षदऐसे मनचले मिजाज के अधिकारी का पद पे बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। जिला प्रशासन या सरकार इस पर कार्रवाई नहीं करती है तो हम सभी युवा जन आंदोलन करने को लेकर बाध्य होंगे

स्काउट गाइड और नगर परिषद के कर्मियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ। लोकसभा चुनाव की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आती जा रही है महुआ प्रखंड क्षेत्र के अनेकों विभागों के कर्मियों के द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। वही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान क्षेत्र में बीएलओ द्वारा डोर टू डोर जाकर स्वीप कोषांग के द्वारा उपलब्ध कराए गए जागरुकता पंपलेट को घर घर जाकर मतदाताओं को वितरित करते हुए मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में नगर परिषद महुआ द्वारा सफाई पर्यवेक्षक एवं सफाई कर्मियों द्वारा भी गुरुवार को मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महुआ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और चौक चौराहों पर घूम घूम कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर सफाई पर्यवेक्षक सुनील कुमार,गुड्डू कुमार, सूरज कुमार, चंदन कुमार के साथ साथ सफाई कर्मियों में विक्की मलिक, रंजीत कुमार, रवि,अजय रावत, दिनेश मलिक, शंकर मलिक, विशाल मलिक आदि के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वही गुरुवार को महुआ प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के स्काउट गाइड के द्वारा भी विधालय के पोषक क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित करते हुए मतदाता को जागरूक करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दिन मतदान करने की अपील की गई। इस मौके पर स्काउट मास्टर राजेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार,विधालय के प्रधानाध्यापक विंदेश्वर राम, स्काउट मनीष कुमार,आदित्य कुमार,गाइड मनीषा कुमारी,अनामिका कुमारी, मुस्कान कुमारी शामिल थे।

मामूली विवाद को ले हुए मारपीट की घटना, तीन लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) रहटा वार्ड नंबर 13 में मामूली विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए तीनो घायल को सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। बताया गया कि एक पक्ष के सुभाष यादव के घर की महिला दूसरा पक्ष के सुदेश यादव के खेत में लगे घास के पौधा को काट लिया। दूसरा पक्ष के सुदेश यादव, मंतोष यादव, विभीषण यादव, गौरव यादव अन्य एक पक्ष के सुभाष यादव को कहने गए तो एक दुसरे के बीच गाली गलौज होते होते मारपीट होने लगा मारपीट की घटना में एक पक्ष के रेणु देवी, सुभाष यादव, गुड्डू यादव घायल हो गए। इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया।

सम्पादकीय

हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं

इस्राइल ने दक्षिणी गाजा के शहर राफा में सैनिक अभियान शुरू कर दिया है। सेना ने सोमवार रात को राफा में हवाई हमले किए जिनमें 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इस सैन्य कार्रवाई के बाद इस्राइल और फिलिस्तीन के बीच संभावित युद्ध-विराम के रास्ते बंद हो गए हैं। हैरानी की बात है कि इस्राइल के पैरोकार अमेरिका की अनिच्छा और अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के विरोध के बावजूद इस्राइल गाजा को पूरी तरह तबाह करने पर आमादा है। विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर. इस्राइल और उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शांति की राह छोड़कर युद्ध के पथ पर चलने की ताकत और प्रेरणा कहां से मिल रही है। करीब आठ महीने से चल रहे इस युद्ध के बारे में कहा जा सकता है कि इस्राइल अब आत्मरक्षा के लिए नहीं, बल्कि घरेलू राजनीति में बढ़त बनाने के लिए यह युद्ध लड़ रहा है। हमास युद्ध विराम के लिए तैयार है, लेकिन इस्राइल ने यह कहते हुए इस प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया कि इससे उसकी मुख्य मांगें पूरी नहीं होतीं। गाजा पट्टी के शहर राफा में करीब 14 लाख फिलिस्तीनी शरण लिए हुए हैं जो इस्राइल के ताजा सैन्य अभियान से डरे और सहमे हुए हैं। इनका जीवन संकटग्रस्त है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने चेतावनी दी है कि राफा में जमीनी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी लेकिन इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने अपने कान बंद कर रखे हैं। इस्राइल के सैनिक अभियान से जाहिर होता है कि वह इसके जरिए अपने बंधकों को रिहा कराना और हमास के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना चाहता है। हालांकि सैन्य कार्रवाई के जरिए बंधकों की रिहाई आसान नहीं है। हकीकत यह है कि इससे बंधकों की जान को खतरा पहुंच सकता है। वास्तव में युद्ध-विराम और शांति समझौते के रास्तों पर आगे बढ़कर ही बंधकों की सुरक्षित रिहाई संभव है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि हर समस्या का हल सैनिक अभियान नहीं हो सकता। आक्रामक सैनिक अभियान से गाजा के मासूम नागरिक ही मारे जाएंगे। अब तक करीब 35 हजार नागरिक मारे गए हैं। इस्राइल को अपने गॉड फादर अमेरिका से सबक लेना चाहिए कि उसे आखिरकार, अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी क्यों करनी पड़ी। वियतनाम के साथ लड़ाई में उसे क्या हासिल हुआ। बंदूक की गोली से नहीं शांति वार्ता की मेज से ही समस्या का हल निकलेगा। यह सार्वभौमिक सत्य है, जिसे समझा जाना चाहिए।

और अब नामांकन भी बन गया उत्सव

निर्मल रानी

चाहे वह प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह हो, चुनाव प्रचार में रैली या रोड शो करना हो, जी एस टी जैसी नीति लागू करनी हो यहां तक कि कोविड जैसी विश्व की अब तक की सबसे बड़ी आपदा ही क्यों न हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन जैसे सभी अवसरों में उत्सव तलाशने में विशेष महारत रखते हैं। हालांकि समय समय पर जरुरत के अनुसार वे यह भी बताने से भी नहीं चूकते कि उनकी परवरिश बेहद गरीबी में हुई। वह सार्वजनिक तौर पर भी कई बार अपनी गरीबी का जिक्र करते हुये अपने बचपन की कई दास्तानें सुना चुके हैं। वे स्वयं अपने व अपनी मां के पीड़ादायक दिनों का जिक्र करते हुये बता चुके हैं-कि बेचारी मेरी मां बर्तन साफ किया करती थीं। मैंने अपनी मां को दूसरों के घरों में बर्तन मांजते देखा है। साथ ही वह हमारा पालन पोषण भी बखूबी करती थीं। उन्होंने यह भी बताया था कि- हम बिनौले छीलते थे, सुबह बेचने जाते थे, जिससे हमें जीने के लिए कुछ मजदूरी मिलती थी। मोदी ने कहा कि मजबूरियों से घिरी मां के बोझ को कम करने के लिए मैंने खुद चाय बेची थी। प्रायः वे अपनी परवरिश के लिए दिये गये अपनी मां के बलिदान को याद करते रहते हैं। उनकी इस बाल कथा को सुनकर निश्चित रूप से सुनने वालों का मन यह सोचकर द्रवित हो उठता है कि इतनी गरीबी में पलने वाला व्यक्ति किस तरह भारतीय संविधान व लोकतंत्र की महिमा से देश के सर्वोच्च पद तक पहुँच सका। और जब वही मोदी यह कहते हैं कि मैं प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधानसेवक हूँ। वे स्वयं को फक ीर भी बताते हैं। यहाँ तक कि जब उनसे यह पूछा जाने लगता है कि उनमें यह फकीरी आई कहाँ से? और वे खुद ही यह भी कहते हैं कि-विरोधी मेरा क्या कर लेंगे? हम तो फक ीर आदमी हैं, झोला लेकर चल पड़ेंगे। यह फक ीरी है, जिसने मुझे गरीबों के लिए लड़ने की ताकत दी है। संघ से जुड़े अपने शुरूआती दिनों पर रौशनी डालते हुये वे यह भी बता चुके हैं कि काफी दिनों तक वे अहमदाबाद के मणिनगर में डॉ. हेडगेवार भवन में रुके थे, वहां वे सफाई करते थे। वहां उनका यही काम था, सुबह 5 बजे उठना, झाड़ू-पोछा लगाना. सबके लिए चाय बनाना और 5.20 बजे सबको उठाकर चाय देना। मोदी यह भी कह चुके हैं कि-कोई भरोसा नहीं करेगा, लेकिन मैं 35 साल तक भिक्षा मांग कर खाया हूं। बेशक ये बात किसी के गले नहीं उतरेगी। हालांकि, मैं कहीं बता कर नहीं जाता था। वहां जाने पर जो भी मिल जाता, मैं खा लेता। अगर नहीं मिलता तो नहीं खाता। मेरा जीवन ऐसे ही गुजरा है। कभी पार्टी के काम से देर से आया तो खिचड़ी बना कर खा लेता था। और प्रधानमंत्री बनने के बाद जब वे कभी कभी संतों की वेशभूषा में कहीं कहीं शाष्टांग दंडवत करते दिखाई देते हैं तो भी यही गुमान भी होने लगता है कि वास्तव में देश को गरीबी में परवरिश पाने वाला कोई संत फक ीर रुपी प्रधानमंत्री मिला है। जाहिर है ऐसे घोर गरीबी में पलने वाले ऐसे व्यक्ति से तो यही उम्मीद की जा सकती है कि उसका सारा जीवन सादगी से भरा हुआ होगा उसके रहन सहन व क्रिया कलापों में भी सादगी की झलक नजर आएगी। और उसका सारा जीवन गरीबों के कल्याण में व उनका जीवन स्तर ऊपर लेजाने में गुजरेगा।

परन्तु इन्हीं नरेंद्र मोदी का एक ऐसा रूप भी है जो उनकी बालकथा से बिल्कुल विपरीत है। उनका खान पान परिधान आदि तो शाही हैं ही साथ ही उनके राजनैतिक व सरकारी क्रिया कलाप व आयोजन भी इतने खचीर्ले हैं जितने कि पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री के नहीं रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपनी यात्रा के लिए लगभग 8, 458 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दो बोईंग 777-300ईआर विमान खरीदे। यह विमान अमेरिकी राष्ट्रपति के एयरफोर्स वन की तरह के हैं। बल्कि कई मामलों में उससे भी आधुनिक हैं। एक ह्यगरीब प्रधानमंत्रीह्ल के इस कदम की बहुत आलोचना हुई थी क्यूंकि इसमें देश की गरीब जनता का पैसा लगा था। इसी के साथ मोदी ने सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के तहत नया संसद भवन बनवा डाला। इस परियोजना की लागत अनुमानतः 13, 450 करोड़ थी। यह भी जनता के टैक्स के पैसों से बनाया गया ऐसा प्रोजेक्ट था जिसकी देश को कोई आपातकालीन जरुरत नहीं थी। पुराना संसद भवन भी अभी पूरी तरह मजबूत अवस्था में है। मगर यह सब एक फक ीर प्रधानमंत्री के फैसले थे। मोदी जी को जहां मंहगे व बेशक ीमती परिधान पहनने व दिन में कई बार लिबास बदलने का शौक है वहीँ इनकी घड़ियाँ व पेन आदि भी लाखों रुपए क ीमत के और विदेशी होते हैं। याद कीजिये राष्ट्रपति ओबामा के भारत दौरे पर मुलाकात के समय नरेंद्र मोदी ने जो कोट सूट पहना था उसके फैब्रिक में ही नरेंद्र दामोदरदास मोदी बुना हुआ था। जब इस आलीशान शहंशाही परिधान की खूब आलोचना हुई तो इसे नीलाम कर दिया गया। उसी के बाद विपक्षी मोदी सरकार को सूट बूट वाली सरकार कहते हैं। मेकअप कराना फोटो शूट कराना, पोज देना, कैमरे में अपने सिवा अन्यों को फ्रेम से बाहर रखना जैसी फक ीरी भरी बातों से तो सभी वाकिफ हैं।

इतना ही नहीं बल्कि सरकारी खर्च पर बड़े बड़े आयोजन करना चुनावी सभाओं व रैलियों को करोड़ों खर्च कर उत्सव का रूप देना, अपनी छवि चमकाने के लिया एजेंसियां अनुबंधित करने व विज्ञापन आदि पर जनता का पैसा खर्च करना भी इनके शगल में शामिल है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान सी प्लेन मोदी ने सी प्लेन उद्घाटित किया और वोट बटोरने की कोशिश की परन्तु बाद में वह सेवा ही बंद हो गयी। जी एस टी जैसा कथित तौर पर व्यावसायिक विरोधी कहा जाने वाला कानून जिस रात लागू हुआ उस रात तो ऐसा जश्न मनाया गया गोया देश को नई आजादी मिली हो। चुनावों में होने वाले इनके रोड शो बेहद खचीर्ले होते हैं। इनके रोड शो में ट्रकों में भरकर फूल मंगाए जाते हैं। एक स्थान पर सैकड़ों कार्यकर्त्ता उनकी पंखुड़ियां अलग करते हैं। फिर पूरे रस्ते में पार्टी कार्यकर्त्ता निर्धारित दूरी व स्थान पर थैलों में उन पंखुड़ियों को लेकर सड़कों व छतों पर खड़े होते हैं। और ह्यशहंशाह रुपी फक ीरह्ल के वहां से गुजरने पर उनपर पुष्प वर्षा करते हैं। जबकि देश को टी वी पर देखने में यही लगता है कि जनता फूल बरसा कर उनका स्वागत कर रही है। पिछले दिनों वाराणसी में उनके नामांकन के दौरान भी इसी तरह का दृश्य देखने को मिला। पहले उन्होंने 13 मई को वाराणसी में 6 किमी लंबा बेहद खचीर्ला रोड शो किया। उसके बाद क्रूज पर बैठ वाराणसी के घाटों का भ्रमण किया। उसी क्रूज पर एक ह्यगोदी मीडियाह्ल के सदस्य टी वी चैनल को एक सुगम साक्षात्कार दिया। उसमें अपनी भावुकता जमकर दशार्यी।

औषधीय एवं पौष्टिक गुणों से भरपूर सहजन की खेती में लागत कम, आय ज्यादा

पृथ्वी पर पाए जाने वाले किसी भी पौधे में सहजन के बराबर औषधीय एवं पौष्टिक गुण नही पाए जाते है। सहजन बिहार में सालो भर उगाये जाने वाला बहुवर्षीय सब्जी है। सहजन के लिए किसी विशेष देखभाल की आवश्यकता नही होती हैं। सामान्यतः सहजन में फल सालभर में एक बार आता है, जिसके फल का उपयोग लोग साल में एक बार जाड़े के दिनों में सब्जी के रूप में करते हैं। सहजन की कुछ प्रजातियों में फल साल में दो बार आता है। दक्षिण भारत में सहजन के फूल, फल, पत्ती का उपयोग अपने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में सालों भर किया जाता हैं। सहजन की खेती भारत ही नहीं बल्कि फिलीपिंस, मैक्सिको, श्रीलंका, मलेशिया आदि देशों में होती है। सहजन के बीज से तेल भी निकाला जाता है। बीज को उबालकर सुखाने और फिर पाउडर बनाकर विदेशों में निर्यात भी किया जा रहा है। सहजन में औषधीय गुण प्रचुर मात्रा में है और इसके पौधे के सभी भागों का उपयोग विभिन्न कार्यो में किया जाता है। सहजन का वैज्ञानिक नाम मोरिंगा ओलीफेरा है। सामान्यतया यह एक बहुवर्षीय, कमजोर तना और छोटी-छोटी पत्तियों वाला लगभग दस मीटर से भी उंचा पौधा होता है। यह कम उपजाऊ जमीन में भी बिना सिंचाई के सालों भर हरा-भरा और तेजी से बढने वाला पौधा है। हाल के दिनों में सहजन का साल में दो बार फलने वाला वार्षिक प्रभेद तैयार किया गया है, जो न सिर्फ ज्यादा उत्पादन देता है, बल्कि यह प्रोटीन, लवण, लोहा, विटामिन-बी, और विटामिन-सी. से भरपूर है। बिहार के किसानों और खासकर अपनी भू-भागीय पसंद के कारण सहजन दियारा क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी फसल प्रणाली का एक आर्थिक महत्व का उपयुक्त फसल हो सकता है।

डाक्टर एसके सिंह
केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक हैं

सहजन के महत्व को उत्तर भारत की तुलना में दक्षिण भारत के लोगों को पहले से मालूम है ।लेकिन अब इसका महत्व सभी को पता है ।जब पौष्टिक सब्जियों की चर्चा होती है तो सबसे पहले जो नाम आता है,वह सहजन है। पृथ्वी पर पाए जाने वाले किसी भी पौधे में सहजन के बराबर औषधीय एवं पौष्टिक गुण नही पाए जाते है। सहजन बिहार में सालो भर उगाये जाने वाला बहुवर्षीय सब्जी है। सहजन के लिए किसी विशेष देखभाल की आवश्यकता नही होती हैं। सामान्यतः सहजन में फल सालभर में एक बार आता है, जिसके फल का उपयोग लोग साल में एक बार जाड़े के दिनों में सब्जी के रूप में करते हैं। सहजन की कुछ प्रजातियों में फल साल में दो बार आता है। दक्षिण भारत में सहजन के फूल, फल, पत्ती का उपयोग अपने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में सालों भर किया जाता हैं। सहजन की खेती भारत ही नहीं बल्कि फिलीपिंस, मैक्सिको, श्रीलंका, मलेशिया आदि देशों में होती है। सहजन के बीज से तेल भी निकाला जाता है। बीज को उबालकर सुखाने और फिर पाउडर बनाकर विदेशों में निर्यात भी किया जा रहा है। सहजन में औषधीय गुण प्रचुर मात्रा में है और इसके पौधे के सभी भागों का उपयोग विभिन्न कार्यो में किया जाता है।

सहजन का वैज्ञानिक नाम मोरिंगा ओलीफेरा है। सामान्यतया यह एक बहुवर्षीय, कमजोर तना और छोटी-छोटी पत्तियों वाला लगभग दस मीटर से भी उंचा पौधा होता है। यह कम उपजाऊ जमीन में भी बिना सिंचाई के सालों भर हरा-भरा और तेजी से बढने वाला पौधा है। हाल के दिनों में सहजन का साल में दो बार फलने वाला वार्षिक प्रभेद तैयार किया गया है, जो न सिर्फ ज्यादा उत्पादन देता है , बल्कि यह प्रोटीन, लवण, लोहा, विटामिन-बी, और विटामिन-सी. से भरपूर है। बिहार के किसानों और खासकर अपनी भू-भागीय पसंद के कारण सहजन दियारा क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी फसल प्रणाली का एक आर्थिक महत्व का उपयुक्त फसल हो सकता है । सामान्यतया 25-30 डिग्री सेल्सियस के औसत तापमान पर सहजन के पौधा को हरा-भरा बनाए रहने व काफी फैलने वाला विकास होता है। यह ठंढ को भी सहता है, परन्तु पाला से पौधा को नुकसान होता है। फूल आते समय यदि तापक्रम 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो तो फूल झड़ने लगता है। कम या ज्यादा वर्षा से पौधे को कोई नुकसान नहीं होता है। यह विभिन्न पारिस्थितिक अवस्थाओं में उगने वाला पौधा है ।इसकी खेती सभी प्रकार की मिट्टियों में की जा सकती है। यहाँ तक कि बेकार, बंजर और कम उर्वरा भूमि में भी इसकी खेती की जा सकती है, परन्तु व्यवसायिक खेती के लिए साल में दो बार फलनेवाला सहजन के प्रभेदों के लिए 6-7.5 पी.एच. मान वाली बलुई दोमट मिट्टी बेहतर पायी गई है। सहजन की वर्ष में दो बार फलने वाले प्रभेदों में पी.के.एम.1, पी.के.एम.2, कोयेंबटूर 1 तथा कोयेंबटूर 2 प्रमुख हैं। इसका पौधा 4-6 मीटर उंचा होता है तथा 90-100 दिनों में इसमें फूल आता है। जरूरत के अनुसार विभिन्न अवस्थाओं में फल की तुड़ाई करते रहते हैं। पौधे लगाने के लगभग 160-170 दिनों में फल तैयार हो जाता है। साल में एक पौधा से 65-70 सें.मी. लम्बा तथा औसतन 6.3 सेंमी. मोटा, 200-400 फल (40-50 किलोग्राम) मिलता है। यह काफी गूदेदार होता है तथा पकने के बाद इसका 70 प्रतिशत भाग खाने योग्य होता है। एक बार लगाने के बाद से 4-5 वर्षो तक इससे फलन लिया जा सकता है। यहां यह बता देना आवश्यक है की आजकल सहजन की खेती दुधारू जानवरों को चारा के लिए किया जा रहा है,इससे जानवरों का स्वास्थ्य एवं दूध भी बढ़ रहा है।

प्रत्येक वर्ष फसल लेने के बाद पौधे को जमीन से एक मीटर छोड़कर काटना आवश्यक है। कटे हिस्से को भी जमीन में लगाया जा सकता है। सहजन के पौध की रोपनी गड्ढा बनाकर की जाती है। खेत को अच्छी तरह खरपतवार मुक्त करने के बाद 2.5 ७ 2.5 मीटर की दूरी पर 45 ७ 45 ७ 45 सेंमी. आकार का गड्ढा बनाते हैं। गड्ढे के उपरी मिट्टी के साथ 10 किलोग्राम सड़ा हुआ गोबर का खाद मिलाकर गड्ढे को भर देते हैं। इससे खेत पौध के रोपनी हेतु तैयार हो जाता है ।सहजन में बीज और शाखा के टुकड़ों दोनों प्रकार से ही प्रबर्द्धन होता है। अच्छी फलन और साल में दो बार फलन के लिए बीज से प्रबर्द्धन करना अच्छा है। एक हेक्टेयर में खेती करने के लिए 500 से 700 ग्राम बीज पर्याप्त होता है। बीज को सीधे तैयार गड्ढों में या फिर पॉलीथीन बैग में तैयार कर गड्ढों में लगाया जा सकता है। पॉलीथीन बैग में पौध एक महीना में लगाने योग्य तैयार हो जाता है ।एक महीने के तैयार पौध को पहले से तैयार किए गये गड्ढों में जून से लेकर सितम्बर तक रोपनी किया जा सकता है। पौध जब लगभग 75 सेंमी का हो जाये तो पौध के ऊपरी भाग को तोड़ देना चाहिए , इससे बगल से शाखाओं को निकलने में आसानी होगी। रोपनी के तीन महीने के बाद 100 ग्राम यूरिया , 75 ग्राम सुपर फास्फेट ,और 75 ग्राम पोटाश प्रति गड्ढा की दर से डालें तथा इसके तीन महीने बाद 100 ग्राम यूरिया प्रति गड्ढा का पुनः व्यवहार करें। सहजन पर किए गए शोध से यह पाया गया कि मात्र 15 किलोग्राम गोबर की खाद प्रति गड्ढा तथा एजोसपिरिलम और पी.एस.बी. (5 किलोग्राम/हेक्टेयर) के प्रयोग से जैविक सहजन की खेती, उपज में बिना किसी ह्रास के किया जा सकता है ।अच्छे उत्पादन के लिए सिंचाई करना लाभदायक है। गड्ढों में बीज से अगर प्रबर्द्धन किया गया है तो बीज के अंकुरण और अच्छी तरह से स्थापन तक नमी का बना रहना आवश्यक है। फूल लगने के समय खेत ज्यादा सूखा या ज्यादा गीला रहने पर दोनों ही अवस्था में फूल के झड़ने की समस्या होती है।

सहजन पर सबसे ज्यादा आक्रमण बिहार हेयरी कैटर पीलर नामक कीट से है । इसे अगर नियंत्रित नहीं किया गया तो यह सम्पूर्ण पौधे की पत्तियों को खा जाता है तथा आसपास में भी फैल जाता है और अन्य पौधों को भी आक्रांत कर सकता है। अंडा से निकलने के बाद अपने नवजात अवस्था में यह कीट समूह में एक स्थान पर रहता हैं बाद में भोजन की तलाश में यह सम्पूर्ण पौधों पर बिखर जाता है। इस कीट के नियंत्रण के लिए कीट के नवजात अवस्था में सर्फ को घोलकर अगर इसके ऊपर डाल दिया जाय तो सभी कीट मर जाते हैं। वयस्क अवस्था में जब यह सम्पूर्ण पौधों पर फैल जाता है तो एकमात्र दवा डाइक्लोरोवास (नूभान) 0.5 मिली. एक लीटर पानी में घोलकर पौधों पर छिड़काव करने से तत्काल लाभ मिलता है।

सहजन के दूसरे कीट में कभी-कभी फल पर फल मक्खी का आक्रमण होता है। इस कीट के नियंत्रण हेतु भी डाइक्लोरोवास (नूभान) 0.5 मिली. दवा एक लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने पर कीट का नियंत्रण होता है। साल में दो बार फल देनेवाले सहजन की किस्मों की तुड़ाई सामान्यतया फरवरी-मार्च और सितम्बर-अक्टूबर में होती है। प्रत्येक पौधे से लगभग 200-400 (40-50 किलोग्राम) सहजन सालभर में प्राप्त हो जाता है। सहजन की तुड़ाई बाजार और मात्रा के अनुसार 1-2 माह तक चलता है। सहजन के फल में रेशा आने से पहले ही तुड़ाई करने से बाजार में मांग बनी रहती है और इससे लाभ भी ज्यादा मिलता है। सहजन बहुउपयोगी पौधा है। पौधे के सभी भागों का प्रयोग भोजन, दवा औद्योगिक कार्यो आदि में किया जाता है। सहजन में प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व व विटामिन है। एक अध्ययन के अनुसार इसमें दूध की तुलना में चार गुणा पोटाशियम तथा संतरा की तुलना

वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं।

प्रहलाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाडय वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टतः दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं।

प्रवासी कामगारों से मजबूत होती अर्थव्यवस्था

ललित गर्ग-

इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की 7 मई 2024 को जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत विदेशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों से सबसे ज्यादा धन पाने वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध हुआ है। मैक्सिको, चीन, फिलीपींस व फ्रांस जैसे देश भी इस सूची में भारत की तुलना में नीचले पायदानों पर है। भारत के लिये यह गौरव की बात है और इससे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने के भारत के प्रयासों को भी बल मिलेगा। नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों ने अपने खून-पसीने की कमाई से अर्जित धनराशि में से वर्ष 2022 में 111 बिलियन डॉलर अपने देश भेजे हैं। यह आंकड़ा जहां विश्व में भारतीय श्रमशक्ति की गौरवपूर्ण गाथा को दशार्ता है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था में उनके अमूल्य योगदान को दिखाता है। आईओएम की ताजा रिपोर्ट वैश्विक प्रवास पैटर्न में महत्त्वपूर्ण बदलावों का खुलासा करती है, जिसमें विस्थापित लोगों की रिकॉर्ड संख्या और अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण में बड़ी वृद्धि शामिल है। पूरे विश्व में अनुमानित 281 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों के साथ, संघर्ष, हिंसा, आपदा और अन्य कारणों से विस्थापित व्यक्तियों की संख्या आधुनिक रिकॉर्ड में उच्चतम स्तर तक बढ़ गई है, जो 117 मिलियन तक पहुँच गई है, जो विस्थापन संकट को संबोधित करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है।

भारत में अनुमानित 1.8 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय प्रवासी के रूप में काम करने के लिए विदेश जाते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, डॉक्टरों आदि जैसे पेशेवरों का अनुपात बढ़ गया है। इनके वेतन ज्यादा होता है और वे बड़ी मात्रा में पैसा भारत भेजते हैं। इनके अलावा भारतीय कामगार भी बड़ी संख्या में विदेशों में अपने श्रम से धन अर्जित करके न केवल अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। निश्चित रूप से यह उन कामगारों के भारत के प्रति आत्मीय लगाव एवं देशप्रेम को ही दशार्ता है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान करने वाले इन श्रमवीरों के प्रति देश कृतज्ञ है। निश्चित रूप से इसका भारतीय अर्थव्यवस्था में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं दुनिया में भारतीय श्रम-शक्ति एवं प्रतिभाएं अपनी क्षमता, कौशल एवं प्रतिभा से विपुल आर्थिक, सामाजिक एवं विकासमूलक योजनाओं की नयी संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे दुनिया में भारत की ताकत को नये पंख लगते हैं। भारतीय कामगारों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं एवं कौशल के लिए शीर्ष प्रवासन गलियारे संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब हैं जबकि राजनीतिक कारणों से भारत में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश से आती है। प्रश्न है कि भारतीय कामगार एवं प्रतिभाएं जितनी बड़ी संख्या में विदेशों में जाकर अपनी क्षमताओं एवं प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, विदेशी प्रतिभाएं उतनी संख्या में भारत नहीं आ रही है। वोट बैंक बढ़ाने के लिये बांग्लादेश आदि पडौसी देशों से गरीब एवं मुसलमानों का बड़ी संख्या में देश में आना, यहां के विकास को अवरोध करता है। इस तरह के लोगों के आने से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, वही उनका भारत के विकास में योगदान नगण्य है और उनका भारत से कोई मजबूत एवं आत्मीय रिश्ता भी कायम नहीं हो पाता है, यह एक समस्या के रूप में भारत के विकास को बाधित करता है। दुनिया में भारतीय श्रम एवं कौशल की बड़ी मांग है। क्योंकि भारतीय मजबूर मेहनती, ईमानदार एवं कार्यनिष्ठ होते हैं। विकसित देशों में श्रमिकों की भारी कमी के बीच खेती, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काम करने के वास्ते भारतीय कामगारों को विदेश भेजने के लिए विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय समझौते करने का भारत सरकार का इरादा है। भारत सरकार उन देशों के साथ एग्रीमेंट करने जा रही है, जहां आबादी तेजी से घट रही है। वैसे हम पहले ही जापान और फ्रांस के साथ लेबर सप्लाई एग्रीमेंट कर चुके हैं। इजरायल के साथ भी एक करार है, जिसके तहत हजारों भारतीय वहां खेती और मजदूरी के लिए भेजे जा रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

मतदाता जागरूकता अभियान का किया गया शुरूआत

मोतीहारी ।चैम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा 24 लोकसभा के चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूवात किया गया ।चैंबर का स्टिकर का लोकार्पण चैंबर के वरीय सदस्य सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर आशुतोष शरण चैंबर के अध्यक्ष राजीव विजडम पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल रविकृष्ण लोहिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । इस अवसर पे महासचिव सुनिल कुमार श्रीवास्तव, पुर्व महासचिव अभिमन्यु कुमार संयुक्त सचिव आलोक कुमार उपस्थित थे। उक्त जानकारी चैम्बर के मिडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।

आओ मिलकर अलख जगायें शत प्रतिशत मतदान करायें

रसूलपुर ।थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत के रामनंदन हाईस्कूल योगियां में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आओ मिल कर अलख जगाएं शत प्रतिशत मतदान करायें ।उम्र अठारह पुरी है ,वोट भी अब जरूरी है जैसे स्लोगनों पर आधारित गीत शिक्षिका व छात्राओं प्रस्तुत किया ।गीत को विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से लोग देख सुन प्रशंसा कर रहे हैं ।प्रधानाचार्य लाल बाबू यादव की अध्यक्षता में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संगीत शिक्षिका अर्चना मिश्रा के संगीत निर्देशन में छात्राओं व शिक्षकों ने सामुहिक रूप से गीत गाये ।सह वादन व गायन शिक्षक रामेश्वर गोप ,संगीत शिक्षक राजेश प्रसाद, नेहा कुमारी, सुनैना,कामिनी कुमारी, राजकुमारी,अमरनाथ गुप्ता ,शिव कुमार ,कुमार प्रिंस ,रघुवीर सिंह आदि ने किया।

कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

डोरीगंज। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील मोदी के निधन से भाजपा समेत बिहार की राजनीतिक महकमे में मायूसी छा गई है। सभी जगहों पर अपने नेता को कार्यकर्ता श्रद्धांजलि दे रहे हैं । गुरुवार को चिरांद में भारतीय जनता पार्टी के भाजपा के कार्यकताओं ने चिरांद विकास परिषद के संस्थापक सदस्य रघुनाथ सिंह के आवासीय परिसर मे शोक सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष हरेश्वर सिंह ने की। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नवल किशोर प्रसाद,दीनानाथ प्रसाद,राजेश्वर मिस्त्री, लक्ष्मीनारायण साह, चन्देश्वर कुशवाहा,विनय कुमार विमल, सुजित कुमार,गसंध्या सिंह, रामावती देवी,मोहन साह सहित कई गणमान्य लोगों ने सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि भी की। कार्यकताओं ने सुशील मोदी के राजनीतिक जीवन पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

योजनाओं को कार्य कराए बिना राशि उठाव का डीडीसी को आवेदन

बनियापुर । सतुआ पंचायत के एक दर्जन ग्रामीणों ने डीडीसी को आवेदन देकर बीडीसी के को आरोपित करते योजना क्रियान्वन की जांच की मांग किया है। जिसमे सतुआ पश्चिमी के बीडीसी नितीश कुशवाहा को आरोपित करते बताया गया है कई योजनाओं की राशि का उठाव स्थानीय कर्मी की मिलीभगत से बिना कार्य कराए राशि उठाव कर लिया गया है ।आवेदक सुरेश प्रसाद साह तेरस प्रसाद कृष्णा प्रसाद राजकुमार प्रसाद राजकुमार राम लालझड़ी देवी मीना देवी आदि ने पत्र मे लिखा है कि उक्त बीडीसी सदस्य द्वारा विभिन्न कई योजनाएँ जिनका नाम पता नही है राशि का भुगतान करा लिया गया है वही जिन योजनाओं का कार्यकाल पांच वर्ष था उनपर भी राशि निकासी हो गयी है आवेदको ने योजनाओं की जाँच की मांग की गयी है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया हर घर दस्तक अभियान

एकमा। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बृहस्पतिवार के दिन सुबह से ही बीईओ द्वारा हर घर दस्तक अभियान चलाया गया । जहां नगर के वार्ड संख्या 12 13 व 4 तथा 5 में हर घर दस्तक देकर मतदाताओं से संवाद किया । उन्होंने पूछा कि मतदाता पर्ची मिली है या नहीं कुछ घरों में उन्होंने मतदाता पर्ची का अवलोकन भी किया। कई मुहल्लों में स्थानीय बीएल ओ द्वारा मतदाता पर्ची वितरण करते हुए पाए गए । वहीं कई वार्ड क्षेत्र में मतदाता पर्ची का वितरण नहीं किए जाने की सूचना मिली है । जिस पर बीईओ ने कहा कि 1 से 2 दिनों में सभी के घरों तक मतदाता पर्ची पहुंच जाएगी । इस दौरान बीएल ओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया है ।इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह मतदाता जागरुकता अभियान हंसराजपुर एकमा हेकाम नरहनी सहित अन्य जगहों पर स्थानीय सैकड़ो महिला व पुरुषों के बीच जागरूकता चलाया गया ।

एनडीए गठबंधन लोगों के विश्वास पर खरा उतरा है :नीतीश

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भेलाही में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन पर बिहार की जनता ने विश्वास किया और हमलोग लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम किया है। एनडीए द्वारा पक्षपात रहित विकास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़क योजना से गांवों को शहर से जोड़ने का काम किया गया। आज किसी भी सुदूरवर्ती गांव में जाने के लिए किसी भी मौसम में सोचने की जरूरत नहीं है। आज सरकार के प्रयासों से बिहार को उस दलदल से निकाला गया है जहा इस राज्य को अपमानित होना पड़ता था। बिहार की बेटियों के लिए वह सभी काम सरकार ने किया जिससे उनका उतथान हुआ है। मुख्यमंत्री साईकिल योजना, छात्रवृति योजना और प्रोत्साहन योजनाओं को चलाकर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास किया गया है। बिहार की बेटियां किसी से कम नहीं। कानून व्यवस्था इस प्रकार स्थापित किया गया है कि बेटियां बेधड़क आ रही और जा रही हैं। यह जंगल राज वाले लोगों को अच्छा नहीं लग रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की उपलब्धि को भी बताया और कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान बढ़ा है। आज कोई देश भारत की तरफ आंख उठा कर नहीं देख सकता। देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है और यह चुनाव उनका है। लोग एनडीए को इनके नाम पर मतदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश के विकास के लिए पश्चिम चम्पारण लोकसभा क्षेत्र से डां संजय जायसवाल को जिताने का आह्वान किया। कहा कि संजय जायसवाल अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा संघर्ष करते हैं और राज्य से लेकर कई केंद्रीय योजनाओं को इस लोकसभा क्षेत्र में उतारा है ।एन एच पर कई रेल ओवर ब्रीज का निर्माण कराएं हैं वही बेतिया शहर, नरकटियागंज इत्यादि शहरों में इनके प्रयास से ओवर ब्रीज का जाल बिछाया गया है। मौके पर बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, राज्य सभा सांसद संजय झा ने भी पहुच सभा को संबोधित किया। वही इस चुनावी सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने की, मंच का संचालन जेडीयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने की। धन्यवाद ज्ञापन बिहार भाजपा मुख्यालय सह प्रभारी ई जीतेन्द्र कुशवाहा ने किया वही मौके पर सांसद प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल, मंत्री बिहार सरकार कृष्णनंदन पासवान, स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कुशवाहा, जेडीयू प्रदेश महासचिव भुवन पटेल, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । पिछले दिनों मोटरसाइकिल के धक्के से घायल स्थानीय थाना क्षेत्र के चकहन गांव निवासी ओम प्रकाश राय के 23 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार राय की असामयिक मौत बुधवार की देर संध्या इलाज के दौरान पटना के एक निजी अस्पताल में बुधवार को हो गई। मालूम हो कि मंटू कुमार राय पिछले 10 मई की रात को एक शादी समारोह से लौटकर अपने घर चकहन आ रहे थे कि इसुआपुर-नेवारी पथ पर अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आ गए। जिसके बाद परिजनों द्वारा गंभीर स्थिति में उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। मृतक मंटू कुमार राय अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे तथा घर के एकमात्र कमाऊं सदस्य थे। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी सरिता देवी का रो-रो के हाल बुरा है।अब उसे अपनी 6 माह की दूधमुंही बच्ची के परवरिश को लेकर चिंता सता रही है। तरैया के पूर्व राजद विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, पूर्व प्रखंड प्रमुख राजकुमार राय, बुन्नीलाल राय ने मृतक के घर पहुंच कर अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट की तथा शोक संतप्त परिजनों का ढ़ाढस बंधाया।

स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर पश्चिमी चंपारण जिले के मतदाताओं को करेंगी जागरूक

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वीप गतिविधि के तहत राज्य स्पीप आईकॉन लोक गायिका मैथिली ठाकुर का आज बेतिया में आगमन हो रहा है। इस दौरान मैथिली ठाकुर रोड शो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करेंगी। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग कमलाकांत त्रिवेदी ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 17 मई को स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर का जिले में आगमन हो रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रोड शो समाहरणालय परिसर से अपराह्न 03.30 बजे प्रारंभ होगा, जो मुहर्रम चौक, जनता सिनेमा चौक, रेडक्रॉस चौक, पावर हाउस होते हुए स्थानीय प्रेक्षागृह जाकर समाप्त होगा। इसके उपरांत प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गीत-संगीत के माध्यम से स्टेट स्वीप आईकॉन लोक गायिका मैथिली ठाकुर मतदाताओं को जागरूक करेंगी।

जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मनाया विश्व डेंगू दिवस

पानी में पनपता है डेंगू का मच्छर, घरों के आसपास न जमा होने दें पानी

प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। जिले के सदर अस्पताल जीएनएम हॉस्टल परिसर मोतिहारी, सदर स्वास्थ्य केंद्र, अनुमण्डलीय अस्पताल ढाका, पकड़ीदयाल, अरेराज सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गुरुवार को विश्व डेंगू दिवस मनाया गया।इस सम्बन्ध में जिले के डीभीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा ने बताया की आशा, नर्स, भीबीडीएस व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से बैनर, पोस्टर, लीफलेट के साथ लोगों को डेंगू से बचाव की जानकारी दी गई। भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया की डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते है। इसलिए घरों के आसपास पानी जमा होने दें, किटनाशक का छिड़काव करें,रात को सोते समय मछड़ दानी का उपयोग करें। डेंगू का जाँच व इलाज सभी सरकारी पीएचसी में उपलब्ध है वैसे व्यक्ति दुबारा डेंगू बुखार की शंका होने पर तुरंत ही सरकारी अस्पताल चिकित्सक से संपर्क करें,सरकारी अस्पतालों में है उपचार व जांच हेतु किट निःशुल्क उपलब्ध है ।बरसात बाद जब डेंगू के जब मामले आते तब सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की सुविधाओं के लिए अलग से बेड की व्यवस्था की जाती है।अनुमण्डलीय अस्पताल ढाका में विश्व डेंगू दिवस के मौके पर उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुधीर कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य प्रबंधक विनय कुमार गुप्ता व उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को डेंगू के लक्षण की जानकारी देते हुए कहा की मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसमें तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, काला पखाना होना आदि डेंगू के लक्षण देखने को मिलते हैं ।इसमें मरीज के शरीर में प्लेटलेट काउंट कम होने लगता है। जिससे रोगी की स्थिति गंभीर हो जाता है। इससे बचने के लिए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से तुरंत इलाज करवाना चाहिए।सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें।

केविवि के विद्यार्थी को देश की प्रतिष्ठित कंपनी में मिली नियुक्ति

प्रबंध विज्ञान विभाग के फोर्थ सेमेस्टर के छात्र हैं रौशन

- एग्जीक्यूटिव क्लाइंट सर्विसिंग के पद पर करेंगे कार्य

प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि अंतर्गत प्रबंध विज्ञान विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लगातार अभूतपूर्व सफलता मिल रही। विभाग में फोर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत रौशन सिन्हा को प्रतिष्ठित कंपनी इंडियामार्ट इंटरमेश लिमिटेड कंपनी में मिली नियुक्ति के बाद विवि परिवार में हर्ष व्याप्त है। कंपनी में रौशन का सालाना पैकेज 4 लाख रूपए होगा। वह अगले माह 6 जून को कंपनी ज्वाइन करेंगे। यह जानकारी प्रबंध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवनेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कंपनी ने रौशन को नियुक्ति पत्र सौंप दिया है। वहीं कार्य क्षेत्र की भी घोषणा कर दी है। एनसीआर/ दिल्ली अंतर्गत शहादरा रौशन का कार्य क्षेत्र होगा। वह यहां पर एग्जीक्यूटिव क्लाइंट सर्विसिंग के पद पर कार्य करेंगे। उन्होंने रौशन की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी कोशिश है कि विवि में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ बेहतर रोजगार भी मिले। खासकर, प्रबंध विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के संबंध में वह विशेष तौर पर प्रयासरत हैं। उन्होंने निकट भविष्य में प्रबंध विज्ञान विभाग में अध्ययनरत और भी विद्यार्थियों के देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में नियुक्ति मिलने की उम्मीद जाहिर की है। विभाग के प्राध्यापकों ने रौशन की सफलता पर खुशी जाहिर कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रबंध विज्ञान विभाग की प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर प्राध्यापक डॉ. सपना, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. अलका ललहाल, डॉ. कमलेश कुमार आदि ने बधाई दी है।

सोलहवीं पुण्य तिथि पर याद किए गए युवा पत्रकार रणधीर

प्रात : किरण, संवाददाता

डोरीगंज ।सोलहवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पत्रकार रणधीर। सदर प्रखंड अंतर्गत चिरांद पंचायत में पत्रकार रणधीर के पैतृक आवास पर उनके सोलहवें पुण्यतिथि पर मीडिया के लोगों के अलावे कई गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के अवसर पर पत्रकार श्रीराम तिवारी ने कहा कि रणधीर बहुत कम समय में ही लोगों के चहेते हो गए थे। उन्होंने कहा कि आज मीडिया के कारण ही लोगों की समस्याएं हल हो रही हैं तथा आम जनता इन्हीं के सहयोग से अपनी समस्याएं सुलझा रहे हैं। वही पत्रकार सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि मृदुभाषी सरल स्वभाव तथा अपने कर्तव्य के प्रति सदा जागरूक रहते थे रणधीर और बहुत कम समय में लोगों के हृदय के पास पहुंच गए थे। ज्ञात हो 16 वर्ष पूर्व पत्रकार रणधीर लोकसभा चुनाव के मतगणना की कवरेज करने के लिए जा रहे थे कि सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गयी थी। उनके पैतृक आवास पर उनके पिता द्वारा एक आदमकद मूर्ति का अनावरण किया गया है। वे अपने मां-बाप के इकलौते पुत्र थे। माल्यार्पण के समय उनके पिता की आंखें नम देख सभी की आंखों में आंसू छलक गए। उनकी माता काफी भावुक हो गई। पिता राय जगन्नाथ प्रसाद तथा माता रानी सुशीला देवी अपने पुत्र की प्रतिमा पर हर रोज अपने हाथों से माला गुंथ कर चढ़ाती हैं। उनके यहां भोजन बनने के बाद पहले अपने पुत्र के सामने भोग लगता है तब दोनों खाना खाते हैं। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में पत्रकार रंजीत सिंह बहन बबिता भगीना आदर्श कुमार,सन कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

तीसरी बार बनेंगे पीएम : डॉ संजय

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। पश्चिम चंपारण लोक सभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार डां संजय जायसवाल क्षेत्र भ्रमण के दौरान कैप्टन आलोक सिंह के टाटा मोटर्स परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आम मतदाता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुके हैं ।निवर्तमान सांसद ने कहा कि जब से वे सांसद बने है क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से हुई है ।इस दौरान उन्होंने देश हित में कमल के फूल पर मतदान करने की अपील की। इसके बाद इनके आवास पर कार्यकताओं ने दिन का भोजन किया ।मौके पर पूर्व मंत्री राजेश सिंह,लोजपा प्रदेश महासचिव पंकज ऊर्फ लोहा पाण्डेय,भाजपा नेता हरिमोहन भगत ऊर्फ राजू भगत,कैप्टन अशोक सिंह,अभिषेक सिंह,प्रमुख पति विशाल गुप्ता,उप प्रमुख अरविंद पांडेय,भूषण सिंह ,मुखिया अशोक कुमार, कैप्टेन यशलोक सिंह, अभिषेक सिंह, सत्येंद्र सिंह, मुन्ना ओझा, चुन्नू सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

चित्रांशों की बैठक आज, वर्तमान राजनीति व चुनाव पर होगी विस्तृत चर्चा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।शहर के आशीर्वाद मार्केट काम्प्लेक्स में कुछ कायस्थ संगठनों की बैठक हुई । हालाँकि विगत दिनो पहले भी बैठक हुई थी । गुरुवार की बैठक में उपस्थित लोगो ने निर्णय लिया कि वर्तमान राजनीति पर विचार विमर्श होना आवश्यक है छपरा संसदीय क्षेत्र के शहर एवं प्रखंड में जो भी कायस्थ समाज के सक्रिय लोग है । सभी लोगों से दूरभाष एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर एक विशाल कायस्थ सम्मेलन का आयोजन की जा रही है । 17 मई को संध्या 5बजे से 8बजे तक कायस्थ महासम्मेलन सह प्रीति भोज स्थानीय शिव वाटिका भवन , दलदली बाजार छपरा में होगा । जिसमें हजारों हजार लोग चित्राँश समाज से जुटने की संभावना है । इस सम्मेलन में मुख्य रूप से विनोद कुमार श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष कायस्थ महासभा भाग लेंगे । साथ ही साथ कई कायस्थ के वरिष्ठ नेता भी भाग लेंगे । छपरा शहर एवं ज़िले के कई कायस्थ शिरोमणि डॉक्टर , अधिवक्ता , प्रोफेसर , व्यवसायी एवं कई सक्रिय समाज सेवी लोग भी भाग लेंगे । उधर,श्री चित्रगुप्त समिति एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी दी है कि गुरुवार को दोपहर में अशोका ग्रांड होटल के सभागार में दोनों संगठनों के अलावा अन्य चित्रांश संगठनों के सदस्यों की बैठक होगी जिसमें लोक सभा के ताजातरीन चुनाव पर चर्चा की जाएगी।उन्होंने सभी चित्रांश बंधुओ से आग्रह किया है कि इस बैठक में अवश्य उपस्थिति दर्ज कराए तथा अपने विचार को साझा करें। इस आयोजन को सफल करने के लिए मुख्य रूप से कायस्थ समाज के जो भी संगठन है सभी से अपील की गई है इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप विकास बहादुर चाँद , अनिल शरण , राजेश कुमार सिन्हा मिंटू जी , अभिजीत श्रीवास्तव , धनंजय श्रीवास्तव , ओम प्रकाश पुतुल , मुकुंद मोहन राजू , अमितेश्वर सहाय रोमी , सुबोध कुमार सिन्हा, राकेश दत्ता , दिलीप श्रीवास्तव, हिमाशु, ब्रिज किशोर श्रीवास्तव, भूपेश नंदन , रुपेश नंदन , रणजीत श्रीवास्तव , के साथ साथ शहर एवं प्रखंड के अनेक सक्रिय लोगो ने की है ।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव के द्वारा जारी निर्देश के आलोक में बीईओ रागिनी कुमारी ने नगर व प्रखंड के दर्जनों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। बीईओ ने बताया कि निर्देशक द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया है कि राज्य के सभी प्रारंभिक मध्य विद्यालय और उच्च माध्यमिक विद्यालय में 15 अप्रैल से 15 में तक ग्रीष्म अवकाश घोषित है उक्त अवधि के भिषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इस आलोक में 16 मई से 30 मई तक राज्य के सभी विद्यालयों को प्रातः कालीन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त आदेश के आलोक में सभी विद्यालय में शिक्षण कार्य पूर्वाहन से 12 मध्यान तक निर्धारित किया जाता है। इसी बीच 10:00 बजे से लेकर 10:30 बजे तक मध्यान भोजन कराया जाएगा 12 बजे के बाद कमजोर बच्चों को मिशन दक्ष के तहत उसको पढ़ना है । साथ ही अन्य कार्य जैसे साप्ताहिक या मानसिक मूल्यांकन का कॉपी जांच करना पाठ टीका लिखना साथ ही हेड मास्टर साहब नए बच्चों का एडमिशन लेंगे । इस दौरान बीईओ मीना कुमारी ने नगर के मध्य विद्यालय हॅसराजपुर मठनपुरा नरहनी वहीं प्रखंड के बढेया पारसा गढ़ पारसा दक्षिणी मधुबन आदि जगहों के विद्यालय का निरीक्षण किया । इस दौरान सभी विद्यालयों पर छात्र एवं शिक्षक पठन पाठन का कार्य करते हुए दिखाई दिए ।इस मौके पर मध्य विद्यालय हॅसराजपुर के शिक्षक उपेंद्र कुमार यादव संजय साह रीता कुमारी गीता कुमारी उमेश साह अफरौजी खातून पप्पू प्रसाद आदि उपस्थित थे।

डाकघर पारंपरिक सुविधा के साथ आधुनिक सुविधा देने के प्रति तत्पर है : वरीय डाकपाल

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। हेड पोस्ट ऑफिस अब ग्राहकों को पारंपरिक सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक सेवा प्रदान करेगी, ग्राहकों को लंबी-लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी,इसके लिए एक विशेष काउंटर भी बनाया गया है। उक्त बातें वरीय डाकपाल पवन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। प्रेस मीडिया से बात-चीत करते हुए वरीय डाक पालने कहा कि मुख्य डाकघर ने एक नई योजना आपका डाकघर,आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की है,जिसमें पांच सदस्यों के अलावा 14 डाकिया भी शामिल है। गठित टीम द्वारा सब्जी,ठेला, रिक्शा एवं छोटे-छोटे कारोबारी से संपर्क कर बचत योजनाओं की जानकारी देंगे, और बचत के लिएउन्हें प्रेरित भी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि डाकघर द्वारा डाक निर्यात केंद्र काउंटर भी खोला गया है, जिससे विदेश में भेजने वाले पार्सलों को भी बुकिंग कर सभी प्रक्रियाओं को मुख्य डाकघर द्वारा पूरा करते हुए,कम दरों पर सुरक्षित रूप से विदेशों में पहुंचाएगी। प्रेस मीडिया को सम्बोधित करते हुए वरीय डाकपाल ने कहा कि ग्राहकों को को पासबुक प्रिंट के लिए लंबी-लंबी कतारों अब में खड़ा नहीं होना पड़ेगा, बल्कि एटीएम की तर्ज पर एक आधुनिक मशीन भी लगाया गया है, इसके माध्यम से लेनदेन संबंधी पासबुक पर प्रिंट स्वयं ग्राहक कर सकेंगे। डाकपाल पवन कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हर काउंटर पर प्रिंटर लगाया गया है। इसके अलावा पब्लिक परिसर हॉल में पिन कोड संबंधी बोर्ड लगा दिया गया है। छोटे कारोबारी के लिए लगभग एक दर्जन बचत योजनाएं चल रही हैं, जिसमें आम जनता बचत कर अन्य बैंकिंग संस्थाओं से ज्यादा ब्याज प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की जरूरत के हिसाब से ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आयात- निर्यात सुविधा के साथ-साथ जनता की हर जरूरत के लिए डाक घर तत्पर है। डाकघर सबसे पुरानी और विश्वसनीय संस्था है, जहां पत्र वितरण से लेकर बचत योजना संबंधी अनेकों योजनाएं चल रही है, जो आम जनता के लिए लाभप्रद है।

भेल्डी में मारपीट कर हकर से 5 हजार तथा सोने की चेन छीन ली गई

भेल्डी थाना क्षेत्र के सोनहो बाजार में सब्जी खरीद रहे हकर को गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया गया जिसका इलाज अमनौर स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार शशिकांत कुमार उम्र 28 वर्ष बताया जा रहा है शशिकांत कुमार ने बताया कि मेरी दुकान सोनोहो बाजार पर है जो मैं प्रतिदिन पेपर बेच कर अपनी रेडीमेड दुकान पर चला आता हूं मैं शाम को दुकान बंद कर सब्जी खरीद रहा था कि बजरंगी कुमार पिता प्रभु महतो हिमांशु कुमार पिता प्रभु महतो एवं तीन अज्ञात लोगों ने मुझे गाली गलौज करने लगे तथा मारपीट कर लहू लुहान कर पॉकेट से 5000 नगद सोने की चेन लेकर चले गए जाते-जाते उन्होंने धमकी दिए कहां की केस किया तो अंजाम बुरा होगा ।

तीसरा मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता 18 मई को

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।अखिल बिहार शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा आयोजित होगी तीसरा मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता 18 मई शुक्रवार को ऑनलाइन लीचेस पे आयोजित होगी ।

अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने बताया की यह प्रतियोगिता 18 मई को रात 8 बजे से शुरू होगा और रात 9:10 तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चंपारण शतरंज के प्रांगण कोतवाली चौक में जाकर अपना एंट्री करा सकते हैं।

और अपना लीचेस भी आई डी बनवा सकते हैं और प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं तीसरा मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता 17 मई शुक्रवार को भाग लेने की अंतिम तिथि हैं।

यह प्रतियोगिता लीचेस पेयरिंग सिस्टम पर खेला जाएगा और खेलने का समय प्रत्येक मैच पाँच मिनट तीन सेकंड इंक्रीमेंट मैच में होगा और कुल एक घंटा दस मिनट का प्रतियोगिता होगा उसमे से टॉप दस आने वाले को विजेता घोषित किया जाएगा।

उसमें से टॉप आने वाले 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमे से जितने वाले सभी खिलाडियों ट्रॉफी, मेडल और डिजिटल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। अकादमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता ऑनलाइन कराकर पश्चिमी चंपारण, बिहार , भारत में जागरूकता अभियान के लिए कराया जा रहा है जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी हो।

लोकसभा चुनाव के बिहार में पांचवें चरण का मतदान मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी हाजीपुर, सारण में 20 मई को मतदान हैं । । इस जिले से इस प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों ने भाग लेंगे ।

अपने पश्चिम चंपारण और बाल्मीकि नगर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 25 मई को मतदान होगा इसके लिए चंपारण शतरंज अकादेमी के अनेक प्रकार के प्रतियोगिता और जागरूकता अभियान चलाए जाएगा और जिले में ज्यादा से ज्यादा मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी हो।

आबकारी विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ तस्करों को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल शहर के समीप नहर चौक पर आबकारी विभाग के द्वारा एक टेम्पू पर लदे भारी मात्रा में शराब को बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए आबकारी के निरीक्षक लालू कुमार ने बताया कि यह कार्यवाही गुप्त सूचना के आधार पर की गई। ऐसी सूचना मिली कि नेपाल से एक टेम्पू पर नेपाली कस्तूरी शराब की खेप आ रही है। इसपर कार्यवाही करते हुए नहर चौक पर जांच के दौरान टेम्पू पर उक्त शराब को बरामद किया गया।650 बोतल में 195 लीटर कस्तूरी शराब बरामद हुई। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त स्प्लेंडर रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 05 वाई 4275 को भी जब्त किया गया। इस कार्यवाही में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी शहजाद आलम, नीर कुमार व जीवन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। यह बरामदगी इंस्पेक्टर लालू कुमार के नेतृत्व में की गई और इनके साथ उपेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, अमित राज, रीमा कुमारी और वशिष्ठ कुमार इत्यादि के द्वारा की गई।

संक्षिप्त खबरें

आरा में 50 रेलकर्मियों का स्वास्थ्य जाँच आयोजन हुआ

आरा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे के आरा रेलवे स्टेशन परिसर में आज शिकायत निवारण कैम्प और स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था रेल प्रशासन के तरफ से की गयी। सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक चले इस कार्यक्रम में पूरे सेक्शन से लगभग 50 रेलकर्मियों ने भाग लेकर अपनी लंबित शिकायतों को दर्ज कराया और उसके उपरांत बक्सर से आए रेलवे डॉक्टर श्री हरि ओम पाठक की टीम द्वारा स्वास्थ्य जाँच कराया जिसमे सुगर, प्रेसर के साथ अन्य जाँच कर दवा का भी वितरण किया गया। साथ ही दानापुर कार्मिक विभाग से वरीय कल्याण निरीक्षक श्री शशि भूषण जी और श्री भूषण प्रसाद एवम दानापुर के लेखा विभाग से श्री शंकर दयाल जी उपस्थित थे।

बीडीओ ने कई मतदान केंद्र का किया भौतिक सत्यापन

संझौली(रोहतास)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बीडीओ मोहम्मद सईद सरफराजुद्दीन अहमद ने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया। गुरुवार को संझौली, बसौरा, मसोना व अमेठी सहित लगभग एक दर्जन मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन बीडीओ द्वारा किया गया। जहां आवश्यक बुनियादी सुविधा के तहत रैंप, शौचालय, पेयजल व विद्युत कनेक्शन आदि की जांच किया गया। गौरतलब है कि आगामी एक जून को मतदान किया जाना है। जिसके निमित्त मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधा की उपलब्धता आवश्यक है। भौतिक सत्यापन के दौरान बीडीओ मनोज कुमार व विद्यालय के कई शिक्षक मौजूद थे।

10 लीटर महुआ शराब बरामद, धंधेबाज फरार

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के सकला गांव से पुलिस ने देशी शराब बरामद किया लेकिन शराब धंधेबाज फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने गुप्त सूचना पर सकला गांव में छापेमारी किया जहां शराब धंधेबाज पुलिस को देखकर फरार होने में कामयाब हो गया हालांकि 10 लीटर देशी महुआ शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि शराब धंधेबाज को चिन्हित कर लिया गया है। शराब धंधेबाज सकला गांव निवासी राहुल पासवान पिता सुरेंद्र पासवान है। शराब धंधेबाज को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आपसी विवाद में मारपीट चार पर एफआईआर

काराकाट(रोहतास) : काराकाट थाना क्षेत्र के ईटढिया गांव में आपसी विवाद में मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। आपसी विवाद में हुये मारपीट में ईटढिया गांव निवासी संजय कुमार राय पिता अर्जुन राय ने अपने गांव के ही चंदन राय पिता कैलास राय सहित चार को आरोपी बनाया है। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि मारपीट के मामले कि जानकारी मिली है, जांच जारी है।

सहरियार मोहम्मद अफजल एवं सुनील कुमार सिंह का एडीजे में हुआ प्रमोशन

कैमूर। पटना उच्च न्यायालय ने सिविल कोर्ट भभुआ के न्यायिक दंडाधिकारियों को प्रमोशन देकर सुचारु रूप से काम संचालन का जिम्मेदारी दिया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सहरियार मोहम्मद अफजल को एडीजे पंचम एवं एसीजेएम द्वितीय सुनील कुमार सिंह को एडीजे ग्यारह पर नियुक्त किया गया है। सिविल कोर्ट के जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडे ने बताया कि सिविल कोर्ट में दो न्यायिक दंडाधिकारियों को एडीजे बनने पर सुचारु रूप से न्याय प्रक्रिया आरंभ होगी लोगों को समय पर न्याय मिलेगी। दोनों न्यायिक दंडाधिकारियों ने पदभार संभाल लिया है।

जिलाधिकारी ने बीस लोगों की समस्याओं को सुना

गया। गुरुवार आज दोपहर को तपिश के साथ साथ उमस वाली गर्मी के बावजूद समाहरणालय में आए अनेकों फरियादी को देख जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम अपने कार्यालय कक्ष से निकलकर आये सभी फरियादियों को मीटिंग हॉल में बैठाकर बारी बारी से सबकी फरियाद को सुना है। लगभग 20 लोगों की समस्याओं को सुना गया है। गुंजा कुमारी छात्रा का चाँद चौरा सरकारी विद्यालय में नामांकन नहीं लेने के संबंध में डीएम को अवगत करवाया गया है। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस मामला को देखे एवं समाधान करवाये। डीएम से आये हुए छात्रा एवं उनके माता जी को कहा कि आज ही जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास जाकर मिले।

सभी वार्डों में लोगों को माइकिंग के जरिए डेंगू से बचाव का संदेश प्रसारित करेगा नगर निगम

नगर निगम और जिला वेक्टर जनित रोग कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जाएगा विशेष अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के लोगों को मच्छरों और डेंगू से बचाव को लेकर जिले भर के स्वास्थ्य संस्थानों में वृहद पैमाने पर अभियान चलाया गया। इस क्रम में जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डेंगू, उसके लक्षण, जांच, इलाज और बचाव को लेकर लोगों को जानकारी दी गई। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन जिला मुख्यालय में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने जीएनएम सभागार में किया। जहां पर जीएनएम की छात्राओं को डेंगू के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू बुखार के प्रति जागरूक करना है। डेंगू वायरस संक्रमित मादा मच्छरों मुख्य रूप से एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से लोगों के बीच फैलता है। गर्मी के दिनों में सबसे अधिक लोग डेंगू के शिकार होते हैं। जिसमें कई बार तो लोगों की जान भी चली जाती है। हर वर्ष 16 मई को नेशनल डेंगू दिवस मनाया जाता है। वहीं, दूसरी ओर सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों के बीच हैंडबिल का वितरण करते हुए उन्हें डेंगू के प्रति जागरूक किया गया।

नगर निगम क्षेत्र में चलाया जाएगा विशेष अभियान : वीबीडीसीओ अजीत कुमार पटेल ने बताया कि जिला वेक्टर जनित रोग कार्यालय और नगर निगम के संयुक्त अभियान के तहत निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। ताकि, शहरी इलाकों में रहने वाले लोग इस बीमारी की गंभीरता से जागरूक हो सके। उन्होंने बताया कि नगर निगम सभी वाहनों में माइकिंग के माध्यम से लोगों को डेंगू और मच्छरों से बचाव का संदेश प्रसारित करेगा। साथ ही, वाहनों पर पोस्टर लगाए गए हैं, जिनको पढ़ कर लोग स्वयं जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि आज भी लोगों के बीच डेंगू जैसी गंभीर बुखार के प्रति जागरुकता की कमी है। इसलिए डेंगू दिवस को मनाने के पीछे का मकसद लोगों को इस खतरनाक बीमारी से जागरूक करना है। मौके पर जीएन कॉलेज की प्रचार्या ममता भारती, एफएलए प्रियंका कुमारी, वीबीडीसीओ अनुज कुमार, प्रधान लिपिक संतोष कुमार

डेंगू से बचाव के उपाय :

- मच्छरों से बचने के लिए लंबी बाजू वाले कपड़े पहनें। पैरों को भी ढक कर रखें। लाइट कलर के कपड़े गर्मी से तो बचाते ही हैं, साथ ही मच्छरों से भी। मच्छर डार्क कलर की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं।
- नियमित रूप से नालियों, गमलों और अन्य जगहों की जांच करते रहें। उनमें पानी न जमा होने दें। इसमें डेंगू के लार्वा पैदा हो सकते हैं।
- मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी या स्प्रे का प्रयोग करें।
- घरों में कुछ खास तरह के पौधे लगाने से भी मच्छर दूर रहते हैं।
- घरों के आसपास पानी का जमाव न होने दें

अवैध चुंगी वसूली के साथ मारपीट किये जाने को ले चालकों ने रखा टेम्पों बंद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के टेंपू चालकों ने बुधवार को अपने-अपने टेंपू का परिचालन पूरी तरह बंद रखा। जिसका कारण अवैध चुंगी वसूली, रंगदारी व चालकों के साथ मारपीट किया जाना. बताया जा रहा है। टेंपू हड़ताल के बाद करीब दो दर्जन से ऊपर चालक नगर निगम पहुंच गए एवं नगर निगम गेट पर प्रदर्शन भी किया और अपनी मांगों से संबंधित नगर आयुक्त को ज्ञापन भी सौपा। टेंपू का परिचालन शहर में बंद होने से लोगो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

टेंपू चालक संघ के सचिव किरण प्रसाद ने बताया कि स्टेशन, पुरानी पुलिस लाईन, गांगी, बिहारी मिल सरदार पटेल बस पडाव समेत शहर में कई जगह अवैध चुंगी वसूली की जा रही है। टेंपू हड़तालं की वजह नवादा थाना के समीप टेंपू चालक के साथ ठीकेदार द्वारा मारपीट किया जाना है। कहा कि नगर निगम के नियम के अनुसार 24 घंटा में सिर्फ एक जगह ही चुंगी का 15 रुपये का कूपन कटवाना है, जबकि ठीकेदार द्वारा अवैध रूप से 15 रुपये की जगह 20 रुपये वसूली की जाती है वह भी एक नई तीन-तीन जगह। स्टेशन पर 15 रुपये की जगह 20 रुपये देने के बावजूद पुराने पुलिस लाइन और गांगी पर भी 20-20 रुपये देने पड़ते है। नहीं देने पररंगदारी और मारपीट करने लगते है। टेंपू चालकों ने कहा कि सभी टेंपू चालक गरीब वर्ग से आते है। वही नगर आयुक्त से बात करने बताया किया नगर निगम का मामला नहीं है हमारा जो निगम का एजेंसी है वैसा काम नहीं कर सकता अगर करता है तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

चाहे जो हो मजबूरी वोट देना बहुत जरूरी, बूढ़ा हो या जवान सभी करें मतदान

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) काराकाट लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर काराकाट लोक सभा क्षेत्र में आगामी 1 मई दिन शनिवार को चुनाव आयोग ने मतदान की तिथि तय की है । मतदान तिथि तय के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है कि संविधान में मिले अधिकार को मतदान कर अपना अधिकार पाएं । बता दें कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जिले में 54.72% मतदान हुआ था.वर्ष 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य है .स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित कर बूथ तक लाने की जिम्मेदारी आशा, आंगनबाड़ी सेविकाओं को सौंपी गई है । बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि पुरुष मतदाता तो वोट डालने के लिए बूथ पर स्वयं आते हैं, मगर महिला मतदाता कोई न कोई परेशानी बताकर बूथ तक जाने में दिलचस्पी नहीं दिखाती हैं । इस लिए इस बार गांव में तैनात आंगनबाड़ी सेविका और आशा कार्यकर्ता उन्हें बूथ तक लाने में अहम भूमिका निभाएंगी । स्वीप कार्यक्रम के तहत सीएचसी काराकाट से गोडारी बाजार में सीएचसी के कर्मियों व आशा कार्यकताओं के द्वारा पैदल मार्च के साथ रैली भी निकली गई। जिसमें बूढ़ा हो या जवान, सभी करें मतदान जैसे नारे लगाते हुये रैली के माध्यम से जन-जन को वोट देने के लिए जागरूक किया गया । चाहे जो हो मजबूरी वोट देना बहुत जरूरी जैसे स्लोगन बोलते हुए आशा कार्यकताओं ने मतदाताओं से 1 मई को मतदान करने की अपील की । इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी सभी आशा रही । स्वास्थ विभाग रोहतास डीपीएमयू अजय कुमार सिंह ने कहा कि मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होता है । स्वीप कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकताओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक करने का काम रही हैं । जिसमें आशा कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लिये ह्लजन-जन की यही पुकार, वोट देना अबकी बारह्व जैसे नारे लगाते हुए रैली के माध्यम से जन-जन को वोट देने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। मौके पर सीएचसी प्रभारी,बीएचएम, बीसीएम सहित स्वास्थ्य कर्मी व आशा कार्यकर्ता शामिल थी ।

भोजपुरिया जन घोषणा पत्र का हुआ विमोचन

आरा। अगली लोकसभा की पहली बैठक में संवैधानिक मान्यता की मांग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी छात्र संघ ने भोजपुरिया जन घोषणा पत्र का विमोचन किया। विमोचन के बाद छात्र संघ के सदस्यों ने कहा कि इस घोषणा पत्र में भोजपुरी को लेकर कुछ मांगें रखी गई है और इसे शाहाबाद के सभी लोकसभा क्षेत्रों के प्रमुख राजनितिक दलों और उनके प्रत्याशियों तक पहुँचाया जायेगा। जन घोषणा पत्र की प्रमुख मांगों में अगली लोकसभा की पहली बैठक में भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाना, भोजपुरी को बिहार की द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिलवाना, मेडिकल कॉलेज को विश्वविद्यालय द्वारा दी गई जमीन के बदले कृषि विभाग की जमीन, विश्वविद्यालय में फामेर्सी, सांख्यिकी, मानव विज्ञान, विधि संकाय की पढ़ाई, भिखारी ठाकुर के नाम पर राष्ट्रीय स्तर का नाट्य विश्वविद्यालय, अश्लील तथा जातिसूचक गायकों का राजनितिक एवं सामाजिक बहिष्कार, विश्वविद्यालय में भोजपुरी के उच्च स्तर का अध्ययन केंद्र और शिक्षकों की बहाली, स्कूलों में भोजपुरी की पढ़ाई आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा घोषणा पत्र में युवा उद्यमियों के लिए भोजपुरिया हाट, हर जिले के लिए विशेष उद्योग, कृषि एवं पर्यटन नीति की भी मांग की गई है। विमोचन के दौरान उपस्थित सह संयोजक सोहित सिन्हा, राजेश कुमार, रवि प्रकाश सूरज और हर्षित निर्मल ने कहा कि भोजपुरी में सिर्फ भाषण देने से काम नहीं चलेगा, अगर सभी राजनितिक दल भोजपुरी के मान सम्मान को लेकर जनता की आवाज संसद तक नहीं पहुंचा सकते तो भोजपुर की जनता उन्हें नकार सकती है।

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, शाखा चांदी के जिद्दी ऋणीयो के खिलाफ जारी किया गया नीलाम पत्र गिरफ्तारी वारंट

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, आरा के शाखा चांदी के जिद्दी ऋणीयो के खिलाफ नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट को तामिला करते हुए चांदी थाना प्रभारी एवम पुलिस बल के द्वारा 2 ऋणियों संतोष कुमार सिंह पुत्र नन्हक सिंह,ग्राम एवं पोस्ट जोकता, थाना चांदी एवं कामाख्या नारायण अभियान सिंह पुत्र छबीला सिंह, ग्राम झ सुंदरा, पोस्ट झजोकता ,थाना झचांदी को गिरफ़्तार किया गया है।

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक आरा के क्षेत्रीय अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि ग्रामीण बैंक के द्वारा भोजपुर ज़िले में 6000 से ज्यादा लोगो पर पी डी आर वाद दायर किया गया है और 500 से ज्यादा लोगो पर वारंट निर्गत हुआ है । क्षेत्रीय अधिकारी ने दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सभी चुककर्ता ऋणियों से अपने नजदीकी शाखा में जाकर समझौता कराने एवं बैंक द्वारा चालाए जा रहे समझौता अभियान का लाभ लेने की अपील की जिससे वे भविष्य में होने वाले कानूनी कारवाई से बच सकते है एवं अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बरकरार रख सकते है।

पुलिस ने लूटकांड मामले में तीन अंतर जिला अभियुक्त को दो मोबाइल एवं एक लैपटॉप साथ किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के एसबीआई सीएसपी केंद्र से हथियार का भय दिखाकर लूटकांड मामले में पुलिस ने तीन अंतर जिला अभियुक्त को गिरफ्तार किया है । घटना 23 जनवरी 2024 को बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मोहनी में स्थित एसबीआई सीएसपी केंद्र में घटी थी । सीएसपी संचालक अभय कुमार के आवेदन पर यह मामला दर्ज किया गया था । जहां पुलिस ने अंतर जिला तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है । जिसमें गिरफ्तार तीनों अभियुक्त भोजपुर जिला का रहने वाला बताया जाता है । इस संदर्भ में अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को प्रेसवार्ता कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने बताया कि थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज- आरा मुख्य मार्ग पर स्थित मोहनी में एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र को तीन अपराधकर्मी ने केन्द्र खोलते ही समय करीब 11.10 बजे दिन में दिनांक 23 जनवरी 2024 को दो लाख तीस हजार रुपए नगद ,एक लैपटॉप, एक मोबाईल फोन तथा तीन एटीएम की लूट की घटना को अंजाम पिस्टल के बल पर किया था । जिसके लिए संचालक अभय कुमार के आवेदन पर बिक्रमगंज थाना में कांड संख्या 43/ 24 तहत लूट का कांड दर्ज किया गया था । साथ ही साथ लूट कांड के ही मामले में भी तीन अपराधकर्मी के विरुद्ध दिनांक 3 फरवरी 2024 को आयरकोठा थाना में कांड संख्या 14/24 के आलोक में लूटकांड का मामला दर्ज किया गया था ।एसडीपीओ ने बताया कि रोहतास एसपी के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में बिक्रमगंज थानाध्यक्ष एवं डीआईयू टीम के साथ उद्भेदन हेतु टीम गठित की गई थी । गठित टीम ने अनुसंधान व तकनीकी सहयोग के आधार पर गड़हनी (भोजपुर) थाना क्षेत्र में कांड के संदिग्ध भगवान जी यादव उर्फ मगन को गिरफ्तार किया गया । जिसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटना में लूटी गई मोबाईल तथा आयरकोठा थाना क्षेत्र से लूटी गई लैपटॉप को बरामद किया गया तथा दो अन्य लैपटॉप रखने वाले व मोबाईल खरीदने वाले को गिरफ्तार किया गया । उन्होंने कहा कि मुख्य सरगना रणवीर राय उर्फ मकरध्वज पिता स्व० रामप्रवेश सिंह साकिम अगियांव थाना गड़हनी जिला भोजपुर छपरा जेल में है, जबकि राहुल राय पिता संजय सिंह साकिम लहरपा थाना गड़हनी जिला भोजपुर छापेमारी में फरार पाया गया । बताया कि सभी का आपराधिक इतिहास रहा है । गठित टीम द्वारा काफी सराहनीय कार्य किया गया है । उन्होंने कहा कि लूटकांड मामले में भगवान जी यादव उर्फ मगन उम्र करीब 19 वर्ष पिता दशरथ राय निवासी छोटका इटहना थाना कृष्णागढ़ जिला भोजपुर , सुनील कुमार उर्फ निरहु पिता शिवचरण सिंह निवासी सलेमपुर थाना चांदी भोजपुर तथा किशोर पवन कुमार पिता जितेंद्र सिंह निवासी खरेंचा थाना गड़हनी भोजपुर को गिरफ्तार किया गया है । एसडीपीओ ने कहा कि लूटकांड मामले में गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के पास से दो मोबाइल और एक लैपटॉप भी टीम ने बरामद किया है । मौके पर छापेमारी दौरान थाना के पुअनि अतवेंद्र कुमार सिंह ,डीआइयू प्रभारी सहित सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे ।

दो दिनों बाद में छात्र अनमोल का नहीं मिला कोई सुराग

पूर्व विधायक परिजनों से मिल छात्र की तालाश को लेकर अधिकारियों से बात करने का दिया आश्वासन

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट थाना क्षेत्र के कुरूर गांव निवासी उमेश लाल का 18 वर्षीय पुत्र अनमोल कुमार का दो दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। अनहोनी की आशंका से परिजनों में कोहराम मच गया है। पूर्व विधायक राजेश्वर राज परिजनों से मिल कर छात्र की तालाश के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस अधिकारी से बात करेंगे। गौरतलब हो कि छात्र अनमोल किताब खरीदने के लिए पैशन प्रो बाइक से मंगलवार को करीब ग्यारह बजे अपने घर से बिक्रमगंज गया था। बिक्रमगंज से किताब खरीद कर मां को फोन पर बताया कि किताब खरीद लिया हूं वापस घर आ रहा हूं। लेकिन दो बजे तक घर वापस नहीं आने पर परिजन चिंतित हो गये। परिजन जब फोन करने लगे तो उसका मोबाइल पर रिंग हो रहा था, लेकिन कोई रिसीव नहीं कर रहा था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने बिक्रमगंज गये। जहां काफी खोजबीन के बाद बिक्रमगंज काव नदी के पास से देर शाम करीब 8 बजे लवारिस हालत में बाइक मिला। वहीं पास में हेलमेट व मोबाइल भी मिला। इसके बाद परिजनों ने दुर्घटना की आशंका व्यक्त करते हुए बिक्रमगंज के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में खोजबीन किया। लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजन लापता की सूचना देने थाना पहुंचे। जैसे ही पुलिस के संज्ञान में मामला आया तो लापता छात्र के खोजबीन में पुलिस जुट गई। लेकिन अब तक लापता छात्र का कोई सुराग नहीं मिला है। डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि मामले को काफी गंभीरता से लिया गया हैं। घटना कि हर पहलू पर जांच किया जा रहा है। उधर सामाजिक कार्यकर्ताओ और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता सहित इलाका के लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है तथा आंदोलन करने की सुगबुगाहट तेज होती जा रही है सैकड़ो लोगों ने कहा कि अगर पुलिस अनमोल को जल्द बरामद कर परिजन को नही सौपती है तो बाध्य होकर प्रजातांत्रिक ढंग से आंदोलन किया जाएगा ।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर से दूर होगा किरायेदारों व मकान मालिकों के बीच बिजली बिल विवाद

बिक्रमगंज(रोहतास)। राज्य मे बिजली को लेकर किरायेदारों और मकान मालिकों के बीच विवाद की बात सामने आती रहती थी । अब इस विवाद के समाधान में स्मार्ट प्रीपेड मीटर बेहतर भूमिका निभायेगा । अब किरायेदार अपनी पहचान और मकान में निवास का प्रमाण वाले कागजात (रेंट एग्रीमेंट) के साथ आवेदन कर बिजली कंपनी के माध्यम से स्मार्ट प्रीपेड मीटर निःशुल्क लगवा सकेंगे । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि नयी व्यवस्था तहत उपभोक्ता जितने का रिचार्ज करवायेंगे उतना का ही बिजली की खपत कर सकेंगे ।

इस मीटर का डाटा सुरक्षित रहता है, इसलिए गड़बड़ी की आशंका नहीं है । इससे बिजली बिल बकाया रहने का झंझट खत्म हो जायेगा । साथ ही किरायेदार के स्मार्ट प्रीपेड मीटर की वजह से मकान मालिक अब बिजली बिल के बकाये की समस्या से बचे रहेंगे । बताते चलें कि बिक्रमगंज शहरी क्षेत्र में लगभग 9 हजार 890 एवं ग्रामीण क्षेत्र मे 81हजार 127 उपभोक्ता हैं । शहरी क्षेत्र में किरायेदारों को अलग से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से बिजली उपभोक्ताओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होगी ।

विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य में स्मार्ट प्रीपेड मीटर एक वेब- मॉनीटरिंग सिस्टम से जुड़ा है । इसके लग जाने से राजस्व संग्रह की प्रक्रिया और आसान हो जायेगा तथा स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाणिज्यिक नुकसान को कम करेगा । पहले बिजली मीटरों में पोस्टपेड व्यवस्था लागू थी । ऐसे में किरायेदार यदि अपने नाम से बिजली कनेक्शन लेकर उसका बिल चुकाये बिना ही मकान बदल लेता था तो बकाये राशि की वसूली संबंधित मकान के मालिक से की जाती थी ।

सड़क दुर्घटना वाद के पीड़िता को मिला 10 लाख का मुआवजा

औरंगाबाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज के द्वारा औरंगाबाद नगर थाना काण्ड संख्या 112/23 के मृतक संजय कुमार उर्फ संजय कुमार चौधरी, पिता- देवानंद चौधरी निवासी ग्राम- सागरीय थाना- डिहरी, जिला- रोहतास की माँ कौशल्या देवी और उनकी पत्नी निर्मला देवी को 10 लाख का मुआवजा प्रदान किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा बताया गया कि 09 मार्च 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या 13/23 को समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। उक्त घटना के सम्बन्ध में सचिव ने बताया कि औरंगाबाद नगर थाना काण्ड संख्या 112/23 के मृतक संजय कुमार उर्फ संजय कुमार चौधरी के मोटर साइकिल संख्या बी आर 24 एन 2968 को ट्रक संख्या यू पी 67 ए टी 2533 द्वारा धक्का मारने से संजय कुमार उर्फ संजय कुमार चौधरी की मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गया था।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

औरंगाबाद। काराकाट लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 1 जून को संपन्न होने वाले चुनाव में समाज के सभी वर्गों की शत प्रतिशत प्रतिभागिता हेतु जिला प्रशासन औरंगाबाद जागरूकता कार्यक्रम एवम गतिविधियों के माध्यम से जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में लगातार प्रयास करते हुए प्रेरित रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार दाउदनगर प्रखंड मुख्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा गठित स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी औरंगाबाद श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि दाउदनगर में आयोजित यह जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर परिषद दाउदनगर के कार्यालय तक गई। इस जागरूकता रैली में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका जीविका दीदी, आशा, दाउदनगर अनुमंडल के विभिन्न कोटि के विद्यालय के शिक्षक ,शिक्षा सेवक एवं अन्य कर्मी भाग लिए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दाउदनगर ,प्रखंड विकास पदाधिकारी दाउदनगर, अंचल अधिकारी दाउदनगर ,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दाउदनगर उपस्थित थे। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि इसका आयोजन कई रूपों में किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु गठित स्वीप कोषांग के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके ।इसी क्रम में आज दाउदनगर प्रखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जमीनी विवाद में चली गोलियां, एक व्यक्ति घायल

औरंगाबाद। जिले के मदनपुर क्षेत्र में जमीनी विवाद में चचेरे भाई ने पिस्टल से गोली मारी दी ।जिसमें चचेरे घायल हो गया। जिसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है ।इस मामले में एक अपराधी एक पिस्टल,पांच ज़िन्दा कारतुस्त गोलियां, साढ़े सात हजार से अधिक नगद रुपए के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को एसडीपीओ 2 सदर अमीत कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद एसपी स्वप्न गौतम मेश्राम के निर्देशन पर गया जिले के डुमरिया थाना के सिद्धपुर में 15 मई को जमीनी विवाद दो चचेरे भाइयों के बीच हुई थी। जिसमें संतोष प्रसाद ने पिस्टल से फायर कर चचेरे भाई दीपक कुमार को घायल कर दिया। घटना का अंजाम देकर देव थाना क्षेत्र के बंगला बगीचा से जगन्नाथ बांध के आगे जंगल में छुप गया था ।डुमरिया थाना पुलिस द्वारा इसकी जानकारी दी गई ।जिसे धरपकड़ के लिए एक दल का गठन किया गया। जिसमें देव थाना अध्यक्ष विकाश कुमार,इसी थाना के एस आई नीतु कुमारी,एस टी एफ पडरिया और एसटीएफ कंचनपुर तथा डुमरिया सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस टीम के द्वारा घटना अंजाम के 8 घंटे भीतर अपराधी संतोष प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया।

ग्रामीण कार्य विभाग के कर्मचारियों के समक्ष वेतन के लाले पड़े : सूर्यवंशी

पटना। ग्रामीण कार्य विभाग में 3 महीने से वेतन के भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों के समक्ष भुखमरी एवं आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है। नवंबर 2023 में ग्रामीण कार्य विभाग में कर्मचारियों के पद एवं कार्यालय का युक्तिकरण एवं पुनर्गठन किया गया है ' उसके बाद 4 मार्च 2024 को सभी कर्मचारियों को विभिन्न कार्यालय में पदस्थापित कर दिया गया लेकिन कुछ कर्मचारी नए पदस्थापन स्थल पर योगदान दिए और कुछ कर्मचारी लोकसभा चुनाव हेतु आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण नए कार्यालय में योगदान भी नहीं कर सके, जिसके कारण राशि आवंटित नहीं हो सका और अधिकांश कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है' इस संबंध में संघ के सम्मानित अध्यक्ष सूर्यवंशी सिंह एवं महासचिव लवकुश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर माननीय मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं विभागीय पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस आर्थिक संकट का जल्द से जल्द समाधान किया जाए एवं कर्मचारियों को वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारी को इससे निजात मिल सके।

बारुण में दुर्घटना में घायल हुए युवक की सल्लू खान ने की मदद

औरंगाबाद। बारुण के समीप बुधवार की राद्धि डेढ़ बजे सड़क हादसे में घायल हुए एक युवक को बारुण पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। मगर उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है। घायल युवक कहां का है और कैसे हादसा हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। क्योंकि वह बेहोशी के अवस्था में है। घटना की सूचना इंसानियत जन सेवा के अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को लगी वे रात्रि में ही अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और सदर अस्पताल के जीएनएम धर्मेंद्र कुमार एवं जोगेंद्र कुमार की मदद से युवक का इलाज कराया और उसकी जान बचाने के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गया भिजवाया।

गुरुवार की आठ बजे तक उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। सल्लू खान ने बताया कि घायल व्यक्ति के सदर अस्पताल पहुंचाए जाने की जानकारी नगर थाना की पुलिस को भी दी गई है और पुलिस अपने स्तर से उसकी पहचान में जुटी हुई है ताकि स्वजनों को इस हादसे की सूचना दिया जा सके। मानव संस्था सेवा समिति औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष सल्लू खान को 1,30 सूचना अस्पताल से आया। समाजसेवी सल्लू खान रात ने पहुंचकर मरीज का चिकित्सक से फीडबैक लेकर फिर सदर अस्पताल के बाहर रात में ही कुछ दवाइयां जो बाहर की थी जो सदर अस्पताल में दवाई की सप्लाई न नहीं है जो बंद से चोट से संबंधित मामला था।

सितारों की लंबी चौड़ी टीम के खर्च से नाखुश हैं फराह

फराह खान हिंदी सिनेमा की मशहूर हस्ती हैं। करियर की शुरुआत उन्होंने बतौर कोरियोग्राफर की थी। उन्होंने बतौर कोरियोग्राफर कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। अपने करियर के अगले पड़ाव में उन्होंने निर्देशन में कदम रखा। फिल्म मैं हूं ना से उन्होंने बतौर निर्देशक अपनी नई पारी की शुरुआत की थी। फिलहाल वह अपने एक बयान की वजह से चर्चा में हैं। उन्होंने अदाकारों के साथ चलती उनकी लंबी चौड़ी टीम को और उनके बढ़ते खर्चों पर बात की है।

सितारों की टीम के खर्च पर हो नियंत्रण

उन्होंने कहा,मैं इंडस्ट्री में एक बदलाव लाना चाहूंगी कि अभी सितारो के साथ उनकी टीम का खर्च काफी बढ़ गया है। एक अभिनेत्री नौ लोगों की टीम के साथ आती हैं। वहीं, एक अभिनेता अपने साथ आठ लोगों की टीम लेकर आता है। ये पैसे की बर्बादी है। इन पैसों का फिल्म मे कहीं से भी उपयोग नहीं हो पाता। इसे थोड़ा नियंत्रित करना काफी आवश्यक है। वो निर्माताओं पर काफी भारी पड़ता है।

पहले सबकुछ निजी संबंधों पर निर्भर था

फराह ने मौजूदा हालातों से बेहतर पहले के समय को बताया है। उन्होंने कहा कि पहले इंडस्ट्री निजी संबंधों पर ज्यादा निर्भर रहती थी। उन्होंने कहा कि पहले किसी चीज की आवश्यकता महसूस होने पर वह सीधा अभिनेता से बात कर सकती थीं। हालांकि, आजकल उन्हें अभिनेताओं तक पहुंचने से पहले कई पड़ावों को पार करना पड़ता है। इस कड़ी में पहले मैनेजर का सब मैनेजर फिर मैनेजर और आखिर में स्टार के काम की देखभाल करने वाली एजेंसी। फराह इससे काफी नाखुश हैं, उनका मानना है कि इसे आपसी संबंधों में भी दूरी आई है। हालांकि, इस दौरान इंडस्ट्री में आए सकरात्मक बदलावों पर भी उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि आज इंडस्ट्री काफी ज्यादा व्यवस्थित रुप से काम करती है। लोग समय पर आते हैं। सब कुछ पूरी तरह से कॉन्ट्रैक्ट में लिखा होता है, कोई किसी का पैसा नहीं खा सकता है।

एक दिन में स्टार पर है लाखों का खर्च

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पॉट ब्वॉय औसतन एक दिन के लिए 25000 रुपये लेता है। वहीं, एक निजी सुरक्षा कर्मी लगभग 15 हजार रुपये तक लेता है। इनके अलावा एक स्टाईलिस्ट को एक लाख रुपये तक देने पड़ते हैं। इस तरह से अगर सभी खर्चों को मिला दें तो एक स्टार पर एक दिन का खर्च लगभग 20 से 22 लाख रुपये तक पड़ जाता है।

ऋतिक के बाद अब उनकी कजिन पश्मीना हैं जलवा बिखेरने को तैयार

ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन आने वाले दिनों में इश्क विश्क रिबाउंड में नजर आने वाली हैं। ऋतिक ने बहन की फिल्म के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा है, हमें तुम पर नाज है। तुमने जो किया है वह खुद से किया है। मैं तुम्हें बड़े पर्दे पर चमकता देखना चाहता हूं। बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन अभिनय के अलावा अक्सर अपनी निजी जिंदगी की वजह से सुर्खियां बटोरते रहते हैं। उनके लिए उनका परिवार बहुत मायने रखता है। ऋतिक रोशन अपनी चचेरी बहन पश्मीना रोशन से बहुत प्यार करते हैं। ऋतिक की तरह ही पश्मीना भी अब बॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरने को तैयार हैं। ऋतिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से पोस्ट साझा करते हुए अपनी प्यारी बहन को बधाई देते नजर आए।

तुम पर गर्व है

ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन आने वाले दिनों में इश्क विश्क रिबाउंड में नजर आने वाली हैं। ऋतिक ने बहन की फिल्म के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा है, हमें तुम पर नाज है। तुमने जो किया है वह खुद से किया है। मैं तुम्हें बड़े पर्दे पर चमकता देखना चाहता हूं। मुझे यकीन है तुम बहुत आगे जाओगी और अपने मेहनत के दम पर अपना नाम कमाओगी। इश्क विश्क रिबाउंड धमाल मचाने जा रहा है। आप सब भी तारिख नोटिस कर लीजिए। ऋतिक का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

खुद को योगा से फिट रखती हैं इश्क विश्क रिबाउंड में पश्मीना रोशन

ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन बला की खूबसूरत हैं। ऋतिक रोशन द्वारा साझा किए गए पोस्टर में पश्मीना रोशन गोल्फ स्टिक के साथ बैठी नजर आ रही हैं। अपने इंस्टाग्राम हैंडल से पोस्ट साझा करते हुए पश्मीना रोशन लिखती हैं, यह शॉट एकमात्र शॉट ऐसा शॉट है जिसे वे मिस करती हैं और जिसे वे शूट नहीं करती हैं। पश्मीना रोशन की फिल्म को देखने के लिए दर्शको में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

कब होगी रिलीज इश्क विश्क रिबाउंड

पश्मीना रोशन अपनी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। इस फिल्म में उनके अलावा रोहित सराफ, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल की मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। पश्मीना रोशन की यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई फिल्म इश्क विश्क के सीक्वल की झलक देती है।

मिस्टर एंड मिसेज माही के लिए जान्हवी ने इन दो लोगों को दिया क्रेडिट

जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। यह फिल्म इसी महीने रिलीज होने जा रही है। अभिनेत्री फिल्म में राजकुमार राव के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। दोनों सितारे फिल्म के प्रमोशन में जुटे हैं। इस फिल्म के लिए जान्हवी कपूर ने जीतोड़ मेहनत की है। जान्हवी कपूर ने खुलासा किया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें कई तकलीफें हुई और चोटें आईं। जान्हवी कपूर के मुताबिक इस फिल्म की तैयारी के दौरान ट्रेनिंग करते हुए उनके दोनों कंधे चोटिल हुए। इस फिल्म की शूटिंग करीब दो साल तक चली। एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान जान्हवी कपूर ने इसकी वजह बताते हुए कहा कि शूटिंग शुरू होने से पहले उन्होंने क्रिकेट सीखा था। अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म के निर्देशक शरण शर्मा इस फिल्म को वास्तविक रूप से शूट करना चाहते थे। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। जान्हवी कपूर ने कहा, मिली के टाइम मैंने ट्रेनिंग शुरू की थी। दो साल लग गए। हमारे निर्देशक काफी ईमानदारी से काम करते हैं। वे चाहते थे कि मैं पूरी तरह से क्रिकेटर बन जाऊं। वो किसी तरह की चीटिंग नहीं करना चाहते थे कि वीएफएक्स में डाल देंगे या आधे अधूरे काम हो। पूरी तरह से चाहते थे कि मैं इस दुनिया में मिल जाऊं और जुड़ जाऊं।

ब्रेकअप के बाद वक्त बिताने के लिए अनन्या को है फाइज का सहारा!

अनन्या पांडे इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का ब्रेकअप हो गया है। अनन्या पांडे इन दिनों अपनी जिंदगी से जुड़ी हर छोटी-बड़ी चीज को सोशल मीडिया पर साझा करती नजर आ रही हैं। अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर को साझा किया है जिसमें वे प्रेंच फाई खाती दिख रही हैं। अनन्या पांडे ने फोटो के कैप्शन में लिखा है, जब आप फाइज खाते हैं तब वक्त भी फ्लाई करता है। अनन्या पांडे के कैप्शन को पढ़कर फैंस कयास लगा रहे हैं कि ब्रेकअप के बाद शायद उनका वक्त नहीं गुजर रहा है।

कान 2024 में कियारा आडवाणी का नाम हुआ शामिल

फिल्म गेम चेंजर और डॉन 3 को लेकर किराया आडवाणी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। कियारा आडवाणी के हुस्न और अदाकारी का जादू फैंस के ऊपर इस कदर सवार है कि वह अभिनेत्री की हर खबर पर अपनी पैनी नजर रखते हैं। वहीं अब कियारा को लेकर एक जानकारी सामने आई है कि वह कान फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनेंगी।

कान फिल्म महोत्सव आज फ्रांस के कान्स शहर में शुरू होने वाला है। इस बार कान में कई भारतीय फिल्में प्रदर्शित होने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इस महोत्सव का हिस्सा बनेंगी। कियारा कान 2024 के लिए आज रवाना होंगी और विमेन इन सिनेमा गाला डिनर में शामिल होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कियारा आडवाणी 14 तारीख यानी की आज से शुरू होने वाले प्रसिद्ध कान फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगी।

कियारा आडवाणी रेड सी फिल्म फाउंडेशन के वूमेन इन सिनेमा गाला डिनर की शोभा बढ़ाएंगी। इसकी मेजबानी का पूरा जिम्मा वैनिटी फेयर उठाएगा। इस कार्यक्रम में दुनिया भर की 6 प्रतिभाशाली महिलाओं को एक साथ लाया जाता है, जिन्होंने मनोरंजन के क्षेत्र में योगदान किया होता है। फिल्म द सेकंड एक्ट से होगा आगाज

कान फिल्म महोत्सव 14 मई यानी की आज फ्रांस के कान्स शहर के पैलेस डेस फेस्टिवल्स एट डेस कांग्रेस में शुरू हो गया है। हर साल की तरह इस साल भी ऐश्वर्या राय बच्चन रेट कार्पेट का हिस्सा बनेंगी। ऐश्वर्या के अलावा इस साल हीरामंडी फेम बिब्बोजान उर्फ अदिति राव हैदरी भी शिरकत करेंगी। साथ ही रेड कार्पेट पर शोभिता धुलिपाला भी अपने फैशन का जलवा बिखेरंगी। इस लिस्ट में कियारा का नाम जुड़ने से उनके फैंस बेहद उत्साहित हैं।

कलाकार को अपने किरदार के साथ न्याय करना आना चाहिए

अभिनेता अक्षय ओबेरॉय इन दिनों द ब्रोकन न्यूज 2 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। द ब्रोकन न्यूज 2 में निगेटिव किरदार निभाकर अक्षय ओबेरॉय ने सबको चौंका दिया है। दर्शकों को अभिनेता की अदाकारी काफी पसंद आ रही है। एक साक्षात्कार में, अक्षय ओबेरॉय ने खुलासा किया कि एक अभिनेता के रूप में उनकी बड़ी प्राथमिकता कहानी को ठीक ढंग से दर्शकों के सामने परोसना और पात्रों को अच्छे से चित्रित करना है। वह अब नए विकल्प चुनने के लिए तैयार हैं। भले ही इसके लिए उन्हें टाइपकास्ट होना पड़े या वो भूमिकाएं स्वीकार करनी पड़े, जो उन्होंने कभी भी नहीं की हो। अक्षय का मानना है कि हर कलाकार को अपने किरदार के साथ न्याय करना आना चाहिए। द ब्रोकन न्यूज 2 में अपने किरदार के बारे बात करते हुए अक्षय ओबेरॉय ने कहा, द ब्रोकन न्यूज 2 में मेरा किरदार निगेटिव है। वह बिजनेस में अपना सारा ध्यान लगाता है। अपना काम करवाने और निकलवाने के लिए किसी को रास्ते से हटाना उसके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। वह अपने करियर को बचाने के लिए किसी हद तक जा सकता है। इस बीच, अगर हम अक्षय ओबेरॉय की 2024 परियोजनाओं के बारे में बात करते हैं, तो अभिनेता के इस साल दो प्रोजेक्ट्स रिलीज हो चुके हैं, जिनमें फाइटर और द ब्रोकन न्यूज का दूसरा सीजन शामिल है। इसके अलावा अभिनेता इलीगल 3 और वर्चस्व जैसी आगामी परियोजनाओं का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वह उन अवसरों के लिए आभारी हैं, जो उन्हें दिए गए हैं। अपने आने वाली परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए अक्षय ने कहा, मैं किसी भी तरह अपनी आखिरी सांस तक काम करना चाहता हूं और यही हमेशा मेरे दिमाग में भी चलता रहता है।



साई पल्लवी के साथ रोमांस करते नजर आएंगे विजय

साई पल्लवी और विजय देवरकोंडा दोनों ही स्टार्स फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम है और दोनों ही कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। साउथ सिनेमा के साथ ही भारतीय दर्शकों के दिलों में भी खास जगह बना चुके हैं विजय देवरकोंडा और साई पल्लवी। दोनों अब जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में साथ नजर आएंगे।

विजय देवरकोंडा अपने स्टाइलिश अंदाज से लोगों को अपना दीवाना बना देते हैं। तो वहीं साई पल्लवी की खूबसूरती और उनकी सादगी लोगों को काफी पसंद आती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विजय देवरकोंडा निर्देशक रवि किरण कोला की रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म राजा वारु रानी गारु फेम निर्देशक रवि और दिल राजू मिलकर इस फिल्म को बनाएंगे। फिल्म फैमिली स्टार के बुरी तरह फ्लॉप होने के बावजूद भी निर्दशकों का विश्वास विजय के ऊपर से खत्म नहीं हुआ है। तभी तो फिल्म निर्माता दिल राजू ने एक बार फिर से विजय देवरकोंडा के साथ यह रोमांटिक फिल्म बनाने का फैसला किया है। दिल राजू अभिनेता विजय देवरकोंडा की फिल्म फैमिली स्टार के निर्माता रह चुके हैं।

साई पल्लवी का किरदार

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक रवि की यह फिल्म एक्शन ड्रामा के साथ रोमांस से भरपूर होगी। इस फिल्म में विजय के अपोजिट साई पल्लवी नजर आएंगी। इस फिल्म में गांव की कहानी को दिखाया जाएगा। निर्देशक ने इस फिल्म में साई पल्लवी को ध्यान में रखते हुए उनकी भूमिका तैयार की है। इस फिल्म की पटकथा साई पलल्वी के इर्द गिर्द घूमती नजर आएगी। पहली बार किसी फिल्म में साई पल्लवी और विजय देवरकोंडा की जोड़ी एक साथ नजर आएगी। इन दोनों की फैन फॉलोइंग काफी अच्छी है। दोनों की साथ में रोमांटिक फिल्म की खबर को लेकर फैंस काफी उत्सुक हैं। इसलिए दोनों स्टार्स के ही फैंस इस फिल्म के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म पर काम शुरू करने से पहले विजय देवरकोंडा निर्देशक गौतम तिन्ननुरी और राहुल सांकृत्यायन के साथ अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग खत्म कर देंगे। वर्कफंट की बात करें तो विजय देवरकोंडा के जन्मदिन पर उनकी कई फिल्मों की रिलीज को लेकर घोषणा की गई थी। वीडी 12, वीडी 14, एसवीसी 59 में नजर आएंगे। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार साई पल्लवी फिल्म रामायण में रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी।



संक्षिप्त खबरें

जिले में तीन शराब तस्कर सहित शराब पीने के आरोप में सदर अस्पताल का एक डॉक्टर गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) मुंगेर पुलिस की अथक प्रयास के बावजूद भी जिले में शराब का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया की खड़गपुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरगंज हाट के समीप से 12 लीटर देसी महुआ शराब के साथ शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।प्रशिक्षुक डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मुजफ्फर गंज हाट परिसर में उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से 500 एमएल का 24 पैकेट यानी कुल 12 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर मुंढेरी गांव निवासी अरुण चौधरी का पुत्र साजन चौधरी है ।वहीं दूसरी ओर हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के कैथी गांव में रूपेश कुमार एवं खैरा गांव से मनोज कुमार सिंह को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

विलंब से चली हरिद्वार भागलपुर समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन

मुंगेर /जमालपुर - मालदा रेल मंडल के किऊल जमालपुर भागलपुर रेल खंड से गुजरने वाली हरिद्वार भागलपुर समर स्पेशल ट्रेन बुधवार को लगभग ढाई घंटे विलंब से चलकर जमालपुर पहुंची बताया गया की 03424 डाउन हरिद्वार भागलपुर समर स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से लगभग 01 घंटा 5 मिनट विलंब से गंतव्य के लिए रवाना हुई और इसी सिलसिले में यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 1932 बजे से लगभग ढाई घंटे विलंब से चलकर जमालपुर पहुंचे इसके अतिरिक्त 03436 डाउन आनंद विहार मालदा टाउन समर स्पेशल एक्सप्रेस लगभग 42 मिनट विलंब से चलकर संध्या 18 10 बजे जमालपुर पहुंची इस ट्रेन का जमालपुर पहुंचने का निर्धारित समय 1728 बजे है इसी सिलसिले में 18603 रांची गोड्डा एक्सप्रेस और 12368 डाउन आनंद विहार भागलपुर विक्रमशिला सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक एक घंटा लेट जमालपुर पहुंची

35 लीटर अवैध देशी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

मुंगेर /जमालपुर। जमालपुर थाना पुलिस ने बुधवार को 35 लीटर अवैध देशी शराब सहित एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से एक साइकिल भी जप्त किया। इस आशय की जानकारी थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने दी ।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर थाना क्षेत्र के फरीदपुर वार्ड संख्या 29 निवासी सहयोग प्रसाद का 48 वर्ष यह पुत्र राजेश कुमार तांती है। जिसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

डेंगू दिवस के मौके पर प्रभातफेरी निकाली गई

बरियारपुर (मुंगेर)।प्रखंड मुख्यालय से राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर प्रभात फैरी निकाला गया। इसकी अध्यक्षता डा विजय कुमार ने की । संचालन के टी एस ने किया। इस अवसर पर फिलिप उच्च विद्यालय बरियारपुर के प्रांगण से निकल कर शहर के मुख्य मार्गों से चलकर बरियारपुर तीन बटिया चौक से वापस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर पहुंच कर सभा में परिणत हो गया। डेंगू के बिमारी से फैलने के कारणों पर परिचर्चा किया गया। डेंगू बिमारी संक्रमित एडिस मच्छरों के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता है एवम स्थिर पानी मे पनपता है। रोगी के पहचान तेज बुखार आना बदन ,सर एवं जोंडो में दर्द तथा आंखों के पिछे दर्द होना त्वचा पर लाल धब्बे का निशान चकत्ते का निशान होना ।नाक,मसूड़े व मुंह से उल्टी के साथ रक्त स्त्राव होना के साथ साथ काला पैखाना होना इसके मुख्य लक्षण हैं।

15 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

बरियारपुर (मुंगेर)। प्रातः कालीन गस्ती दल ने 15 लीटर कच्चे शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि बरियारपुर पुलिस को शराब आपुर्तिकर्ता को 15 लीटर कच्चे शराब के साथ गिरफ्तार कर बरियारपुर थाना लाया गया । जिसे पुछ - ताछ के क्रम मे सुजीत कुमार तांती पिता झारी लाल तांती घर कल्याणपुर बताया।यह लंम्बी समय से शराब आपुर्ती के कार्य मे शामिल रहें हैं।

नौवीं कक्षा के छात्र की संदेहास्पद मौत

भागलपुर। बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सकुलाचक इलाके में एक नौवीं का छात्र की संदेहास्पद मौत होने का मामला सामने आया है।घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि मृतक छात्र कहलगांव एनटीपीसी क्षेत्र इलाके का रहनेवाला है। जो अपने ननिहाल बबरगंज के सकुलाचक इलाके में रहकर अपनी पढ़ाई लिखाई करता चल रहा था। वही घटना को लेकर मृतक छात्र के मामी और मामा ने कहा कि मेरा भांजा करीब 11 बजे कोचिंग से पढ़ कर घर आया इस दौरान हमलोग दुकान पर थे।

लेबर की हुई दर्दनाक व भयावह स्थिति में मौत

टंकी निर्माण कार्य को लेकर छड़ लेकर चढ़ रहा था मजदूर

प्रातः किरण संवाददाता।

भागलपुर। बबरगंज थाना के पुराना भवन के समीप नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन पानी टंकी का कार्य लंबे समय से चल रहा है। जहां एक मजदूर की बिजली ट्रांसफार्मर की चपेट में आ जाने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मजदूर द्वारा बनाई जा रही पानी टंकी के ऊपर लोहे के पाइप लाइन कनेक्शन जोड़ने को लेकर सीढ़ी पर से लौह के पाइप को चढ़ा रहा था। इसी क्रम में अचानक लोह के पाइप पास के एक बिजली ट्रांसफार्मर में जाकर सटा था, जिसके वजह से लेबर के शरीर में तेज विधुत पावर प्रवाह के चपेट में आने पर धू धू जलने लगा वही घटना दृश्य देखकर आसपास मौजूद अन्य सहयोगी मजदूर के साथ मौके पर पहुंच सूझबूझ से झुलसे मजदूर को लाठी डंडे का सहारा लेकर किसी तरह से बिजली ट्रांसफार्मर मुक्त कराने में सफल रहे थे। वही मजदूर इस घटना में बुरी तरह से झुलस कर मौके पर मौत हो चुकी थी। वही मजदूर की लाश को किसी तरह बिजली के ट्रांसफार्मर से मुक्त करते हुए सहयोगी अन्य मजदूरों ने उसके शव को नीचे उतारा इस दौरान घटना में मजदूर का शरीर पूरी तरह से झुलस चुका था। वही इस घटना में मृतक मजदूर का शरीर आधा हिस्सा बुरी तरह से जलकर राख हो चुका था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत मौके पर ही हो चुकी थी। वही घटना को लेकर आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि यहां बनाए जा रहे पानी टंकी के समीप दो-दो ट्रांसफार्मर है जो काफी सटे हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता हैं। इस पर जल्द कोई सार्थक पहल के दिशा में विभागीय स्तर पर स्थानीय प्रशासन द्वारा अगर निर्णय नहीं लिया गया तो यह आगे चलकर किसी और बड़ी घटना को अंजाम होने की आशंका बनी रहेगी। वही उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय जिला प्रशासन इस ओर पूर्व में ध्यान दे कार्य को सपन्न कराया जाता तो शायद इतनी बड़ी घटना घटित न हो सकती थी। वही स्थानीय प्रशासन के एक लापरवाही के वजह से किसी परिवार के घर उजड़ गया है। वही लोगों की माने तो घटना दृश्य को देखकर लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये थे। वही दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही बबरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई हैं। हालांकि मजदूर की मौत की खबर सूचना मिलते ही गोड्डा मेहरमा के रहनेवाले उसके चचेरे भाई घनश्याम पासवान ने बताया कि भाई रोहित पासवान मजदूरी का काम करता है जो आज नगर निगम द्वारा निर्मित पानी टंकी के ऊपरी हिस्से में पाइप लेकर चढ़ रहा था तभी पास के बिजली ट्रांसफार्मर में सट गया और 11हजार बिजली झटके से उसकी मौके पर मौत हो गई है। वही इस घटना से मृतक मजदूर के पूरे घर परिवार में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के बाद मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

राजद प्रत्याशी पर अपहरण के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया जाना बदले की भावना से ग्रसित है : प्रोफेसर विनय कुमार सुमन

प्रातः किरण ब्यूरो

मुंगेर। इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता पर अपहरण के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया जाना की बदले की भावना से की गई कार्रवाई है। जिला राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने प्रेस से भेंट में कहा है। उन्होंने कहा कि अपनी संभावित हार को देखते हुए वर्तमान सांसद अपने चहेते प्रशासन के आला अधिकारियों की मदद से राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन प्रशासन एवं असमाजिक तत्वों की मदद से वर्तमान सांसद ने सैकड़ों बूथों पर अपने पक्ष में असमाजिक तत्वों के माध्यम से भोकस वोट गिरवा जा रहा था। इसी क्रम में जब राजद प्रत्याशी रामपुर बूथ पर जब गई तो उन्होंने देखा कि कुछ लोग लाइन में खड़े हैं एवं नाबालिक बच्चियों के द्वारा भोकस वोट गिरवाया जा रहा है। बूथ पर मौजूद पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी से शिकायत करने पर उन लोगों ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे अधिकारियों ने कहा की मैडम आप यहां से निकल जाएं समय की गंभीरता को देखते हुए जब राजद प्रत्याशी अपनी कार में बैठने जा रही थी तभी उन पर जानलेवा हमला किया गया जिससे वह घायल हो गई तथा उनकी कार पर भी पत्थरबाजी की गई जिससे उनकी कार का शीशा फूट गया। किसी तरह अपनी जान बचाते हुए कुमारी अनिता सूर्यगढ़ा थाना पहुंचकर हमलावर और सामाजिक तत्वों के विरुद्ध केस दर्ज कराई।

आर्मी जवान की पत्नी की संदिग्ध मौत को लेकर उठे कई सवाल : ग्रामीण

प्रातः किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के खरीक थाना परिक्षेत्र अंतर्गत तेलघी गांव के आर्मी जवान सुमित कुमार झा पिता परमानंद झा की पत्नी मणी कुमारी की अचानक हुई संदिग्ध मौत विगत 11 मई की रात राजस्थान के गंगा नगर जिला अंतर्गत सुरतगढ सदर थाना क्षेत्र स्थित आर्मी कैंप में हो गई है। वही उसकी मौत को लेकर बताया जा रहा है कि 12 मई को आर्मी कैंप स्थित कमरे से स्थानीय थाना पुलिस ने महिला मणी कुमारी का मृत शव बरामद किया गया है। वही घटना स्थल पर मौजूद पुलिस के मुताबिक मृतका के मुह से झाग निकला हुआ दिखा है और मृतिका के गले पर काला निशान उभरा हुआ देखा गया है। वही घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे कैंप के अधिकारियों ने विभागीय कार्यवाई के तहत घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। वही घटना को लेकर संबंधित जानकारी की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दे दी गई थी। जिसके बाद प्राप्त सूचना के तहत मौके पर पहुंचे सूरतगढ़ सदर थाना की पुलिस टीम ने घटनास्थल की बारीकी जांच पड़ताल के बाद मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। वही पुलिस ने मृतका के पति से घटना को लेकर पूछताछ शुरू की। जिसके बाद घटना को लेकर पुलिस की एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल की भी जांच की गई हैं। वही पुलिस ने मौके से घटना से संबंधित साक्ष्य इकट्ठा कर पूरे घटना के जांच हेतू अपने साथ ले जाया गया है। वही दूसरी तरफ मृतका के पति आर्मी जवान सुमित ने घटना की सूचना मृतिका मणी के मायके वालों को दिये जाने को लेकर उसके पिता बीएसएफ जवान प्रभु नारायण राय को दिया गया था। वही घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के पिता आर्मी कैंप पहुंचे। जहां उन्होंने जिला के सरकारी अस्पताल प्रांगण में अपने बेटी के मृत शव को देखा वही पुलिस ने मृतिका के मृत शव का पोस्टमार्टम के बाद शव के अंतिम संस्कार के लिए पिता की मौजूदगी में मृतका के पति को सौंप दिया गया था। वही सुबह एम्बुलेंस से मृतका का शव झंडापुर स्थित उसके मायका पहुंचा जहां मृतका के पिता व मां सविता देवी, बड़ा भाई, छोटी बहन समेत पूरा परिवार के बीच कोहराम मच गया। इस दौरान अपने मृत बेटी के शव को देखते ही सभी परिवार के लोग दहाड़ मारकर रोने चिल्लाने लगे थे। वही परिजनों के रोने चिल्लाने से पूरा गांव का माहौल गमगीन हो गया है। वहां से शव को खरीक के तेलघी स्थित सुमित के घर पहुंचा। जहां से महादेवपुर गंगा घाट पर शव का दाह संस्कार कर दिया गया है। मुखाग्नि मृतका के पति सुमित झा ने दिया। दाह संस्कार में झंडापुर तेलघी के सैकड़ो ग्रामीण गंगा घाट पर मौजूद थे। दाह संस्कार में शामिल कई ग्रामीणों का मृतिका मणी के पति से एक ही सवाल कर रहे थे कि मणी की मौत कैसे हुई लेकिन मणी के पति कुछ भी नही बता रहा है, वह चुप्पी साधे हुए चल रहा था।

घटना को लेकर मृतिका के पिता बिहपुर झंडापुर के बीएसएफ जवान प्रभु नारायण राय ने बताया कि घटना के वक्त मणी कुमारी के अलावे उसके दो बच्चे राघव व मिष्टी और पति सुमित कमरे में मौजूद थे। वही बेटी मणी के मुह से झाग आ रहा था और उसके गला पर घेरे का निशान व शरीर पर चोट के निशान भी उभरते हुए दिख रहा था। जिस बिस्तर पर शव था उसपर मल (गंदगी) लगा हुआ दिखाई दे रहा था। कमरे का यत्रतत्र सामान बिखरा पड़ा हुआ दिखाई दे रहा था। वही मृतका को दो संतान है बड़ा पुत्र राघव कुमार वर्ष व पुत्री मिस्टी कुमारी 4 वर्ष है। दोनो बच्चे अत्यंत भयभीत व खामोश सहमे हुए दिख रहे हैं। वही पूरे घटना मामले को लेकर मृतका के पिता प्रभुनारायण राय ने सूरतगढ़ सदर थाना में आवेंदन देकर हत्या का केस दर्ज कराया है। वही घटना के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नही चल सका है। पुलिस ने केस दर्ज कर हत्याकांड के उद्भेदन में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बिहपुर के झंडापुर निवासी बीएसएफ जवान प्रभुनारायण राय की पुत्री मणी कुमारी की शादी खरीक के तेलघी निवासी परमानंद झा के पुत्र आर्मी जवान सुमित कुमार झा से वर्ष 2015 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी। शादी के वक्त उपहार स्वरुप रूपीए, गहने व फर्नीचर आदि सामान दिया गया था। मणी एक पुत्र व दो पुत्री में बड़ी थी। वह बीएससी हिंदी ऑनर्स थी। शादी के बाद सुमित मणी को लेकर यूपी के आर्मी कैंप में था। तीन साल पूर्व सूरतगढ़ सदर आर्मी कैंप में ड्यूटी कर रहा था। पिता ने बताया कि उसका दामाद सुमित शराब पीकर अक्सर पुत्री के साथ मारपीट करता था। दोनो बच्चे पिता से भयभीत रहते हैं। मणी के पिता ने बताया कि दोनो बच्चा कह रहा है कि पापा ने मम्मी को शराब पिलाकर गले में फंदा लगाकर मार दिया। पिता ने बताया कि सुमित शादी के दो वर्ष बाद से मणी के साथ प्रताड़ना व मारपीट शुरू कर दिया था। पूर्व में भी कई बार छुट्टी पर घर लौटने पुत्री के साथ प्रताड़ना का मामला पंचायत स्तर पर सुलझाया गया था। बच्चा दूसरे कमरे में डर स सो जाता था।

फाइनल मुकाबला में अंकित 11 ने गोवा चक को सात विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया

संग्रामपुर (मुंगेर) । प्रखंड क्षेत्र के बड़ौनियाँ में आयोजित रात्रि सर्किल बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबले में अंकित 11 ने गोगा चक को सात विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को 4100रुपया एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता को 2100 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

सोमवार की रात्रि शुरू हुए इस टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार की देर रात्रि अंकित 11 एवं गोगाचक की टीम के बीच खेला गया। निर्धारित 8 ओवर के फाइनल मुकाबले में गोगा चक की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया ।सुमित की अच्छी पाली के बदौलत गोगाचक की टीम ने अपने सभी विकेट खोकर 108 रन का सम्मान जनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंकित 11 की शुरूआत शानदार रही। उसके सलामी बल्लेबाज मोहम्मद ताबीज एवं आफताब ने शानदार शुरूआत की एवं मैच को एक तरफा बना दिया। लक्ष्य के कुछ दूर पहले आफताब का विकेट गिरा और बल्लेबाजी करने उतरे गुलजार ने मोहम्मद ताबीज के साथ मिलकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद ताबीज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया वही अंकित 11 टीम के मोहम्मद गुलजार को टूनार्मेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद सरपंच कुणाल सिंह एवं पंकज कुमार सिंह के द्वारा विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी प्रदान की गई।

सीबीएसी 10वीं की बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने लहराया परचम : प्राचार्य

प्रातः किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। जिले के माउंट लिट्टा विद्यालय की छात्रा दीपा कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक लाकर पूरे क्षेत्र में सुलतानगंज नगर परिषद का नाम रोशन किया है। वही दुसरी तरफ सुलतानगंज के नेशनल चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल की छात्रा प्रियर्दशनी, आयुष कुमार, सन्नी कुमार ने सीबीएसी बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

आपको बताते चले कि सुलतानगंज नगर परिषद के रहनेवाली दीपा कुमारी ने सीबीएसी बोर्ड परिक्षा में 90 प्रतिशत अंक लाकर शहर व अपने गांव क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही अपने सफलता को लेकर छात्रा दीपा कुमारी ने बताया कि भागलपुर जिले के माउंट लिट्टा स्कूल से पढाई करते हुए 10 बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल किया है । वही छात्रा दीपा कुमारी के इस सफलता को लेकर पुरे परिवार में खुशी की लहर देखी जा रही है, साथ ही सुलतानगंज के नेशनल चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के छात्र छात्राएं ने लगातार पांचवीं बार सीबीएसी के 10वीं बोर्ड परिक्षा में सबसे श्रेठ प्रदर्शन के साथ 94 प्रतिशत के अंक प्राप्त कर सफलता के मुकाम हासिल कर खुद को बेहतर साबित कर दिखाया है। वही परीक्षा में 94 प्रतिशत के अंक हासिल करने वाले छात्र आयुष कुमार, सनी कुमार, प्रियदर्शनी शामिल है जिन्होंने 94 प्रतिशत के अंक लाकर अपने स्कूल शहर सहित पूरे परिवार का नाम रोशन किया है।

वही दूसरी तरफ नेशनल चिल्ड्रेन एकेडमी की तकरीबन 50 छात्र छात्राओं के द्वारा 80, 70 व 65 प्रतिशत के अंक प्राप्त कर अपने स्कूल व परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र छात्राओं के सफलता की खुशी में स्थानीय विद्यालय के निदेशक राजीव कुमार, प्राचार्य शिखा सोनी, उपप्राचार्य रूपेश कुमार गुप्ता, परीक्षा नियंत्रण नंदन पांडे लेखाकार चिरंजीवी गुप्ता ने संतोषजनक सफलता पर अपनी खुशी जाहिर की है, और सभी सफल छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही विद्यालय की ओर से सभी छात्र छात्राएं को शिक्षक दिवस के दिन पुरस्कृत करने की बात कही गई है।

पीरपैंती में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने को लेकर हुई बैठक : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता।

भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा अपने कार्यालय बेस में विभागीय पदाधिकारी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के क्रम में उन्होंने कहा कि अकांक्षी प्रखंड सूची में पीरपैंती शामिल हैं। जहां स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर तरीके से बढ़ाने के साथ साथ अन्य प्रमुख सुविधाओं में सुधार को लेकर निर्देश दिए हैं। बैठक के क्रम में डॉ. छवि पंत ज्योति अतिरिक्त निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पीरपैंती प्रखंड में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बैठक में बताया गया कि पीरपैंती में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि 96 प्रतिशत है, प्रसव पूर्व जांच हेतु पंजीयन की उपलब्धि 78 प्रतिशत है, जबकि निम्न जन्म दर 13 प्रतिशत है, इसके साथ ही प्रखंड में बीपी एवं शुगर की जांच की प्रगति धीमी चल रही है, वही प्रसूती महिलाओं में काफी हद तक हीमोग्लोबिन की कमी पाई जा रही है। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने डीपीएम हेल्थ, जिला एमीनी और डीसीएम को आगामी 3 दिनों तक पीरपैंती प्रखंड में रहकर सर्वे करने के निर्देश दिए गये है कि किस क्षेत्र के आशा, एएनएम या सेविका, सहायिका द्वारा ठीक से काम नहीं किया जा रहा इसकी जांच हो साथ ही उन्होंने कहा कि जब आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट सभी को निःशुल्क मुहैया कराया जा रहा है तो फिर महिलाओं के स्वस्थ्य में हीमोग्लोबिन की कमी कैसे है, क्या क्षेत्र इलाके में जागरूकता की कमी है, इसकी जांच की जाय। साथ ही उन्होंने पंचायती राज संस्था, आईसीडीएस, स्वास्थ्य एवं जीविका के साथ मीटिंग कर क्षेत्र में जागरूकता लाने हेतु 5 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में उन्होंने मुखिया के साथ-साथ सभी वार्ड सदस्यों के साथ बैठक करने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए है, ताकि स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता लाई जा सके, जीविका की पूरी टीम को जागरूकता हेतु कार्य में लगाने के आदेश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर के पीरपैंती, जगदीशपुर और सबौर अति कम विकसित 100 प्रखंडों में से एक माना जाता है, तथा संहौला एवं सुल्तानगंज कम विकसित 500 आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम सूची के तहत (एडीपी) में शामिल हैं। जिसे लेकर नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा अविकसित जिलों एवं प्रखंडों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बाल विकास योजनाएं, आधारभूत संरचना एवं सामाजिक विकास कार्यक्रम में सुधार करने हेतु भारत के 27 राज्यों चार केंद्र शासित प्रदेशों के 329 जिले एवं 500 प्रखंडों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। वही अकांक्षी प्रखंड सूची में शामिल प्रखंड क्षेत्र इलाके में स्वास्थ्य सेवा के 7 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में सुधार के लिए 15 अंक, शिक्षा के 11 संकेतकों में सुधार के लिए 30 अंक, बाल विकास सेवाएं के 7 संकेतकों के सुधार के लिए 15 अंक, आधारभूत संरचना के 5 संकेतकों में सुधार के लिए 15 अंक, कृषि के 5 संकेतकों में सुधार के लिए 20 अंक तथा सामाजिक विकास के 4 संकेतकों के सुधार पर 5 अंक इस प्रकार कुल 100 अंक दिए जाते हैं। वही 100 अंक प्राप्त हो जाने पर नीति आयोग द्वारा प्रखंडों को अकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम से बाहर कर दिया जाता है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रातः किरण ब्यूरो

मुंगेर। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के अभिभावक , एवं मार्गदर्शक पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर भारतीय जनता मुंगेर जिला इकाई की ओर से मकससपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिला अध्यक्ष डॉ अरूण पोद्दार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीशुतोष कुमार यादव ने कहा कि 1990 के दशक में जब बिहार पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के आंतक एवं गुंडाराज चरम सीमा पर था लालू यादव चारा घोटाला में चार्जशीटेड हो गये लालू के इस्तीफे के लिए भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे थे। राजद के गुण्डा खुले आम आंतक मचा रहा था। उस समय स्व सुशील मोदी उस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे बहुत धैर्यपूर्वक इन्होंने आंदोलन का नेतृत्व कर लालू यादव को इस्तीफा देने पर मजबुर कर दिया था । श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मोहन वर्मा ने कहा कि स्व सुशील मोदी उन सौभाग्य शाली नेताओं में से एक थे जिन्होंने चारों सदनों का प्रतिनिधित्व किये और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के अपने कार्यकाल में पार्टी को सींच कर एक वटवृक्ष बनाने में सफल रहे। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए नमो एप बिहार प्रदेश के क्षेत्रीय प्रभारी शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि स्व सुशील कुमार मोदी का मुंगेर जिला से निजी लगाव रहा है। वे जे पी आंदोलन के एक योद्धा थें बिहार को भय भूख और भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए ये काफी लम्बा संघर्ष किया उन्हीं के संघर्ष का परिणाम है कि आज पार्टी राष्ट्र की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष कर्नल अरूण कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह,सपना मेहता , सुमेधा आर्या,संघ के अशोक जी,नगर अध्यक्ष आंनद प्रकाश सिन्हा उर्फ सोमू सिंहा, राजेश कुमार मुन्ना, हिमांशु जी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मतदान केंद्र पर राजद प्रत्याशी पर हमले का धानुक समाज ने किया विरोध

प्रातः किरण संवाददाता

बारियारपुर (मुंगेर)।अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ बरियारपुर ने बैठक कर मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सूर्यगढ़ा विधानसभा के मतदान केंद्र संख्या 237 एवं 238 पर राजद प्रत्याशी कुमारी अनीता पर हुई जानलेवा हमले पर विरोध जताया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार उर्फ बैलून सिंह ने किया । बैठक के प्रारंभ पूर्व भाजपा नेता सुशील मोदी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजन को धैर्य शक्ति प्रदान करने लिए प्रार्थना की गई। जिला सचिव धानुक बिट्टू सिंह ने कहा कि मुंगेर लोकसभा के अति पिछड़ा समाज से राजद प्रत्याशी कुमारी अनीता के साथ हत्या की नीयत से सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 237 एवं 238 पर किया गया हमला घोर निंदनीय है इस निंदनीय घटना का धानुक समाज विरोध करता है।

साजिश के तहत अतिपिछड़ा समाज की प्रत्याशी को हमला कर उन्हें डरने का प्रयास किया गया जिसमें वह घायल हुई एवं उनके गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त की गई एनडीए प्रत्याशी के समर्थक अपनी हार को देखते हुए अपना मानसिक संतुलन खोकर ऐसी घटना को अंजाम दिया परंतु हम सभी धानुक समाज एकजुट होकर प्रत्याशी कुमारी अनीता के साथ हैं।

बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप मंडल जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सहित प्रशांत कुमार सिंह उर्फ रिम्पु संतोष पटेल मनोज मंडल राजेश रंजन जलेश्वर महतो रमेश कुमार राय राजीव कुमार एवं अरविंद कुमार उपस्थित थे।

बेलगाम यात्रियों से भरी बस चालक ने बाइक सवार को मारी जबरदस्त ठोकर

नवगछिया (भागलपुर)। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर पसराहा-नारायणपुर के बीच एक बाइक सवार को तेज रफ्तार यात्री बस ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में एक बच्चा समेत चार लोग घायल होने की बात सामने आई है। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक घायल लोगों की पहचान खगड़िया जिला के परमानपुर गांव के मुशहरू शर्मा की पत्नी 50 बर्षीय सुगा देवी चोटिल हो गयी है तो वही खगड़िया के रामटोला पोठिया के 32 बर्षीय अन्नू शर्मा व उनकी पत्नी 28 बर्षीय आभा देवी व उनका चार वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार शामिल हैं, जो गम्भीर रूप से जख्मी व घायल हो गया है। वही घटना को लेकर घायल सुगा देवी ने बताया कि बस चालक ने बाइक सवार को पीछे से धक्का मार दिया था। जिसके कारण सभी घायल हो गये है। वही घायल हुए सभी लोग नवगछिया के परबत्ता गांव इलाके में अपने रिश्तेदारों के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। वही घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को निजी वाहन से मधुरापुर स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद हालत की गम्भीरता को देखते हुए सभी घायलों को चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया गया है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास में जल-जमाव समस्या को लेकर हुई बैठक : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा अपने कार्यालय बेस में विभागीय पदाधिकारी के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास विश्वविद्यालय परिसर में लगातार हो रही जल-जमाव की समस्या को लेकर एक विशेष बैठक की ।इस दौरान नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. विकास चंद्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री संतोष कुमार पांडे, वुडको के कार्यपालक अभियंता व स्मार्ट सिटी के अभियंता मौजूद थे। बैठक के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विश्वविद्यालय परिसर अवस्थित अंबेडकर छात्रावास प्रांगण में प्रायः जल-जमाव स्थिति बना रहता है, जिसके कारण काई व गंदगी का अंबार भी लग जाता है। जिसे लेकर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त से इसका समाधान पूछने पर उन्होंने बताया कि संप हाउस बनाकर पानी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान के माध्यम से निकासी की जा सकती है। इसी क्रम में वुडको के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि संप हाउस के लिए 15*15 मीटर जमीन की आवश्यकता पड़ेगी। उक्त जानकारी के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा दिनों तक जल-जमाव हो जाने से मलेरिया, फलेरिया, डेंगू सहित कई जानलेवा बीमारी उत्पन्न हो सकती है, इसलिए यथाशीघ्र संप हाउस का निर्माण करा कर अंबेडकर छात्रावास परिसर से जल निकासी की व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने वुडको के कार्यपालक अभियंता, स्मार्ट सिटी के कार्यपालक अभियंता के साथ साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को भ्रमण कर स्थिति का आकलन कर लेने तथा संप हाउस के लिए वांछित जमीन पर संप हाउस बनवाने हेतु विश्वविद्यालय से एनओसी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

पांच लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर हुआ गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस अधीक्षक पूरण कुमार झा के नेतृत्व में सभी थानों के पुलिस टीम को अलर्ड मोड़ पर कर दिया गया है। इस दौरान उन्होंने अल्टीमेटम जारी कर कहा है कि संबंधित थाने के गांव इलाके में शराब व स्वांस मादक पदार्थ का कारोबार से संबंधित जानकारी प्राप्त नही होनी चाहिए।

उक्त जारी आदेश के आलोक में नशे के कारोबार में संलिप्त कारोबारी व तस्करों के खिलाफ समकालीन अभियान चलाया गया है। पुलिस द्वारा समकालीन अभियान के तहत बिहपुर इलाके से तीन लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। वही मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर मिक्ली गांव के अमित कुमार पिता उपेन्द्र चौधरी के रूप में हुई हैं। वही दूसरी तरफ झंडापुर थाना क्षेत्र के चौरहर ढ़ाला झंडापुर में दो लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफल रही हैं। जिसे लेकर स्थानीय झंडापुर थाना के थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर रधूनंदन पहाड़ी पिता श्यामनंदन पहाड़ी हैं। सभी तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मेडिकल जांच के साथ ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान

मैं जब तक खेलना जारी रखूंगा तब तक अपना बेस्ट देता रहूंगा।

बेंगलूर (एजेंसी)। इस बार के आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु के स्टार बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी कमाल के फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वहीं बात करें आरसीबी की तो अभी भी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें नजर आ रही हैं। इन सब के बीच विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। आरसीबी द्वारा एक पोडकास्ट में कोहली ने अपने करियर से जुड़े कई सवालों के जबाव दिए, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट संन्यास को लेकर भी बात की। इसके साथ ही कोहली के टी20 विश्व कप की टीम में चयन को लेकर भी कई सवाल खड़े हुए थे जिसका जवाब उन्होंने दिया।

आईसीसी रैंकिंग

शाकिब के साथ हसरंगा शीर्ष स्थान पर, बल्लेबाजों में सूर्यकुमार टॉप पर बरकरार

दुबई (एजेंसी)। हार्दिक पांड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्क्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (781), बाबर आजम (761) और दक्षिण अफ्रीका के मार्क्रम (755) उनके बाद है। भारत के यशस्वी जायसवाल 714 अंक लेकर छठे स्थान पर हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद, हसरंगा और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन शीर्ष तीन स्थानों पर हैं। भारत के अक्षर पटेल चौथे स्थान पर हैं।

फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने लिया संन्यास

बोले- नए लोगों को मौका देने का समय है

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के महान फुटबॉल आइकन सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान किया है। सुनील 6 जून को कुवैत के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलेंगे।उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी एक वीडियो पोस्ट कर संन्यास की घोषणा की और कहा कि वे कुवैत के साथ अपना अंतिम मैच खेलेंगे। वीडियो में उन्होंने अपने सफर पर बात की है और कहा कि अब नए लोगों को मौका देने का समय है। 39 साल के सुनील छेत्री ने भारत के लिए खेलते हुए कई बड़े रिकार्ड्स अपने नाम किए हैं।

संन्यास का ऐलान के साथ याद किया अपना सफर – सुनील छेत्री भारतीय फुटबॉल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने देश के लिए 150 मैचों में 94 गोल किए। इंटरनेशनल गोलस्कोररों की सूची में वह इस समय चौथे स्थान पर हैं। संन्यास की घोषणा करते हुए छेत्री ने अपने सफर को याद किया और कहा, मुझे आज भी याद है जब मैंने अपना पहला मैच खेला था। मेरा पहला मैच, मेरा पहला गोल, ये मेरे सफर का सबसे यादगार पल रहा।उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने मैच खेल जाऊंगा।उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने संन्यास लेने का तय किया तो उन्होंने सबसे पहले अपने माता-पिता और पत्नी को इस बारे में बताया।

अच्छे कॉलेज में दाखिले के लिए फुटबॉल से जुड़े थे शरारती सुनील छेत्री, इंस्पायर कर देगी स्टोरी

अल्हड़पन में शरारतों के शौकीन सुनील छेत्री बचपन में फुटबॉल के शौकीन नहीं थे और एक अच्छे कॉलेज में दाखिले के लिये ही खेल को जरिया बनाना चाहते थे लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था। उनके सैनिक पिता खारगा छेत्री हालांकि हमेशा से चाहते थे कि उनका बेटा पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी बने और वह हासिल कर सके जो वह खुद नहीं कर पाए।

दिल्ली में सुनील ने फुटबॉल का ककहरा सीखना शुरू किया और सिटी क्लब से 2001–02 में जुड़े। इसके बाद वह मोहन बागान जैसे दिग्गज क्लब के साथ 2002 में जुड़े। इसके बाद जो हुआ, वह भारतीय फुटबॉल के इतिहास में दर्ज हो चुका है। करीब दो दशक के स्वर्णिम करियर के बाद छेत्री ने अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला किया है।

भारत के लिए सर्वाधिक 150 मैचों में सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री भारतीय फुटबॉल के गढ कोलकाता में खेल को अलविदा कहेंगे। वह 2005 तक मोहन बागान के साथ रहे और 18 मैचों में आठ गोल दागे। इसके बाद भारत की अंडर 20 टीम और सीनियर राष्ट्रीय टीम से जुड़े। उन्होंने 2005 में पाकिस्तान के क्वेटा शहर में पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया। उनके पिता बलोचिस्तान प्रांत में अपने बेटे की सुरक्षा की छेत्री सीनियर को काफी चिंता हो रही थी चूंकि उस समय सुनील महज 20 साल के थे। ऐसे में छेत्री ने अपने पिता को दिलासा दी।

इसके 19 साल बाद एक बार फिर छेत्री सीनियर ने राहत की सांस ली है क्योंकि उनके बेटे ने उनका हर सपना पूरा कर दिया। आंध्रप्रदेश के सिकंदराबाद में तीन अगस्त 1984 को जन्मे छेत्री को यूं तो फुटबॉल विरासत में मिला था। उनके पिता भारतीय सेना के लिए और मां सुशीला नेपाल की राष्ट्रीय टीम के लिए खेल चुकी थी। भारतीय टीम में जगह बनाने के बावजूद अपने खिलंदड़ स्वभाव के लिए मशहूर छेत्री के लिए बहुत कुछ बदल गया जब तत्कालीन कोच बॉब हॉटन ने उन्हें 2011 एशियाई कप में बाईचुंग भूटिया के संन्यास लेने के बाद कप्तानी का जिम्मा सौंपा। अब उन्हें 'बैकबेंच% से आगे आना पड़ा। करियर के शुरूआती दिनों में उन्हें सलाह देने के लिए भूटिया जैसे दिग्गज थे लेकिन उनके संन्यास लेने के बाद छेत्री ने अपने दम पर नए मुकाम तय किए। इतने साल में यूं तो कई प्रतिभाशाली फुटबॉलर पैदा हुए लेकिन कोई दूसरा बाईचुंग भूटिया या सुनील छेत्री नहीं निकला। मैदान पर उपलब्धियों की नई दास्तान लिखते जा रहे छेत्री ने भारतीय फुटबॉल महासंघ पर फीफा का निलंबन, उसके पदाधिकारियों और कोचों पर यौन उत्पीड़न के आरोप, भ्रष्टाचार और गुटबाजी सब कुछ देखा।

भारतीय फुटबॉल में अपना कोई वारिस नहीं देखकर छेत्री अंतरराष्ट्रीय करियर को विस्तार देने के लिए अपने दोस्त विराट कोहली की सलाह पर 'वीगन (शाकाहार और दुग्ध उत्पाद रहित खाना) हो गए। नीली जर्सी और नारंगी आर्मबैंड पहनकर पिछले दो दशक से देश के लिए दनादन गोल करते आ रहे छेत्री ने क्रिकेट के दीवाने देश में फुटबॉल को सुर्खियों में लाने का काम भी बखूबी किया है। उनके फन का लोहा भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार कोहली ने भी माना है जो उनके योगदान की बानगी देता है।

आज हार्दिक पंड्या का होगा खेल खत्म या मुंबई की बचेगी लाज?

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स की टक्कर

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया।

लखनऊ को मिली लगातार 3 हार

केकेआर से 98 रन से हार के बाद उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने दस विकेट से और दिल्ली कैपिटल्स ने 19 रन से हराया। सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0 . 787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0 . 387 है।

प्लेऑफ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी थी मुंबई

पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा।

बल्लेबाजों ने पूरी तरह निराश किया तो गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह (13 मैचों में 20 विकेट)दूसरे गेंदबाजों को अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रेरित नहीं कर सके। इस मैच में फोकस विश्व कप टीम में शामिल पंड्या, रोहित , बुमराह और सूर्यकुमार यादव पर रहेगा। रोहित पिछली छह पारियों में नाकाम रहे हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 19 रन रहा। वहीं पंड्या भी हरफनमौला की भूमिका बखूबी नहीं निभा सके। सूर्यकुमार यादव ने तीन अर्धशतक और एक शतक जमाकर आत्मविश्वास हासिल किया है।

मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

मुंबई संभावित प्लेइंग 11– ईशान किशन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, नमन धीर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), टिम डेविड, अंशुल कंबोज, पीयूष चावला, जसप्रित बुमराह, नुवान तुषारा।

लखनऊ संभावित प्लेइंग 11– क्विंटन डिकॉक, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, करुणाल पंड्या, अरशद खान, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक।

'उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे', धोनी के संन्यास पर बोले सीएसके के कोच

बेंगलुरू (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था।

हस्सी ने कहा, 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाए हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का ऑपरेशन हुआ था। वह टूर्नामेंट के इस सत्र में शुरूआती चरण से उसे मैनेज कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे। वैसे इस बारे में फैसला तो वही लेंगे। मुझे नहीं लगता कि इतनी जल्दी कोई फैसला आएगा।

धोनी के कप्तानी छोड़ने के फैसले के बारे में उन्होंने कहा, 'एमएस ने कहा कि वह टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की बैठक में भाग नहीं लेंगे। और हम सब हैरान हो गए कि क्या हो रहा है। फिर उन्होंने कहा कि अब से रूतुराज कप्तान होगा। शुरूआत में झटका लगा लेकिन हमें पता था कि रूतुराज सही पसंद है।

क्रिकेट मेरे खून में है... दिग्गज उसेन बोल्ट को ऐसा क्यों कहना पड़ा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। फर्राटा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है । आठ ओलिंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ।

बोल्ट ने न्यूयॉर्क से मीडिया को फोन पर दिये इंटरव्यू में कहा ,'मैं क्रिकेट देखकर बड़ा हुआ हूं । मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं । यह मेरे खून में है। मैं क्रिकेट से दूत के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है । क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ लेकिन टी20 विश्व कप का दूत होना शानदार है ।'

टी20 है बोल्ट को सबसे ज्यादा पसंद – अपने सात साल के कैरियर में 100 और 200 मीटर के विश्व रिकॉर्डधारी बोल्ट अनेक उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं ।पिछले कुछ महीने संगीत और फुटबॉल का अपना शौक पूरा करने के लिये दुनिया घूमने वाले बोल्ट को टीवी पर क्रिकेट और आईपीएल देखने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा ,'मैं उतना क्रिकेट नहीं देख सका लेकिन जब भी मौका मिलता है, मैं टी20 मैच देखता हूं ।' उन्होंने कहा ,'यह मेरा पसंदीदा प्रारूप है । इसमें आपको मजबूत, तेज और अच्छी रणनीति बनाने में माहिर होना पड़ता है । इसमें टेस्ट और वनडे दोनों का जादू देखने को मिलता है ।'

बचपन में वसीम अकरम थे बोल्ट के फेवरेट – बोल्ट ने कहा ,'वेस्टइंडीज में टी20 और वनडे अभी भी लोकप्रिय है । लोगों को टेस्ट क्रिकेट उतना पसंद नहीं आता है । यह खेल की रफ्तार से जुड़ा है। आंद्रे रसेल जैसे बिग हिटर को देखने में मजा आता है । वेस्टइंडीज में टी20 क्रिकेट काफी लोकप्रिय है।' बचपन के दिनों की क्रिकेट की उनकी यादों में वसीम अकरम की इनस्विंग यॉर्कर भी शामिल है। उन्होंने कहा ,'बचपन में वसीम अकरम मेरे फेवरिट थे। इनस्विंग यॉर्कर की वजह से। कर्टनी वॉल्श और कर्टली एम्ब्रोज भी थे। अपने पिता की तरह मैं वेस्टइंडीज का समर्थक था लेकिन मुझे सचिन तेंदुलकर भी पसंद हैं। वह और ब्रायन लारा मेरे बचपन की यादों का हिस्सा है ।' मौजूदा क्रिकेटरों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि विराट कोहली का कोई सानी नहीं।

ईशान किशन और टिम डेविड में हुई पटकी-पटका, भारतीय ने कंगारू को यूं दबोच लिया

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल 2024 सीजन में अपना आखिरी मुकाबला खेलने को तैयार मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। वह 17 मई यानी शुक्रवार को आखिरी मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेलने उतरेगी। मुंबई इंडियंस की कोशिश होगी कि वह इस सीजन का आखिरी मैच अपने घरेलू मैदान पर जीतकर कम से कम फैंस को कुछ खुशी के पल दे। हालांकि, इससे पहले मुंबई ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उसके दो खिलाड़ी मल्लयुद्ध करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो में देखा जा सकता है कि ईशान किशन और टिम डेविड एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज पूरा जोर लगाकर कंगारू ऑलराउंडर के दोनों पैरों को दबोच लेता है, लेकिन भारी भरकम शरीर वाले टिम कुछ ही देर में खुद को छुड़ा लेते हैं। 30 सेकंड के इस वीडियो में एक वक्त आता है, जब दोनों एक-दूसरे पर पलटी मारते हैं और फिर हांफते हुए छोड़कर पीछे हट जाते हैं।

पूरे वीडियो में हालांकि दोनों खिलाड़ी सीरियस नहीं दिखते हैं। एक दोस्ताना माहौल में वे लड़ते नजर आ रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा- चेतावनी... ये पूरी तरह से ट्रेनिंग ट्रेंड प्रोफेशनल (प्रशिक्षित पेशेवर) हैं। कृपया इसे घर पर ट्राई न करें। साथ ही उसने इमोजी भी शेयर की।

राम के आने का क्या फल मिला? गौ हत्या बंद क्यों नहीं हुई - शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

भरतपुर , एजेंसी। जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को राजस्थान के भरतपुर में धर्मसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, राम जन्म भूमि में राम को लाने से क्या हुआ तो, कृष्ण जन्म भूमि में कृष्ण को भी लाया जाए।शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बिहारी जी मंदिर के बाहर धर्मसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि में राम आ गए ऐसा कहा जा रहा है, लेकिन उनके आने का फल क्या हुआ, ये देखना होगा। उनके आने से अच्छा फल हुआ तब तो कृष्ण जन्मभूमि में कृष्ण को भी लाया जाए और उनके आने का कोई फल नहीं मिला तो फिर कृष्ण को भी लाने का क्या फल मिलेगा। राम जन्मभूमि में राम के आने के बाद देश में

गौ हत्या बंद हो जानी चाहिए।यह हम सनातनियों के माथे पर बहुत बड़ा कलंक है। इसलिए राम के आने का पहले फल मिले। देश में गौ हत्या बंद हो। जब राम के आने का फल मिल जाए तो कृष्ण को भी लाया जाए।

नाना पटोले पर साधा निशाना: कांग्रेस नेता नाना पटोले के राम मंदिर के शुद्धिकरण वाले बयान पर शंकराचार्य ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश पर राज किया है और 55 साल गौ हत्या की है। इसलिए राममंदिर को शुद्ध करने से पहले कांग्रेस पार्टी को शुद्ध होना पड़ेगा।

इसके लिए सारे कांग्रेसी मुंडन कराएं, पंचागव्य पिएं और गौ माता के सामने साष्टांग करें। जो खुद गौ हत्या का पापी है, वो मंदिर के शुद्धिकरण की बात करते अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से राममंदिर बना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने की ताकत खुद भाजपा में भी नहीं है। शंकराचार्य ने कहा कि गाय हम सनातनियों के लिए गुरु और भगवान से भी पहले है। इसलिए हम पहली रोटी गाय के लिए निकालते हैं। मोदी सरकार पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि कुर्सी पर बैठे हुए 10 साल हो गए, लेकिन हिंदू जैसा काम नहीं किया। गौ हत्या बंद नहीं कराई, बल्कि गाय काटते चले जा रहे हैं और बढ़ावा दे रहे हैं।

गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना प्राथमिकता

शंकराचार्य ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता संकल्प यात्रा राजस्थान के 50 जिलों में निकलेगी। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं है, बल्कि हमारी आस्था व हमारी पहचान है। गौ माता को उसका खोया सम्मान दिलाना होगा। हमारी ऋषि परंपरा में गाय को मानव समाज में सर्वोच्च दर्जा प्राप्त है। गौ माता में 33 कोटी देवी-देवताओं का निवास है। आज देश भर में गौ हत्या हो रही है. हमें अपने पूर्वजों की विरासत को संभाल कर रखना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

दूसरे से संपर्क में रहने का शक, नोएडा में लिव इन पार्टनर की हत्या से सनसनी

नईदिल्ली, एजेंसी। लिव इन पार्टनर की हत्या का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां 35 साल के एक शख्स ने अपनी 50 साल के लिव इन पार्टनर की हत्या कर दी। इस युवक को शक था कि उसकी लिव इन पार्टनर का किसी अन्य शख्स के साथ अफेयर था। बुधवार को पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आरोपी गौतम, विनिता सेक्टर 42 में एक साथ रहते थे। पुलिस ने कहा कि वो दोनों पिछले तीन सालों से रिलेशनशिप में थीं। महिला के पति के बाद दोनों साथ में रह रहे थे। मंगलवार की रात दोनों के बीच बहस हुई थी। इसके बाद आरोपी ने अपने लिव इन पार्टनर से मारपीट की थी जिसके बाद वो बेहोश हो गई थी। इसके बाद वो घर छोड़ कर चला गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा इसके बाद महिला को कुछ स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत केस दर्ज किया गया है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई। इसके बाद गौतम को तलाशा गया और उसे कस्टडी में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कहा कि दोनों के बीच बहस लड़ाई में तब्दील हो गई। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसे शक था कि विनिता किसी और के साथ संपर्क में थी। पुलिस ने कहा कि मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया था जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बृजभूषण शरण मुस्लिमों से बोले- कोई कहे न कहे, हम कहते हैं, आप लोग हमारा ही खून

कैसरगंज , एजेंसी। उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह बेटे करण भूषण सिंह बीजेपी से मैदान में है। यहां बेटे को जिताने के लिए सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पूरी ताकत झोंक दी है। बृजभूषण शरण कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर लोगों से संपर्क कर पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस बीच अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में सांसद बृजभूषण शरण ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कोई कहे या न कहे, हम कहते हैं कि आप हमारा ही खून खून हैं। कोई डीएनए करा ले तो पांच पीढ़ी पहले हम एक ही निकलेंगे। आपके लिए हम बदनाम हैं और आप हमारे लिए बदनाम हैं, इसलिए बो तो पक्ष में बो नहीं तो न बो, कम से कम फायदा न करो तो नुकसान न करो। मैं आपका अहसानमंद रहूंगा। हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। वो लोग न आए हैं न आएंगे। हमारा आपका मिलना बढ़ेगा और भाईचारा बढ़ेगा। आपको बता दें कि भाजपा ने अबकी बार कैसरगंज से उन्हें मैदान में न उतारकर उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह पर दांव लगाया है। 26 साल बाद संसदीय चुनाव के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब चुनावी रण में बृजभूषण शरण नहीं होंगे। छात्र राजनीति में अपना दबदबा कायम करने के बाद 1991 में बृजभूषण शरण सिंह पहली बार गोण्डा से लोकसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लडे और जीत हासिल की। 1971 के बाद मनकापुर राजघराने की इस सीट पर उन्होंने बादशाहत समाप्त की। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का निधन

मुंबई , एजेंसी। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। अनीता गोयल के परिवार में उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनीता गोयल ने गुरुवार तड़के तीन बजे अंतिम सांस ली। अनीता गोयल जेट एयरवेज के ऑपरेशन्स से जुड़ी हुई थीं और वह एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट थीं। नरेश गोयल, जो खुद कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए मानवीय आधार पर इस महीने की शुरुआत में बॉम्बे हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मांगी थी। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 सितंबर, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और आर्थर रोड सेंट्रल जेल (एआरसीजे) में बंद हैं।

नियमों का उल्लंघन किया तो होगी कानूनी कार्रवाई, चीन ने फिलीपींस को जारी की चेतावनी

बीजिंग, एजेंसी। फिलीपींस के कार्यकर्ताओं ने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित चीन की ओर यात्रा शुरू कर दी। जिस कारण से चीन ने पश्चिम फिलीपींस सागर में मिशन की अनुमति देने के लिए चेतावनी जारी की है। कई सारी मछलियों को पकड़ने वाली नावों का एक बेड़ा फिलीपींस से स्कारबोरो शोल के लिए निकला है। स्कारबोरो शोल फिलीपींस के मुख्य द्वीप लूजॉन से लगभग 240 किमी पश्चिम में स्थित हैं। इस क्षेत्र पर चीन ने 2012 में जब्त कर लिया था। जबकि यह क्षेत्र फिलीपींस के अंदर है। बता दें कि कुछ समय पहले हुई एक घटना में स्कारबोलो शोल के पास चीनी तट रक्षक जहाजों से पानी की बौछार से फिलीपींस तट रक्षक जहाज को निशाना बनाया था। इससे फिलीपींस जहाज क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके अलावा एक अन्य विवादित क्षेत्र में स्कारबोरो शोल और सेकेंड थॉमस शोल के पास दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। क्योंकि फिलीपींस के एक युद्धपोत को जानबूझकर खड़ा किया गया था। चीन फिलीपींस, ताइवान और वियतनाम जैसे पड़ोसी देशों के प्रतिद्वंदी दावों को दरकिनार कर दक्षिण चीन सागर के हिस्से पर हक का दावा करता है। वहीं चीन ने फिलीपींस को चेतावनी जारी की है, जिसमें पश्चिम फिलीपींस सागर में फिलीपीन मछुआरों को दी गई अनुमति का गलत इस्तेमाल न करें।

बेटी ने 75 साल के पिता के लिए चुनी दुल्हनिया, गुजरात में इस शादी की खूब हो रही चर्चा

महिसागर , एजेंसी। गुजरात में एक शादी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। गुजरात के महिसागर जिले में 75 साल के एक शख्स ने 60 साल की महिला से शादी की। बताया जाता है कि खेती काम करके अपना गुजर करने वाले साइबा भाई डामोर की शादी उनकी बेटी ने ही कराई। बेटी ने पिता की शादी के लिए 60 साल की कंकुबेन परमार के साथ रिश्ता तय किया। साथ ही समाज के साथ मिलकर सामाजिक रस्म रिवाजों को भी निभाया। अपनी दूसरी शादी से साइबा भाई डामोर काफी खुश नजर आए। उन्होंने डीजे पर जमकर डांस किया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गुजरात के महिसागर जिले के खानपुर तालुका के अमेठी गांव के निवासी 75 साल के सायबा भाई डामोर की बेटी ने उनकी शादी कराई। बेटी ने पिता की शादी के लिए दुल्हन के रूप में 60 साल की कंकु बेन परमार को चुना। खेती काम करके अपना गुजर करने वाले साइबा भाई डामोर की पहली पत्नी का निधन 2020 में हुआ था। कंकु बेन परमार के पूर्व पति का भी निधन

हो चुका है। बताया जाता है कि बेटी ने पिता की शादी के रस्म रिवाजों को भी बखूबी निभाया।

इस शादी से साइबा भाई डामोर काफी खुश नजर आए। उन्होंने डीजे की धुन पर जमकर डांस किया। पूरा गांव इन दो बुजुर्गों की शादी में शामिल हुआ। विधुर साइबा भाई और विधवा कंकु बेन लंबे अर्से से एकाकी जीवन गुजार रहे थे। बेटी की पहल पर दोनों ने एक-दूसरे के साथ बाकी का जीवन गुजराने का फैसला किया। साइबा भाई की एक ही बेटी थी, जिसकी शादी हो चुकी है। बेटी को बुजुर्ग पिता की फिक्र थी क्योंकि परिवार में कोई नहीं था। इस वजह से बेटी और दामाद ने मिलकर पिता की शादी कराने का फैसला किया। बताया जाता है कि साइबा भाई घर के सारे काम खुद ही करते हैं। वह अपने लिए भोजन भी पकाते हैं। बेटी से उनका दर्द देखा नहीं जाता था। इसी वजह से उसने पिता की शादी कराने का फैसला किया। शादी के बाद साइबा भाई ने कहा कि बुढ़ापे में मेरा कोई सहारा नहीं था। मुझे लाठी पकड़कर सारा काम करना पड़ता था। मैं शादी के बाद बहुत खुश हूं। कंकु बेन अपने मामा की लड़की के घर रहती थी।

नोएडा पुलिस ने मिटाया चाचा का कलंक, 10 महीने बाद बिछड़े भतीजे से मिलाया; इंस्टाग्राम से मिली लोकेशन

नईदिल्ली, एजेंसी। पेपर खराब होने के बाद फेल होने के डर से चाचा के घर से 21 जुलाई 2023 को लापता हुए किशोर को नोएडा पुलिस ने बुधवार को दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास से सकुशल बरामद कर लिया। किशोर की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर कुछ युवकों के साथ दिखी थी। इसके बाद उसको तलाशा गया। डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्र ने बताया कि बीते साल जुलाई में सेक्टर-22 निवासी अखंड प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका 14 वर्षीय भतीजा रनवीर शाम चार बजे कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचा। देर रात तक भी जब किशोर घर नहीं लौटा तो इसकी शिकायत पुलिस से की गई।

पुलिस ने उसको काफी तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस की एक टीम लगातार इस मामले को देख रही थी। उसकी तस्वीर जगह-जगह दीवारों पर चस्पा की गई। चार दिन पहले किशोर की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर कुछ युवकों के साथ दिखी। इंस्टाग्राम पोस्ट की लोकेशन हरिद्वार की थी। इसके बाद एडिशनल डीसीपी की अगुवाई में टीम को हरिद्वार रवाना किया

गया। टीम ने पोस्ट में दिख रहे युवकों से जब संपर्क किया तो पता चला कि किशोर इस समय दिल्ली में है। इसके बाद टीम दिल्ली पहुंची और जब वह बंगला साहिब गुरुद्वारे से लंगर खाकर निकल रहा था तभी टीम के साथ गए उसके चाचा ने बच्चे को पहचान लिया। किशोर को उसके चाचा के सुपुर्द कर दिया गया। भतीजे को सही सलामत देख उसके चाचा गुरुद्वारे के बाहर ही उससे लिपटकर रोने लगे। उन्होंने पुलिस का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके ऊपर एक कलंक लग गया था जिसे नोएडा पुलिस ने मिटा दिया है। गुमशुदगी के लिए इस दौरान किशोर पॉटरी का काम करने लगा था, ताकि उसका जेब खर्च भी चलता रहा। वह हरिद्वार भी गया था। डीसीपी नोएडा की ओर से किशोर को सकुशल बरामद करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने भी टीम का उत्साहवर्धन किया है। पूछताछ में किशोर ने बताया कि उसके पिता छत्तीसगढ़ के सरदूजा जिले के अम्बिकापुर कस्बे में कारोबार करते हैं। रनवीर का बचपन से ही पढ़ने में मन नहीं लगता था। पढ़ने के लिए रनवीर के पिता ने उसे अपने भाई अखंड के पास नोएडा भेजा।

राष्ट्रपति बनने के 9 दिन भीतर चीन पहुंचे पुतिन: जिनपिंग ने रेड कारपेट वेलकम दिया

बीजिंग, एजेंसी। व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने के बाद गुरुवार को चीन पहुंचे। वे राष्ट्रपति बनने के 9 दिन के भीतर ये दौरा कर रहे हैं, वो भी ऐसे समय जब रूसी सेना ने यूक्रेन के खार्कीव शहर में घुस रही है। पुतिन 2 दिन चीन में रहेंगे। चीन पहुंचने पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पुतिन को रेड कारपेट वेलकम दिया। इस दौरान सोवियत ऐरा की धुन बजाई गई। कतर के न्यूज चैनल अलजजीरा के मुताबिक, पुतिन अपनी यात्रा के दौरान चीन से यूक्रेन जंग में समर्थन जारी रखने की मांग करेंगे। वे इससे पहले अक्टूबर 2023 में चीन गए थे। रूस-यूक्रेन जंग के शुरूआती दिनों में ही पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कह चुके हैं कि उनकी आपसी साझेदारी की कोई सीमा नहीं है। जिनपिंग ने मार्च 2023 में मॉस्को का दौरा किया था, तब उन्होंने कहा था कि ये दोनों देशों के बीच नए युग की शुरुआत है। जिनपिंग रूस से सस्ते दामों पर गैस आयात करने और पावर ऑफ साइबेरिया पाइपलाइन के बारे में चर्चा करेंगे। इस पाइपलाइन के जरिए रूस साइबेरिया से मंगोलिया होते हुए चीन को गैस सप्लाई करता है। वहीं, पुतिन इस यात्रा के दौरान यूक्रेन के खिलाफ आधुनिक हथियार और लंबी दूरी वाले ड्रोन की डील करने की कोशिश करेंगे। हालांकि, दोनों देशों ने ऐसी किसी भी बात से इनकार किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और लोगों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, दोनों नेता बातचीत के बाद एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे। दोनों नेता रूस-चीन की 75 सालों की दोस्ती का जश्न मनाते हुए शाही भोज में भी शामिल होंगे। पुतिन ने अपनी यात्रा से पहले यूक्रेन जंग में मदद करने के लिए बीजिंग की इच्छा की सराहना की थी। पुतिन चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मिलेंगे। साथ ही व्यापार और निवेश प्रदर्शनी के लिए पूर्वोत्तर शहर हार्बिन की यात्रा भी करेंगे। चीनी सीमा शुल्क आंकड़ों के मुताबिक, यूक्रेन पर हमले के बाद से चीन-रूस व्यापार में तेजी आई है। वर्ष 2023 में व्यापार 20 लाख करोड़ रुपए हो गया है, लेकिन मार्च और अप्रैल के दौरान रूस को चीनी निर्यात में गिरावट आई।

दुबई में भारतीयों के पास डेढ़ लाख करोड़ की प्रॉपर्टी

दुबई एजेंसी। दुनियाभर के अमीरों में दुबई में प्रॉपर्टी खरीदने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। भारत के 29 हजार 700 लोगों के पास दुबई में 35 हजार प्रॉपर्टीज हैं। इनकी कीमत 1.42 लाख करोड़ रुपए है। सेंटर फॉर एडवांस डिफेंस स्टडीज को मिले डेटा के आधार पर 58 देशों के 74 मीडिया हाउस ने यह रिपोर्ट तैयार की है।

रिपोर्ट को दुबई अनलॉक्ड नाम दिया गया है। इसमें 2020-22 तक दुबई में विदेशियों की संपत्ति की डीटेल साझा की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस लिस्ट सबसे ऊपर भारतीयों का नाम है। संपत्ति के मामले में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान है। यहां के 17 हजार लोग करीब 23 हजार प्रॉपर्टीज के मालिक हैं। इनकी कुल कीमत 91.8 हजार करोड़ है।

मुकेश अंबानी के पास दुबई में 2 हजार करोड़ की प्रॉपर्टीज: सूची में तीसरे नंबर पर ब्रिटेन और चौथे पर सऊदी अरब के नागरिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास दुबई में 2 हजार करोड़ की संपत्ति है। वहीं लुलु ग्रुप के चेयरमैन एमए यूसुफ अली और उनके परिवार के पास 585 करोड़ की प्रॉपर्टी है।

इस लिस्ट में अरबपति गौतम अडाणी के भाई का भी नाम है। इसके अलावा बॉलीवुड स्टार्स जैसे शाहरुख खान, अनिल कपूर और शिल्पा शेट्टी भी दुबई में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 के

आंकड़ों के हिसाब से दुबई में विदेशियों के पास कुल 160 अरब डॉलर की संपत्ति है। इनमें दुनियाभर में भ्रष्टाचार के आरोपी राजनेता, सेलेब्रिटीज, बिजनेसमैन के अलावा ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ तक का नाम इस लिस्ट में शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2014 में अब्दुल गनी माजिद नाम के व्यक्ति ने दुबई का एक पेंटहाउस जरदारी को तोहफे में दिया था। इसकी कीमत तब 2.74 हजार करोड़ रुपए थी। बाद में राष्ट्रपति ने यह संपत्ति अपनी बेटी को तोहफे में दे दी। जरदारी के बेटे और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पास भी दुबई में प्रॉपर्टी है। उनके अलावा नवाज शरीफ के बेटे हुस्सैन नवाज शरीफ, गृह मंत्री मोहसिन नकवी, कई सांसद और विधायक भी दुबई में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। जापानी मीडिया निक्केई एशिया ने दुबई अनलॉक्ड रिपोर्ट के हवाले से बताया कि दुबई में कई आतंकी संगठन के सदस्यों के पास भी लाखों-करोड़ों की संपत्ति है। इनमें हूती विद्रोहियों और लेबनान से ऑपरेट होने वाले हिजबुल्लाह संगठन के सदस्यों का नाम शुमार है।

जून-सितंबर में एक मंच पर होंगे वर्तमान और पूर्व राष्ट्रपति, बाइडन की बहस की चुनौती ट्रंप ने की स्वीकार

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच जून और सितंबर में बहस के लिए आमने-सामने होने वाले हैं। दरअसल, दोनों ही नेता व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हैं। राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप और बाइडन दोनों ने बहस का निमंत्रण स्वीकार किया। पहली बहस 27 जून को सीएनएन और दूसरी बहस 10 सितंबर को एबीसी न्यूज की तरफ से आयोजित की गई है।

राष्ट्रपति जो बाइडन ने पुष्टि की कि उन्होंने बहस के लिए सीएनएन के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, मुझे 27 जून को बहस के लिए सीएनएन की तरफ से निमंत्रण

मिला। मैंने इसे स्वीकार कर लिया। अब ये आपके ऊपर है डोनाल्ड ट्रंप। जैसा कि आपने कहा, कभी भी, कहीं भी। एक अन्य पोस्ट में राष्ट्रपति बाइडन ने कहा, मैंने एबीसी न्यूज के निमंत्रण को भी स्वीकार कर लिया है। बहस 10 सितंबर को आयोजित की जाएगी। ट्रंप का कहना है कि वह अपने परिवहन की व्यवस्था खुद करेंगे। मैं भी अपना विमान लाऊंगा। मैं इसे अगले चार वर्षों तक रखने की योजना बना रहा हूं। एक बार फिर व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने भी निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इस बात की घोषणा करते हुए उन्होंने बाइडन की आलोचना की और उन्हें अमेरिका के इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति बताया। एक्स पर पोस्ट करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, बाइडन के खिलाफ 27 जून को सीएनएन की बहस में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात। वह अमेरिका के इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति है। लोकतंत्र के लिए खतरा। मैंने 10 सितंबर को एबीसी के बहस का निमंत्रण भी स्वीकार कर लिया। डीजेटी आपका धन्यवाद।

इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक वीडियो में अपने प्रतिद्वंद्वी को बहस के लिए चुनौती देते हुए दिखे। उन्होंने कहा, 2020 में डोनाल्ड ट्रंप मुझ से दो बहस हार गए थे। इसके बाद से उन्होंने बहस नहीं की। अब वह ऐसा दिखा रहे हैं, जैसे वह फिर से बहस करना चाहते हैं। बाइडन ने आगे कहा, खैर, मेरा दिन बनाओ दोस्त। मैं इसे दो बार भी करूंगा। इसलिए दिन चुने डोनाल्ड। मैंने सुना कि आप बुधवार को खाली हैं। बाइडन के तंज पर ट्रंप ने भी पलटवार करते हुए उन्हें सबसे खराब बहस करने वाला बताया। ट्रंप ने आगे कहा, वे (बाइडन) दो वाक्यों को एक साथ नहीं बोल सकते। वह अमेरिका के इतिहास का सबसे खटिया राष्ट्रपति है। इसी के साथ उन्होंने बाइडन पर विनाशकारी खुली सीमा नीति, उच्च कर, कमजोर विदेश नीति समेत कई अन्य मुद्दों पर घेरा।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वह दो से ज्यादा बहस के लिए तैयार हैं। बता दें कि नवंबर में बाइडन और ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक दूसरे के आमने-सामने हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129